वर्ष 72 अंक 296 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 24 जुलाई, 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष 15, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

मतपत्र गोली से अधिक शक्तिशाली है।
– अब्राहम लिंकन

## ऑफ बीट

### पति को इम्प्रेस करने के लिए सीखी मराठी



*प्यार की भाषा तो एक होती है, लेकिन जब कोई आपकी मातृभाषा में बोलने की कोशिश करे, वो एहसास कुछ और ही होता है। एक वायरल वीडियो के जरिए एक अमेरिकी महिला भारतीय पति को इम्प्रेस करने के लिए मराठी में बातचीत करती है। वीडियो की शुरुआत में महिला कहती है, मेरे हसबैंड की मदर टंग मराठी है और मैं अब भी इसमें बहुत अच्छी नहीं हूं, लेकिन आज मैंने इसकी प्रैक्टिस की है, इसके बाद वह कैमरे की ओर मुस्कुराते हुए पति से कहती है, शुभ काल। पति की आंखें एकदम चौड़ी हो जाती हैं, जैसे उसने कुछ ऐसा सुन लिया हो, जिसकी उम्मीद नहीं थी, फिर महिला कहती है, कस आहे? और पति मुस्कुराकर जवाब देता है। इसके बाद महिला मराठी में डिनर के बारे में भी पूछती है और आखिर में कहती है, धन्यवाद अनिकेत। ये छोटी वीडियो रील इंस्टाग्राम पर वायरल है। कैप्शन में महिला ने लिखा, मैं परफेक्ट नहीं हूं, लेकिन कोशिश कर रही हूं।*

## बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान, सूची में 20 लाख मृतकों के नाम

# 55 लाख वोटर का नाम कटना तय, 1 लाख मतदाता 'लापता'

**नई दिल्ली/पटना, जेएनएन।** चुनाव आयोग के वोटर लिस्ट रिवीजन के तहत बिहार में करीब 55 लाख मतदाता का नाम कटना तय है। इनमें मृत हो चुके, अन्य जगहों पर शिफ्ट हुए और एक से ज्यादा जगहों पर रजिस्टर्ड वोटर शामिल हैं। आयोग ने बुधवार को कहा, राज्यभर में अभी तक 1 लाख से ज्यादा मतदाता ऐसे हैं, जिनका पता नहीं चल पाया है। ये वोटर रजिस्टर्ड पते पर नहीं पाए गए और उनसे संपर्क के सभी प्रयास भी विफल रहे हैं। आयोग ने कहा कि 23 जुलाई तक वोटर लिस्ट रिवीजन के तहत कुल 7.89 करोड़ वोटर में से 98.01 प्रतिशत कवर किए गए हैं। इसके तहत 55 लाख वोटर का नाम लिस्ट से कटना तय है। इनमें से 20 लाख वोटर ऐसे हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है। 28 लाख स्थायी रूप से दूसरी जगह शिफ्ट हो चुके हैं। वहीं, 7 लाख वोटर का नाम एक से अधिक जगहों पर पाया गया है। इन सभी के नाम सूची से हटाए जाएंगे। दरअसल, मतदाता सूची पुनरीक्षण का अभियान 24 जून से शुरू हुआ था और इसमें अब सिर्फ दो दिन शेष हैं। आयोग का दावा है कि किसी भी वैध वोटर को लिस्ट से बाहर नहीं किया जाएगा। किसी भी अवैध मतदाता को सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। 7.17 करोड़ वोटरों का गणना फॉर्म आयोग के पास आ चुका है और उन्हें ऑनलाइन अपलोड भी कर दिया गया है। आयोग ने अस्थायी रूप से बाहर रह रहे वोटर से अपील की है कि वे वेबसाइट, ईसीआई नेट मोबाइल ऐप पर जाकर गणना फॉर्म भरें।

### पटना से दिल्ली तक संग्रामः संसद में नहीं होगी चर्चा

मॉनसून सत्र में विपक्ष बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और सत्यापन यानी एसआईआर के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार कर रखा है। इस मुद्दे पर पटना से दिल्ली तक सियासी संग्राम छिड़ा है। बिहार में महागठबंधन की अगुवाई कर रहे आरजेडी के साथ ही विपक्षी इंडिया ब्लॉक की पार्टियां इस मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग कर रही हैं। इस मुद्दे पर दो दिन से संसद के दोनों सदन नहीं चल पा रहे हैं। विपक्ष बिहार एसआईआर को वापस लेने की मांग कर रहा है, संसद में चर्चा चाह रहा है। विपक्ष के हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही ठप है। सदन के भीतर और बाहर विपक्षी दल प्रदर्शन कर रहे हैं। अब खबर है कि संसद में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं होगी। सरकार के टॉप सूत्रों का कहना है कि सरकार आयोग की ओर से जवाब नहीं दे सकती।



### 1 अगस्त को संशोधित सूची

विशेष गहन पुनरीक्षण के पहले चरण के बाद 1 अगस्त को मतदाता सूची का मसौदा या संशोधित रूप प्रकाशित होगा। यदि संशोधित मतदाता सूची में कोई त्रुटि है, तो वोटर या दल 1 सितंबर तक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों के पास आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

### दर्ज करा सकते हैं आपत्ति

अगर आपका नाम इस सूची से बाहर हो तो आप आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। यदि आप वोटरलिस्ट में शामिल होने के योग्य हैं तो आपत्तियां प्रस्तावित मतदाता के नाम को मसौदा सूची में शामिल करने या किसी पात्र के नाम को बाहर करने से संबंधित हो सकती हैं।

### चुनाव के बहिष्कार पर चर्चा कर सकता है महागठबंधन

बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण को लेकर राज्य में विपक्षी दलों के बवाल के बीच राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और महागठबंधन के अघोषित सीएम कैंडिडेट तेजस्वी यादव ने विधानसभा चुनाव के बहिष्कार पर विपक्षी दलों के अलायंस में चर्चा की बात से इनकार नहीं किया है। विधानसभा में भी काफी हंगामा हो रहा है और बुधवार को भी विपक्षी सदस्य सदन से बाहर चले गए। तेजस्वी यादव ने बयान में चुनाव बहिष्कार के विकल्प पर विचार के सवाल पर जवाब में कहा-हो सकता है। इस बात पर भी चर्चा हो सकती है। वो हम लोग देखेंगे कि जनता क्या चाहती है और सब लोगों का क्या राय है।



### ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में 28, राज्यसभा में 29 को होगी चर्चा

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों सदनों में बहस के लिए 16-16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। 21 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र में 3 दिनों से विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, बिहार वोटर वेरिफिकेशन जैसे मुद्दों पर हंगामा कर रहा है। दोनों सदनों में एक-आधे घंटे भी कार्यवाही नहीं चल सकी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि सरकार कहती है ऑपरेशन सिंदूर चालू है, जबकि डोनाल्ड ट्रंप बंद कराने का दावा कर चुके हैं। ट्रंप ने 25 बार बोला कि उन्होंने सीजफायर कराया। वो कौन होते हैं बोलने वाले, ये उनका काम नहीं है, लेकिन पीएम मोदी ने इस पर एक जवाब नहीं दिया। ऐसा लगता है दाल में कुछ काला है।

## सुप्रीम कोर्ट में मंत्री शाह के विरुद्ध नई याचिका

**जागरण, जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट में मप्र के मंत्री विजय शाह के विरुद्ध नई याचिका दायर हुई है। यह याचिका कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने दायक की है। याचिका में ठाकुर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़ी कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए बयान को लेकर मंत्री शाह को पद से हटाने की मांग की है। याचिका में कहा है कि मंत्री शाह ने जिस तरह का बयान दिया, वह संविधान के अनुच्छेद 164 (3) के तहत ली गई शपथ के उल्लंघन की परिधि में आता है।



उल्लेखनीय है कि 11 मई को इंदौर के महू में हलमा कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर मंत्री विजय शाह ने विवादास्पद टिप्पणी की थी। इसके बाद देशभर में हंगामा मचा था। पहले हाईकोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट में भी मामला पहुंचा। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# तालाबंदी से सीएम नाराज कोठारी-महेश्वरी को हटाया

### चंद्रमौली पहुंचे सीएमओ, गुप्ता को कुटीर की जिम्मेदारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सिया दफ्तर में तालाबंदी को लेकर सीएम डॉ. मोहन यादव ने बड़ा एक्शन लिया है। पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी और एप्को की कार्यपालन संचालक उमा महेश्वरी आर को पद से हटा दिया है। एमपीआरडीसी के एमडी चंद्रमौली शुक्ला की सीएम सचिवालय में इंट्री हुई है।

सीएम डॉ. यादव के विदेश प्रवास के दौरान सिया चेयरमैन शिवनारायण सिंह चौहान के दफ्तर की तालाबंदी हुई थी। चौहान द्वारा जानकारी लेने पर बताया गया था कि प्रमुख सचिव कोठारी के कहने पर उनके दफ्तर में ताला लगाया था, जिस पर चौहान ने एतराज जताया था और पूरा मामला विदेश पहुंचे सीएम डॉ. यादव के पास पहुंचा था, जिनके निर्देश पर घंटों के बाद चेयरमैन चौहान के कार्यालय का ताला खोल दिया गया। बताया गया था कि सीएम ने नाराजगी जताते हुए ताला खोलने को कहा था। तभी से यह तय था कि विदेश से लौटने के बाद सीएम कोई एक्शन ले सकते हैं। सीएम ने लौटने के तीन दिन बाद दोनों अधिकारियों को हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। ■ शेष पृष्ठ 7 पर



# एक घंटे में 9.4 किमी बाइक रैली, वन विभाग ने खर्च कर दिए 26.43 लाख

### आयोजन में फूंका 6644 लीटर पेट्रोल, 2.36 लाख के 472 हेलेमेट भी खरीदे

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** औबेदुल्लागंज वन मंडल के अंतर्गत रातापानी टाइगर रिजर्व के लोकार्पण कार्यक्रम में भोपाल सामान्य वन मंडल ने एक घंटे के कार्यक्रम में करीब 26.43 लाख फूंक दिए। आयोजन के दौरान विभाग ने सिर्फ 70 लाख 7 हजार 652 रुपए 6644 लीटर पेट्रोल की खरीदी में ही खर्च किए। यही नहीं मोटर साइकिल सवारों के लिए 500 हेलमेट भी खरीदे। हेलमेट की खरीदी 472 रुपए की दर से की गई। इस पर 2 लाख 36 हजार रुपए खर्च किए गए। वहीं 5 हजार लोगों के भोजन-पानी में 11.50 लाख रुपए खर्च किए गए। रैली का आयोजन 13 दिसंबर 2024 को हुआ था,जिसमें सीएम डॉ. मोहन यादव, हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा और फिल्म एक्टर रणदीप हुड्डा भी शामिल हुए थे। खास बात यह है कि आयोजन में खर्च भोपाल सामान्य वन मंडल द्वारा किया गया, जबकि रातापानी टाइगर रिजर्व का ज्यादातर क्षेत्र औबेदुल्लागंज सामान्य वन मंडल के अंतर्गत आता है। कुछ क्षेत्र सीहोर जिले में भी स्थित है। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### वन विभाग द्वारा खर्च की गई यह राशि

आरटीआई से मिली जानकारी के मुताबिक, आयोजन में पेट्रोल, भोजन-पानी, हेलमेट, टैंट सहित अन्य व्यवस्थाओं पर यह राशि खर्च की गई। आधिकारिक जानकारी के बाद मामले की शिकायत सीएम और मुख्य सचिव से की गई है।

| | |
|---|---|
| **पेट्रोल :** 106.51 रुपए की दर से 6644 लीटर पेट्रोल | : 707652 रुपए |
| **भोजन और पानी :** 230 रुपए की दर से 5 हजार प्लेट | : 115000 रुपए |
| **आयोजन** स्थल पर टैंट, फ्लेक्स व अन्य खर्च | : 55000 रुपए |
| **बाइकर्स के हेलमेट :** 472 रुपए की दर से 500 हेलमेट | : 23600 रुपए |
| आयोजन में हुआ कुल खर्च | : 2643652 रुपए |


### जरूरत पड़ने पर पेश करेंगे कागज

आयोजन में अब तक 10 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। कार्यक्रम के अन्य भुगतान होना बाकी है, जो पत्र वायरल हुआ है। वह डिमांड लेटर है, जरूरत पड़ने पर पूरे कागज प्रस्तुत करेंगे।
■ **लोकप्रिय भारती**, डीएफओ भोपाल

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम मोदी ब्रिटेन के लिए रवाना, एफटीए पर नजर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिटेन के एक दिवसीय दौरे पर रवाना हो गए। पीएम की यात्रा के दौरान भारत-ब्रिटेन में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर साइन किए जाने की उम्मीद है, जिससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाई मिलेगी। लंदन में मौजूद भारतीय हाई कमिश्नर विक्रम दोराईस्वामी के मुताबिक यह समझौता अपने आखिरी लीगल फेज में है, जिसमें यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि 6 मई को भारतीय-ब्रिटिश अधिकारियों के बीच हुई बातचीत के आधार पर तैयार किए गए हैं। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के जरिए भारत-ब्रिटेन की कोशिश द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने की है। उम्मीद की जा रही है कि इस समझौते पर गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर की मुलाकात के दौरान आधिकारिक रूप से हस्ताक्षर हो सकते हैं।



### 1,654 करोड़ के फेमा मामले में मिंत्रा की जांच

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईडी ने मिंत्रा डिजाइन्स प्रालि और उसकी संबंधित कंपनियों के खिलाफ 1,654 करोड़ के विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के नियमों का कथित रूप से उल्लंघन के आरोप में जांच शुरू की है। जांच में खुलासा हआ कि मिंत्रा ने एफडीआई नियमों को दरकिनार करने के लिए होलसेल कैश एंड कैरी मॉडल का दुरुपयोग किया और थोक संचालन की आड़ में मल्टी-ब्रांड खुदरा व्यापार में शामिल हो गई। कथित तौर पर मिंत्रा ने अधिकांश सामान अपनी संबंधित इकाई, वेक्टर ई-कॉमर्स प्रालि को बेचे, जिसने फिर उन्हें ग्राहकों को खुदरा बिक्री की, नियमों से बचने सीधे उपभोक्ता बिक्री को प्रभावी ढंग से बांटा। शिकायत में कहा गया है कि मिंत्रा समूह की कंपनियों को सिर्फ 25 फीसदी बिक्री की अनुमति देने वाली शर्तें पूरा करने में विफल रही, और वेक्टर को 100 फीसदी बिक्री करके सीमा पार कर गई।

# ब्रिटिश परिवारों को सौंपे 12 गलत शव

**अहमदाबाद, जेएनएन।** अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों के शव अपनों के पास पहुंच रहे हैं। हालांकि, जो शव पहुंचे हैं, उनमें से 12 की बॉडी बदल दी गई है, ये खुलासा लंदन में पीड़ित परिवारों के वकीलों ने किया है। दावा है कि जब इन शवों की लंदन में जांच कराई गई तो ये किसी और के निकले। एअर इंडिया ने मामले की जांच शुरू की है, लेकिन कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, मामला सामने आने के बाद हम ब्रिटिश अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हालांकि, भारत में अफसरों ने प्रोटोकॉल के तहत ही मृतकों की पहचान की थी।

**भारत सरकार ने कहा, जांच की जा रही है**

हादसे में क्रू मेंबर सहित 269 लोगों की मौत हुई थी। इनमें 52 ब्रिटिश नागरिक थे। हादसे में शवों की शिनाख्त डीएनए के जरिए की गई। लंदन में जांच अधिकारी कोरोनर ने डीएनए मैच किया तो शव किसी दूसरे के निकले। ऐसा एक दो नहीं, बल्कि 12 शवों के साथ हुआ। इसके बाद कई परिवारों ने अंतिम संस्कार कार्यक्रम भी रद्द कर दिया।

## आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ अलकायदा से जुड़े 4 गिरफ्तार

**अहमदाबाद, जेएनएन।** गुजरात एटीएस ने बुधवार को अहमदाबाद में प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) से कथित तौर पर जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया। आतंकवाद निरोधी एजेंसी ने बयान में गिरफ्तारी की पुष्टि की, साथ ही कहा कि एटीएस इस ऑपरेशन के बारे में आगे की जानकारी बाद में देगा। पिछले साल, दिल्ली पुलिस ने झारखंड, राजस्थान और उप्र के सुरक्षा बलों के साथ अल-कायदा से कथित तौर पर प्रेरित एक आतंकी मॉड्यूल का खात्मा किया था। ऑपरेशन में 14 लोगों को पकड़ा गया था, जो कथित तौर पर कई हाई-प्रोफाइल आतंकी हमलों की योजना बना रहे थे। दिल्ली पुलिस के बयान के अनुसार, मौजूदा गतिविधियों के अनुसार, इस मॉड्यूल का नेतृत्व रांची (झारखंड) निवासी डॉ. इश्तियाक कर रहा था और यह देश में 'खिलाफत' की घोषणा करने और गंभीर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में था।

**गुजरात एटीएस की कार्रवाई**

## नीट-यूजीः बिजली गुल पर छात्रों को राहत नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को नीट-यूजी 2025 में बिजली गुल होने से प्रभावित दो छात्रों को काउंसलिंग में शामिल होने की अंतरिम अनुमति से इनकार कर दिया। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और एएस चंदूरकर की बेंच ने कहा कि याचिकाओं पर अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी। इंदौर और उज्जैन के दोनों छात्रों नव्या नायक और एस साई प्रिया ने मप्र हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें री-टेस्ट की मांग खारिज कर दी गई थी। अदालत ने कोई अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। हालांकि, वह मप्र के परीक्षा केंद्रों पर बिजली की भारी कटौती का हवाला देते हुए पुनर्परीक्षा की मांग करने वाले छात्रों के एक समूह की याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया।

## भंडाफोड़ | विदेश में जॉब का 'सपना' दिखाकर लगाई चपत, चला रहा था हवाला रैकेट

# गाजियाबाद में फर्जी दूतावास खोलकर ठगी

**नोएडा, जेएनएन।** उप्र एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने गाजियाबाद के कविनगर इलाके में एक बड़े फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ किया है। यहां केबी-35 नामक आलीशान मकान में फर्जी दूतावास संचालित किया जा रहा था, जिसकी बनावट और साज-सज्जा किसी असली दूतावास से कम नहीं थी। सफेद रंग की इमारत, नीली नंबर प्लेट वाली लग्जरी गाड़ियां, और आलीशन घर के बाहर लगे अलग-अलग देशों के झंडे देखकर कोई भी धोखा खा सकता था कि यह कोई वैध विदेशी दूतावास है।

ठगी का मुख्य आरोपी हर्षवर्धन जैन खुद को वेस्ट आर्टिका, सेबोर्गा, पोलविया और लोडोनिया जैसे माइक्रोनेशन्स का राजदूत बताता था। वह प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति जैसे प्रतिष्ठित पदों पर आसीन लोगों के साथ फर्जी तस्वीरें लगाकर खुद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली साबित करता था। आरोपी हर्षवर्धन विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करता था। शेल कंपनियों के जरिए वह हवाला कारोबार भी चला रहा था।



अलीशान फर्जी दूतावास। आरोपी हर्षवर्धन जैन।

### छापेमारी में क्या-क्या मिला?

एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की कार्रवाई में भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज और संदिग्ध सामग्री बरामद की गई है। इसमें डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट लगी 4 लग्जरी गाड़ियां, माइक्रोनेशन्स के 12 डिप्लोमैटिक पासपोर्ट, 18 डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट, विदेश मंत्रालय की मोहर वाले दस्तावेज, कई देशों और कंपनियों की नकली स्टाम्प, 44.70 लाख कैश और विदेशी मुद्रा, सेटेलाइट फोन शामिल हैं। आरोपी की गाड़ियां फिलहाल कविनगर थाने में खड़ी हैं।

### आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास

पता चला है कि 2011 में हर्षवर्धन पर पहले भी केस दर्ज हो चुका है। उससे सेटेलाइट फोन बरामद हुआ था, उसके संबंध चंद्रास्वामी व अंतरराष्ट्रीय हथियार डीलर अदनान खशोगी से भी रहे हैं।

### पूछताछ जारी, गैंग की तलाश

फिलहाल हर्षवर्धन जैन से पूछताछ की जा रही है। एसटीएफ यह पता लगाने में जुटी है कि यह पूरा रैकेट अकेले हर्षवर्धन जैन चला रहा था या इसके पीछे कोई संगठित गैंग भी शामिल है।

### इस तरह करता था ठगी और दलाली

पुलिस ने बताया कि आरोपी जैन ने प्रभाव जमाने माइक्रोनेशन्स (स्वघोषित देशों) का सहारा लिया। वर्ष 2012 में सेबोर्गा नामक एक माइक्रोनेशन ने उसे एडवाइजर नियुक्त किया। 2016 में वेस्ट आर्टिका ने अवैतनिक एम्बेसडर बनाया। पोलविया और लोडोनिया नामक अन्य माइक्रोनेशन्स ने भी उसे 'राजनयिक' पद दिया। इन तथाकथित पदों का इस्तेमाल कर हर्षवर्धन ने लोगों को विदेशों में काम दिलाने का झांसा देकर मोटी रकम वसूली।



# दस्तक अभियान को लेकर हुई आवश्यक बैठक

## गहराई रही बिजली की समस्या

जागरण, सतना

बारिश के मौसम में हर वर्ष संक्रमण बढ़ते हैं और उससे नव निहाल ही सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं जिसको गंभीरता से लेते हैं हुए अनुविभागीय अधिकारी आर एन खरे की अध्यक्षता में रामपुर बघेलान बीएमओ द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में महिला बाल विकास समाजसेवी एवं शिक्षा विभाग के साथ स्वास्थ्य विभाग के लोग बैठक में सम्मिलित रहे। जिसमें इस महत्वपूर्ण बैठक में बी एम ओ राघवेंद्र सिंह गुर्जर ने बारिश के मौसम में आने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए सब के सहयोग की अपेक्षा की जिस पर अनुविभागी अधिकारी आर एन खरे ने सभी विभागों को गंभीरता से इस मुश्किल समय में हर संभव प्रयास करते हुए सहयोग करने के लिए निर्देशित किया।

बिजली न होने से परेशान होते हैं नौनिहाल



बैठक में उपस्थित महिला बाल विकास रामपुर बाघेलान की सीडीपीओ स्वेता जुनेजा ने दक्षिणी क्षेत्र में बिजली की समस्या को रखते हुए कहा कि जहां पर आंगनवाड़ी केंद्र में नव निहाल बच्चे बैठते हैं वहां पर बिजली की सबसे ज्यादा समस्या बनी हुई है और इस भीषण गर्मी में भी वहां विद्युत सप्लाई उपलब्ध नहीं है। साथ ही जो आंगनवाड़ी भवन बने हैं वह अभी तक हैंडोवर नहीं हुए जिन्हें शीघ्र हैंडओवर करा कर शासकीय भावनाओं में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित कराने का आग्रह किया जिससे नव निहाल सुरक्षित रह सकें।

**जले हैं दर्जनों ट्रांसफार्मर :** बिजली की समस्या को उजागर करते हुए जनपद सदस्य नंद किशोर पटेल ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र एवं गांव में लो वोल्टेज की सबसे ज्यादा समस्या रहती है ग्राम पंचायत देवरीए तालाब के पासए हरिजन बस्ती एसेमरा के साकेत बस्तीए असरार बीदा में दर्जनों ट्रांसफार्मर जले हुए हैं जिसकी आवाज कई बार उन्होंने उठाई है मगर बिजली विभाग सुनने का नाम नहीं लेता जिसके कारण बरसात के मौसम में हर जगह विषैले जीव निकलते हैं और आये दिन घटनाएं होती रहती है।

## कलेक्टर मैहर ने बैठकों के निर्धारित किये दिवस

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में माह के प्रत्येक बुधवार को होने वाली टीएल बैठक के बाद विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक के दिवस भी निर्धारित किये हैं। इसके अनुसार प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को टीएल की बैठक के बाद जिला स्वास्थ्य समिति, महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा होगी। द्वितीय बुधवार को टीएल के बाद जल जीवन मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि विभाग, सहकारिता, पशुपालन एवं डेयरी तथा उद्यानिकी विभाग, तीसरे बुधवार को सीईओ जिला पंचायत, जनपद पंचायत, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्राम सडक, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पीआईयू, एमपीआरडीसी तथा हाउसिंग बोर्ड की गतिविधियों की समीक्षा बैठक टीएल के बाद आयोजित होगी। कलेक्टर द्वारा प्रत्येक माह के तृतीय शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से राजस्व अधिकारियों की बैठक ली जायेगी।

## सीडीपीओ ने किया पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

सतना। रामपुर बाघेलान सी डी पी ओ स्वेता जुनेजा ने पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया जहां पर भर्ती बच्चों की माताओं से मिलकर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र में मिलने वाली सुविधाओं से अवगत हुई साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की माताओं को उनके डाइट के विषय के साथ खराब मौसम के चलते उन्हें उबला पानी पिलाने की सलाह दी और इंफेक्शन से बचने के लिए उन्हें साफसुथरे कपड़े पहनाने की बात कही इस अवसर पर फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर किरण सोनी स्टाफनर्स लक्ष्मी कुशवाहा उपस्थित रहीं।

# समन्वय सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ



**जागरण, सतना।** समन्वय परिवार सेवा ट्रस्ट द्वारा निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं रक्तचाप तथा शुगर की जांच के लिए समन्वय सेवा केंद्र का शुभारंभ महामंडलेश्वर अखिलेश्वरा नन्द गिरि द्वारा औद्योगिक क्षेत्र स्थित केसरवानी दाल मिल परिसर में किया गया जो नियमित रूप से इसी स्थान पर चलेगा । इस अवसर पर बृक्षारोपण भी किया गया । समन्वय सेवा केंद्र के संयोजक लखन लाल केसरवानी ने बतलाया की पीड़ित मानव की सेवा के लिए सेवा बस्ती के मध्य जहां इसकी अत्यंत आवश्यकता है इसीलिए समन्वय सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया है ,यहां नगर के प्रतिष्ठित एवं विभिन्न रोग के स्पेशलिस्ट चिकित्सकों द्वारा प्रति सप्ताह शनिवार को अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक निःशुल्क सेवाएं दिया जाएगा आगे भविष्य में शीघ्र ही यह सेवाएं नियमित प्रतिदिन प्रदान किया जाएगा। सेवा केंद्र के शुभारम्भ के साथ ही 48 मरीजों की जांच की जाकर परामर्श दिया गया तथा रक्तचाप एवं शुगर की निःशुल्क जांच की गई जिसमें डॉण् मानिक गुप्ता ऑर्थोपेडिक्स , विक्रम सिंह एम डी डॉ बी के गांधी चाइल्ड स्पेशलिस्ट , डॉ दीपक सोई , डॉ श्रीकांत शुक्ला, डॉ मनीषा सोई गाइनोलॉजिस्ट एवं डॉ श्वेता सिंह गाइनोलॉजिस्ट ने अपनी सेवाएं दिया इस अवसर पर प्रमुख रूप से महापौर योगेश ताम्रकार,मणिकांत माहेश्वरी, रमेश जैन, कमलजीत सिंह सेठी, मनविंदर ओवेराय, नंदकिशोर पांडे, सागर गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, रामजी गुप्ता, विपिन सिंह, त्रिलोकी नाथ केशरवानी, विजय गुप्ताए बबलू श्रीवास्तव, अरुण पांडे, अभिजीत गुप्ता, मोहनलाल गुप्ता, बिहारी लाल अग्रवाल, जगदीश कश्यप, जगदीश गुप्ता सुरेश केसरवानी किरण केसरवानी पलक केसरवानी, सत्यम केसरवानी, शिवम केसरवानी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे तथा सेवा बस्ती के बहुत से लोगों ने उपस्थित होकर चिकित्सकीय लाभ लिया।

# 51 ग्राहकों को समारोहपूर्वक सौंपी गई एक्सयूवी 3 एक्सओ की चाबियां




**जागरण, सतना।** मंगलवार को महिंद्रा एंड महिंद्रा की एक्सयूवी 3 एक्स ओ रेवेक्स की चाबियां 51 ग्राहकों को समारोहपूर्वक सौंपी गईं। ग्राहकों को चाबियां महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाइस प्रेसिडेंट पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में ओम रिसॉर्ट में आयोजित एक समारोह में सौंपी गईं। समारोह के पूर्व स्टार ग्रुप के चेयरमैन रमेश सिंहए डायरेक्टर दुष्यंत सिंह व रेवत सिंह ने वाइस प्रेसिडेंट पवन कुमार का आत्मीय स्वागत किया। वाइस प्रेसिडेंट पवन कुमार ने इस दौरान महिंद्रा एंड महिंद्रा की ऑटोमोबाइल्स के क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचने की यात्रा पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। वाइस प्रेसिडेंट श्री कुमार ने इस अवसर पर महिंद्रा के वाहनों की विशेषता व विभिन्न वेरिएंट्स की जानकारी देते हुए बताया कि कस्टमर सर्विस की उत्कृष्टता व वाहनों के सेफ्टी फीचर्स ने ग्राहकों के बीच महिंद्रा के वाहनों के प्रति भरोसा बढ़ाया है। यही कारण है कि महिंद्रा एंड महिंद्रा आज देश के वाहन प्रेमियों के बीच सबसे भरोसेमंद नाम बनकर सामने है। कार्यक्रम में महिंद्रा एंड महिंद्रा के जीएम सेल्स गौरव ब्यौहर आरएसएस तबरेज अंसारी एसएम सेल्स श्रीकांत रायए अभिषेक शर्मा के अलावा स्टार ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट रामायण प्रसाद शुक्ल मौजूद रहे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार भी अतिथि के तौर पर पहुंची और एक्सयूवी की खरीदी भी की। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप अरोरा ने किया। महिन्द्रा के वाइस प्रेसीडेंट पवन कुमार ने बताया कि महिन्द्रा पिछले 75 सालों से देश के वाहन प्रेमियों के बीच भरोसेमंद बनी हुई हैए जबकि स्टार ग्रुप 40 सालों से कम्पनी के नार्म्स का पालन करते हुए उपभोक्ताओं के बीच विश्वसनीय बना हुआ है। स्टार ग्रुप के चेयरमैन रमेश सिंह ने महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के वाइस प्रेसीडेंट पवन कुमार की भव्य आगवानी की। इस दौरान समूचा आयोजन स्थल ढोल.नगाड़ों की आवाज से गूंजता रहा। इस अवसर पर स्टार ग्रुप के चेयरमैन श्री सिंह ने महिन्द्रा कम्पनी की ओर से कार्यक्रम में शिरकत करने आए कम्पनी पदाधिकारियोंए शहर के गणमान्य अतिथियों व ग्राहकों का आभार जताते हुए कहा कि स्टार ग्रुप की यह यात्रा आपके विश्वास से ही संभव हो सकी है।

## नगदी समेत लाखों का सामान पार

**सतना।** कोठी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मौहार में बीती रात हीरामन सिंह के घर में चोरों ने धाबा बोल दिया और 20 हजार की नगदी समेत सोने चांदी के लाखों के गहने पार कर दिएए घटना की जानकारी कोठी पुलिस को दी गई और कोठी पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है हीरामन सिंह के पुत्र दीपू द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बीती रात घर में सोते वक्त अज्ञात चोरों ने धाबा बोल दिया और रात में सो रहे घर के लोगों का फायदा उठाकर लाखों का सामान पार कर दियाए सुबह जब हुई तो घर वालों को पता चला एबताया गया कि घर के पीछे खेत में बिखरा हुआ सामान पड़ा था और पेटी में रखे करीब 4 लख रुपए कीमत के सोने चांदी के गहने एवं 20000 चोर ले उड़े बाकी सामान को छोड़ दिया पुलिस ने मौका मुआवजा किया और चोरों की तलाश में जुट गईए परंतु इतना जरूर है कि जब से कोठी में आईपीएस मनीष भारद्वाज ने कोठी थाने का प्रभार छोड़ा है तब से अपराधों की बारिश आ गई है जगह.जगह शराब एवं गांजा तस्कर फल फूल रहे हैं और चोर बेखौफहै पिछले दो.तीन महीनो के अंदर कोठी थाना अंतर्गत कई बड़ी.बड़ी चोरियां हो चुकी हैं जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा सिर्फएक दो को छोड़ दिया जाए।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अमृत पार्क में पौधारोपण




**सतना।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने एवं वृक्षारोपण को मातृत्व के भाव से जोड़ने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा श्एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 23 स्थित अमृत पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर योगेश ताम्रकार , राजेश चतुर्वेदी अध्यक्ष निगम अधिकारीगण एवं टीम की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को अधिक से अधिक पौधारोपण हेतु प्रेरित किया गया।

**मोहल्ला सभा एवं जागरूकता कार्यक्रम :** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत मोहल्ला सभा का आयोजन कर नागरिकों को होम कंपोस्टिंग प्लास्टिक प्रतिबंध एवं 4 बिन प्रणाली के प्रति जागरूक किया गया। नगर निगम की प्म्ब् टीम द्वारा लोगों को गीले.सूखे कचरे के पृथक्करण घरेलू खाद निर्माण तथा सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई।

**नालंदा पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम :** श्स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत

## महापौर ने नाली निर्माण का किया भूमि पूजन



**सतना।** नगर निगम सतना द्वारा नगर में किये जा रहे निरन्तर विकास के कार्यो के अनुक्रम में 23 जुलाई को वार्ड क्रमांक 14 अंतर्गत अंबेडकर पार्क के समीप नाली निर्माण कार्य लागत राशि रू 49.29 लाख का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर योगेश ताम्रकार ,महापौर नगर पालिक निगम सतना, अध्यक्षता राजेश चतुर्वेदी पालन, वार्ड क्र 14 पार्षद तिलक राज सोनी , वरिष्ठ समाजसेवी , ब्रिजकिशोर गुप्ता मनीष वर्मा सहायक यंत्री नगर पालिक निगम सतना के साथ बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

## कोरगवां गांव में चरवाहों की मनमानी से परेशान किसान

**सतना।** सोहावल ब्लॉक अंतर्गत कोरगवां गांव के किसान इन दिनों चरवाहों की मनमानी से परेशान हैं किसानों का आरोप है कि कुछ चरवाहे अपनी बकरियों को खुलेआम खेतों में छोड़ देते हैंए जिससे मूंगए तिलीए अल्हड़ जैसी फसलें बर्बाद हो रही हैं जब किसान आपत्ति जताते हैंए तो उन्हें धमकाया जाता है आरोप है कि यदि कोई अधिक विरोध करता है तो उसे झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी दी जाती है ग्रामीणों ने यह भी बताया कि चरवाहे अपनी पत्नी और बेटियों को खेतों में भेजते हैंए जो फसलों को नुकसान पहुँचाती हैं।

# नशे के विरूद्ध पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## मैहर एसपी ने दिलाई शपथ




**जागरण, सतना।** पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी अभियान अंतर्गत मैहर जिले में नशामुक्ति हेतु लगातार विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में लोक मान्य तिलक विद्यालय पुरानी बस्ती मैहर में मानवाधिकार सुरक्षा संगठन भारत महिला जिला इकाई मैहर की टीम के सहयोग से पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल की उपस्थिति में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । उक्त कार्यक्रम मे पुलिस अधीक्षक ने नशे से होने वाले दुष्परिणामों को बताते हुए समाज के हर वर्ग के लोगों को नशे से दूर रहने एवं संपर्क में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को नशा न करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा । पुलिस अधीक्षक ने नशे के दुष्परिणमो को दिखाने वाले बच्चो के द्वारा तैयार किये गए पोस्टरो का अवलोकन किया बच्चो ने गीत और नुक्कड नाटक के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दिया । अंत मे सभी उपस्थित जनो को नशे से दूरी बनाए रखने की शपथ दिलाई गई । उक्त कार्यक्रम मे निरीक्षक अनिमेष दिवेदी, निरीक्षक विजय त्रिपाठी,निरीक्षक महेन्द्र मिश्रा ,एस आई लक्ष्मी बागरी , आरक्षक संजय सिंह मुकेश दिवेदी, वार्ड पार्षद अर्चना चौरसिया, रवि शंकर सोनी , विनोद चौरसिया ,मानवाधिकार सुरक्षा संगठन मैहर की जिलाध्यक्ष शोभा मिश्रा सहित पूरी मानवाधिकार टीम एलोक मान्य तिलक विद्यालय के स्टाफ,बच्चे एवं स्वयं सहायता समूहो के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी द्वारा अल्ट्राटैक फैक्टरी मैहर में जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम लोगों को नशे से दूरी बनाए रखने की शपथ दिलाई। थाना बदेरा , रामनगर,अमरपाटन एव अमदरा पुलिस के द्वारा भी स्कूलोंए थाना परिसर एव सार्वजानिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## सरकारी व निजी नौकरियों की तैयारी हेतु छात्रों के लिए सक्षम क्लास का उद्घाटन

**सतना।** बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड यूनिट सतना सीमेन्ट वर्क्स अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति सदैव कटिबद्ध है। इसी के परिपालन में संस्थान द्वारा समय.समय पर अनेकों सामाजिक एवं विकास कार्यो का निष्पादन किया जाता रहा है। 23 जुलाई को सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत सरकारी एंव निजी नौकरियो की तैयारी हेतु छात्रों को तैयार करने के लिए सक्षम क्लासेस का उदधाटन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कौशल मिश्रा यूनिट हेड आरके गिरी एचआर हेड रणजीत प्रसाई सीएसआर क्लस्टर हेड एवं विजय चैबे सीएसआर मैनेजर अनामिका सिहं सीएसआर एवं प्रजायत्न एवं गुरुकुलम संस्था के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सबसे पहले मुख्य अतिथि ने फीता काट कर सक्षम क्लासेस का उद्घाटन किया तथा मां सरस्वती की वन्दना की। समिति द्वारा सक्षम क्लासेस के बारे में बिस्तार से बताया गया। इस कोचिंग कार्यक्रम में 35.40 छात्रों को शामिल किया जायेगा जिन्हें सरकारी एवं निजी श्रेणी के विषयात्मक परीक्षाओं जैसे गणित, रेलवे, आर्मी, पुलिस आदि के लिए आवश्यक कक्षाएं एवं निर्देश दिये जायेंगे। सामान्यत यह छात्र बिरला फैक्ट्री एवं माइंस के आस.पास के एवं सतना क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी भागों से चुने जायेंगे, जिससे स्थानीय वर्ग के युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

## बस ऑपरेटर्स की बैठक आयोजित, वर्षा ऋतु में वाहन संचालन हेतु सतर्कता बरतने के निर्देश



**जागरण, डिंडोरी।** बुधवार को जिला परिवहन कार्यालय में परिवहन विभाग एवं श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले के सभी बस ऑपरेटर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी ने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी वाहन चालकों को सुरक्षा एवं सतर्कता के साथ वाहन संचालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कें फिसलनभरी होने के कारण दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ जाती हैं, ऐसे में सावधानी अत्यंत आवश्यक है। बैठक में श्रम पदाधिकारी द्वारा मोटर यातायात श्रमिक अधिनियम 1961 की जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने बताया कि अधिनियम के अंतर्गत संचालित बसों के चालकों, परिचालकों एवं अन्य कर्मियों को श्रमिक के रूप में पंजीयन कराना अनिवार्य है। सभी मोटर यातायात श्रमिकों को संबल योजना एवं ई.श्रम पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु भी प्रेरित किया गया ताकि वे राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में बस ऑपरेटर्स चालक-परिचालक संघ के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उचेहरा नगर परिषद की अव्यवस्थाओं को लेकर डॉ रश्मि सिंह ने कांग्रेस प्रतिनिधि मण्डल के साथ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सतना।** ऊंचेहरा नगर परिषद में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर डॉक्टर रश्मि सिंह ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ ऊंचेहरा एसडीएम ज्ञापन सौंपा। ऊंचेहरा प्रतिनिधिमंडल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एड लालबहादुर सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरीश ताम्रकार, पार्षद रंगी ताम्रकार, पूर्व पार्षद मुबारक अली, उमेश गौतम, महेश शर्मा,आदित्य प्रताप सिंह, रामनरेश सिंह एवं रिशु समदरिया रहे। ज्ञापन में डॉक्टर रश्मि सिंह नें ैक्ड से चर्चा कर कहा कि उचेहरा की आराजी क्रमांक 604/1 रकवा अशंभाग 0.3344 हेण्में नदी गहरीकरण के नाम पर मिट्टी बालू निकालकर इस भाग में नगरपरिषद् ऊंचेहरा द्वारा मिट्टी बालू डालकर समतली करण गया व टैक्सी स्टैण्ड का बोर्ड भी नगर परिषद उचेहरा द्वारा लगाया गया जबकि नगर परिषद को उक्त भूमि आजतक भी आवंटित नही हुई है। नगर परिषद उचेहरा द्वारा प्रस्तावित टेक्सी स्टैंड आ080 604/1 खत्रा अशंभाग 0.3344 हे0 राजमार्गका 011 के किनारे तरफ स्थित हैए जो किसी भी प्रकार से उचित नही है। टैक्सी स्टैण्ड बन जाने से राजमार्ग पर भीड.भाड़ होने से आये दिन दुघर्टनाये होने की सम्भावना हमेशा बनी रहेगी। माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में भी प्रकरण लंबित है जिससे नगरपरिषद.उचेहरा को 604/1 के अशंकना 0.3344 हे0 में स्टैण्ड निर्माण हेतु भूमिका आवंटन किसी भी हालत में नहीं किया जाना चाहिये। इनके विरुद्ध धारा 248 की कार्यवाही निरस्त हो चुकी है। उक्त आराजी में टैक्सी स्टैंड ना बनाए जाकर अन्यत्र कही बनाना न्यायहित होगा। एसडीएम द्वारा उचित कार्यवाही की बात कही गई।

## प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी

**जागरण, सतना।** तहसील रामनगर अंतर्गत ग्राम खारा पोस्ट बडा इटमा के आवेदक वृन्दावन मिश्रा द्वारा जनसुनवाई में शिकायत की गई है कि हल्का खारा में प्रतिवेदित शासकीय आराजी नम्बर 390 के अंशभाग पर प्राचार्य राजू साकेत द्वारा अवैध मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है। अपर कलेक्टर मैहर शैलेन्द्र सिंह ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडा इटमा न्यू रामनगर के प्राचार्य राजू साकेत को नोटिस जारी करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाकर अपनी रिपोर्ट 3 दिवस में कार्यालय में समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## घटिया निर्माण और पंचायत प्रबंधन की लापरवाही के कारण ग्राम जमुनया का पुल हुआ क्षतिग्रस्त



**खजुराहो।** जनपद पंचायत राजनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौबर के ग्राम जमुनया का स्टॉप डेम कम पुल घटिया निर्माण और ग्राम पंचायत प्रबंधन की लापरवाही के कारण क्षतिग्रस्त होकर बड़ा हिस्सा बह गया,उक्त पुल समूचे ग्राम वासियों के निकलने का एक मात्र साधन मार्ग था,जो अब क्षतिग्रस्त हो जाने से परेशानी का कारण बन गया है,गौरतलब है कि ग्राम पंचायत चौबर घटिया निर्माण के कारण सुर्खियों में रहा है,ग्रामवासियों के अनुसार उक्त पुल के गेटों को पर पंचायत के इंजीनियर के निर्देश पर गेटों को गिट्टी सीमेंट से भर दिया गया था,फलस्वरूप तेज बारिश के कारण उक्त पुल क्षतिग्रस्त होकर बह गया, ग्रामवासी परशुराम तिवारी ने बताया की बच्चियों के स्कूल जाना बंद हो गया है कोई बीमार व्यक्ति हो जाए तो एंबुलेंस नहीं पहुंच सकती है,अगर बारिश ज्यादा हुई तो गांव में पानी घुसने की भी आशंका बन गई है गांव के लोग डरे सहमे हैं, ग्रामवासियों की शिकायत पर पंचायत सचिव चंद्र प्रकाश पटेल ने मौके का निरीक्षण किया और जनपद पंचायत राजनगर के सी.ई.ओ.राकेश शुक्ला को अवगत कराया,वहीं ग्रामवासियों ने राजनगर एसडीएम प्रशांत अग्रवाल को इसकी जानकारी दे दी,सीईओ राकेश शुक्ला ने उक्त पुल को जल्द दुरुस्त करवाने का आश्वासन दिया,ग्रामवासियों ने तुरंत कार्यवाही की मांग की है।

# नशा छोड़ो जीवन संवारो डिण्डौरी जिले में नशा मुक्ति अभियान के तहत जनजागरूकता की अनूठी पहल




**जागरण, डिण्डौरी।** जिले में नशा मुक्ति अभियान को लेकर एक सशक्त जनजागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, पुलिस विभाग एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को नशे की लत से दूर रखना एवं एक स्वस्थ समाज की नींव रखना है।

### मैराथन से जागरूकता की दौड़

अभियान की शुरुआत एक प्रेरणादायक मैराथन दौड़ से हुई, जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय डिण्डौरी से प्रारंभ होकर थाना यातायात परिसर तक संपन्न हुई। इस आयोजन में थाना यातायात प्रभारी श्री सुभाष उईके, रक्षित केंद्र प्रभारी कुंवर सिंह, कोतवाली प्रभारी श्री दुर्गा प्रसाद नगपुरे, पुलिस बल एवं खेल विभाग से चेतराम अहिरवार, आरती सौधिंया सहित बालिका छात्रावास की छात्राएं सम्मिलित हुईं। मैराथन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर नशा मुक्त हस्ताक्षर अभियान के तहत सभी ने नशा न करने की शपथ ली।

**विद्यालयों में संवाद एवं शपथ :** थाना शहपुरा के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा में विद्यार्थियों के साथ संवाद कर नशे के सामाजिक, मानसिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई एवं नशा न करने की शपथ दिलाई गई। चौकी विक्रमपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बतोंधा में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौकी अमरपुर के माध्यमिक शाला स्कूल मोहनझिर में विद्यार्थियों को नशा के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। थाना करंजिया में कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय करंजिया में लगभग 150 छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं पुलिस बल की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। चौकी गोपालपुर में चौकी प्रभारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की आम जनता को नशा मुक्ति हेतु जागरूक करने पर विचार–विमर्श किया गया।

### अभियान का संदेश

इस पूरे अभियान का उद्देश्य केवल कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि जन-जन तक यह संदेश पहुँचाना है कि नशा से मुक्ति ही सच्ची स्वतंत्रता है। पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग एवं समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता ने इस अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाया।

# घरेलू सिलेण्डर का सड़क कार्य में हो रहा उपयोग



जागरण मनमानी

## राजमार्ग रीवा-ब्यौहारी में सड़क निर्माण गाबर कंपनी की मनमानी

## भरतपुर-कपुरी में सड़क के गड्ढों को भरने के कार्य में घरेलू सिलेण्डर का इस्तेमाल





**जागरण, सीधी**

गावर कम्पनी द्वारा राजमार्ग रीवा-ब्यौहारी में सड़क कार्य में गड्ढों को भरने में घरेलू सिलेण्डर का इस्तेमाल किया जा रहा है। राजमार्ग रीवा से ब्यौहारी एमपीआरडीसी सडक निर्माण संविदाकार गावर कांस्ट्रेक्शन कम्पनी गुरूग्राम हरियाणा द्वारा सीधी जिले के बघवार के पास भरतपुर-कपुरी में सड़क का कार्य किया गया था। हैरत की बात यह है कि निर्माणाधीन सड़क में पहली तेज बरसात में ही जगह-जगह गड्ढे निर्मित हो गये। गड्ढों को भरने के लिये अब कम्पनी द्वारा डामर और गिट्टी का उपयोग कर पैच लगाया जा रहा है। जिस स्थान में सड़क में गड्ढे हुये हैं वहां पर डामर को पिघलाने के लिये कम्पनी के नुमाइंदे सड़क पर खुलेआम रसोई गैस सिलेण्डर का उपयोग करके बड़ी भत्रा में डामर को पिघलाने का कार्य किया जा रहा है। रसोई गैस का उपयोग व्यवसायिक कार्य में करने का फोटो कैमरे में कैद किया गया है। दरअसल घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि इससे कई समस्याएं भी हो सकती हैं। सुरक्षा, कालाबाजारी और राजस्व के नुकसान जैसी समस्याओं से बचने के लिये व्यवसायिक उपयोग के लिये हमेशा व्यवसायिक गैस सिलेण्डर का उपयोग करना चाहिये। किन्तु कम्पनी द्वारा सड़क में पैच लगाने के कार्य में खुलेआम सड़क पर रसोई गैस सिलेण्डर रखकर बड़ी भट्ठी में डामर पिघलाने का कार्य कराया जा रहा है। घरेलू गैस सिलेण्डर कर व्यवसायिक उपयोग के लिये डिजाइन नहीं किये गये हैं और इनका अधिक दबाव में उपयोग करने से सुरक्षा खतरे में हो सकती है।

> बरसात के दौरान सड़क में कुछ जगह हुए छोटे-छोटे गड्ढों को भरने का कार्य कराया गया है। जिससे आवागमन में लोगों को समस्या और दुर्घटना का सामना ना करना पड़े। जहां तक उक्त सड़क सुधार कार्य में घरेलू सिलेंडर के उपयोग का है तो बरसात में कम्पनी का डामर प्लांट बंद था ऐसे में डामर को गर्म करने के लिए निजी घरेलू सिलेंडर का उपयोग किया गया। इसे व्यवसायिक उपयोग नही कहा जा सकता है। घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग होटल इत्यादि में माना जाता है।
>
> **नीतेश झा महाप्रबंधक**
> **गावर कांस्ट्रेक्शन कम्पनी लिमिटेड**

> भरतपुर-कपुरी में सड़क के पैच कार्य में डामर पिघलाने के लिये संविदाकार गावर कांस्ट्रेक्शन कम्पनी के लोग रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग यदि कर रहे हैं तो इसकी जांच इंस्पेक्टर के माध्यम से करायी जायेगी। ऐसा मिलने पर आवश्यक कार्यवाई सुनिश्चित की जायेगी।
>
> **नागेन्द्र सिंह,**
> **जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी सीधी**

### सड़क निर्माण में गुणवत्ता की खुलेआम अनदेखी

राजमार्ग रीवा से ब्यौहारी एमपीआरडीसी सड़क का निर्माण संविदाकार गावर कांस्ट्रेक्शन कम्पनी गुरूग्राम हरियाणा को मिला था। कम्पनी द्वारा सीधी जिले के बघवार के पास भरतपुर-कपुरी में सड़क का निर्माण कार्य करने के दौरान गुणवत्ता को पूरी तरह से नजर अंदाज किया गया है। लिहाजा पहली तेज बारिश के दौरान ही नवनिर्मित सड़क में जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गये। इन गड्ढों को छिपाने के लिये अब कम्पनी द्वारा डामर का उपयोग कर पैच लगवाने का काम किया जा रहा है।

### संविदाकार की मनमानी पर प्रशासन करेगा कार्यवाही

संविदाकार गावर कांस्ट्रेक्शन कम्पनी गुरूग्राम हरियाणा धनकुबेर के नाम से जानी जाती है। इसी वजह से एमपीआरडीसी सड़क के सीधी जिले के बघवार के समीप भरतपुर-कपुरी में कार्य करने के दौरान सड़क निर्माण के निर्धारित सभी मापदंडों की खुलेआम अनदेखी की गई। नतीजन निर्माण के साथ ही सड़क जगह-जगह से उखड़ना शुरू हो गई।

# मारपीट के आरोपी को 1 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

**जागरण, सीधी।** मारपीट के आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी की न्यायालय के द्वारा 1 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। बताया गया कि दिनांक 15 जुलाई 2020 को फरियादी कुसुमकली अगरिया पति राजकरण अगरिया ने थाना बहरी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि अभियुक्त बाकेलाल ने खेत में मवेशियों के घुसने की बात को लेकर फरियादी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट किया। फरियादी की शिकायत पर थाना बहरी में अपराध क्रमांक 271/2020 अंतर्गत धारा 294, 323, 234, 325, 506 भादवि पंजीबद्ध किया गया एवं मामला विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय सीधी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन प्र.क्र. 1811/2020 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती पूजा गोस्वाामी के द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया।


## कार्यालय नगर परिषद चुरहट जिला-सीधी (म.प्र.)

Mail id- cmomaiholisidhi@mpurban.gov.in

क्र./1173/न.प./निर्माण/2025 चुरहट, दिनांक 21/7/25

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण **https://www.mptenders.gov.in/** पर देखा जा सकता है:-

| क्र. | आनलाइन निविदा क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | 1. कार्य की समयावधि 2. कार्य की लागत | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **2025_UAD_437774_1 Date- 17.07.2025** | अमृत 2.0 योजनान्तर्गत घुघुआ तालाब में पार्क निर्माण कार्य। | 06 माह Rs, 19,10,000=00 | Rs. 2,000 Rs. 14,500 | 01.08.2025 |

शर्तें

01. ई-निविदा प्रपत्र देना **https://www.mptenders.gov.in** पर ऑन लाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा।

02. निविदा में संशोधन की सूचना वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी, समाचार पत्र पर संशोधन की सूचना प्रकाशित नहीं की जावेगी।

03. संभागीय अधीक्षण यंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास रीवा संभाग रीवा का पत्र कमांक 424 रीवा दिनांक 23.02.2024 अनुसार दिशा निर्देश का पालन किया जाएगा।

04. कार्य के देयक भुगतान पूर्व सविदाकार को कांक्रीट कार्य का शासकीय इंजीनिरींग कालेज से कोर कटिंग टेस्ट रिपोर्ट प्राप्त कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिर्वाय होगा।

05. ऐसे संविदाकार जिनके द्वारा टेण्डर अवार्ड होने पर समयावधि में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से अनुबन्ध निष्पादित नहीं किया गया है तथा ऐसे सविदाकार जो अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में किसी कार्य हेतु अनुबंधित है एवं उनके द्वारा कार्यादेश की समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, ऐसे संविदाकार निविदा प्रकिया में भाग नहीं ले सकेंगे। ऐसे संविदाकार द्वारा निविदा प्रकिया में भाग लेने की स्थिति में उनकी अमानत राशि राजसात करते हुये उन्हें निविदा प्रतिस्पर्धा से बाहर किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद चुरहट**
**जिला-सीधी (म.प्र.)**



## कार्यालय उपखण्ड अधिकारी- मझौली, जिला-सीधी (म.प्र.)

प्रकरण क्र./0831/अ-6(अ)/2021-22/757 मझौली, दिनांक:- 26.06.2025

1. राजेश शुक्ला पिता सुदर्शन प्रसाद शुक्ला
2. ब्रिजेश शुक्ला पिता सुदर्शन प्रसाद शुक्ला सभी निवासी-ग्राम-पांड, तहसील-मझौली, जिला-सीधी (म.प्र.)

....................आवेदकगण

**बनाम**

1. मध्यप्रदेश शासन
2. दुर्गेश कुमार पिता रामानन्द ब्रा. निवासी ग्राम-पांड, तहसील मझौली, जिला-सीधी (म.प्र.)

....................अनावेदकगण

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधार को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण के द्वारा ग्राम-पांड की भूमि खसरा क्र. 728, 769, 767 के राजस्व अभिलेख की त्रुटि को सुधार कराये जाने हेतु म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अनावेदक क्रमांक 02 का पता न होने से दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशन अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा कराया जाना है।

अनावेदक क्रमांक 02 को सूचित किया जाता है कि नियत पेशी दिनांक 12.08.2025 के पूर्व अपना पक्ष समर्थन रख सकते हैं। बाद म्याद प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया आवेगा। विधि संगत आदेश पारित कर दिया जायेगा।

**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व**
**मझौली, जिला सीधी (म.प्र.)**



## कार्यालय उपखण्ड अधिकारी- मझौली, जिला-सीधी (म.प्र.)

प्रकरण क्र./0076/अ-6(अ)/2022-23 मझौली, दिनांक:- 26.06.2025

1. ब्रिजेश शुक्ला पिता सुदर्शन प्रसाद शुक्ला
2. राजेश शुक्ला पिता सुदर्शन प्रसाद शुक्ला, सभी निवासी-ग्राम-पांड, तहसील-मझौली, जिला-सीधी (म.प्र.)

....................आवेदकगण

**बनाम**

1. मध्यप्रदेश शासन
2. रामकरण पिता मंगल बैसवार, निवासी ग्राम-पोंडी, तहसील-मझौली, जिला-सीधी (म.प्र.)
3. दुर्गेश कुमार पिता रामानन्द ब्रा. निवासी ग्राम-पांड, तहसील मझौली, जिला-सीधी (म.प्र.)
4. राजाराम उर्फ रामराज पिता रामकिशोर ब्रा. निवासी ग्राम-पांड, तहसील मझौली, जिला-सीधी (म.प्र.)

....................अनावेदकगण

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधार को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण के द्वारा ग्राम-पांड की भूमि खसरा क्र. 726, 772, 773, 727, 728, 767, 768, 769, 620 के राजस्व अभिलेख की त्रुटि को सुधार कराये जाने हेतु म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अनावेदक क्रमांक 03 का पता न होने से दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशन अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा कराया जाना है।

अनावेदक क्रमांक 03 को सूचित किया जाता है कि नियत पेशी दिनांक 12.08.2025 के पूर्व अपना पक्ष समर्थन रख सकते हैं। बाद म्याद प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। विधि संगत आदेश पारित कर दिया जायेगा।

**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व**
**मझौली, जिला सीधी (म.प्र.)**


# सीधी पुलिस का नशामुक्ति पहुंचा हर गांव, हर विद्यालय

## नशे से दूरी है जरूरी, अभियान के तहत किया जा रहा जागरुक




**जागरण, सीधी**

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी विशेष अभियान नशे से दूरी है जरूरी के अंतर्गत दिनांक 23 जुलाई को अभियान के नवें दिन जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के कुशल निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में व्यापक जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। सभी थानों व चौकियों द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर नशा मुक्ति हेतु प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान थाना जमोड़ी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंजारी में चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यार्थियों के माध्यम से नशामुक्ति संदेश का प्रसार किया गया। थाना चुरहट ने विंध्या एकेडमी विद्यालय में चित्रकला, रंगोली एवं निबंध लेखन के माध्यम से नशे से दूरी है जरूरी अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया। थाना मड़वास द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय रामपुर में नशे को कहो ना हस्ताक्षर अभियान तथा नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही पथरोला चौकी अंतर्गत बघोर हाई स्कूल में भी नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना सेमरिया द्वारा गायत्री पब्लिक स्कूल झगरहा में हस्ताक्षर व शपथ कार्यक्रम तथा सेमरिया बाजार में पोस्टर अभियान के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाई गई। चौकी बम्हनी के माध्यम से भी स्कूल स्तर पर जागरूकता अभियान संचालित हुआ। थाना रामपुर नैकिन द्वारा बस स्टैंड पीपल तिराहा पर जनसमुदाय को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। पिपराँव चौकी अंतर्गत अमिलई विद्यालय में नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। पंपलेट वितरित किए गए एवं शपथ ग्रहण कराया गया। खड्डी चौकी द्वारा चकडोर विद्यालय में भी जागरूकता कार्यक्रम किया गया। थाना भुईमाड़ द्वारा विद्यालय में नशा मुक्ति विषय पर शॉर्ट फिल्म दिखाकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया तथा बस व ऑटो में पोस्टर लगाकर प्रचार किया गया। थाना कुसमी ने उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला कुसमी में चित्रकला कार्यक्रम द्वारा नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। थाना कोतवाली द्वारा विद्यालय एवं सीधी के पुराने बस स्टैंड में नशे को कहो ना हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# भारतीय मजदूर संघ ने धूमधाम से मनाया 70वां स्थापना दिवस

## उपाध्यक्ष विकास नारायण तिवारी ने संगठन की गौरव गाथा को किया स्मरण




**जागरण, सीधी**

भारतीय मजदूर संघ के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष विकास नारायण तिवारी ने की। उन्होंने बताया कि भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 23 जुलाई 1955 को भोपाल में दत्तोपंत ठेंगड़ी द्वारा की गई थी। श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय मजदूर संघ एक ऐसा राष्ट्रवादी संगठन है, जो राष्ट्र हित, उद्योग हित और मजदूर हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करता है। यही कारण है कि आज यह विश्व का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन बन चुका है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अनेक युवा और सामाजिक कार्यकर्ता कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्य रूप से उपस्थित रहे बाहुबली कोचिंग क्लास के संरक्षक दीपक जायसवाल उद्र प्रसाद मिश्रा, छात्र नेता शिवांशु द्विवेदी, आनंद परिहार, अब्दुल खान, दिनेश राकेश, अनूप वर्मा, आकाश वर्मा, दिनेश द्विवेदी, अमित साकेत, ऋषभ सिंह, संदीप वर्मा और आदर्श सहित अन्य कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रमिकों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और आने वाले समय में संगठन को और मजबूत करने की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# जगतगुरू वल्लभाचार्य के दर्शन में उमड़ा भक्तों का शैलाब

## श्री राम जानकी मंदिर में झूला उत्सव की धूम

**जागरण, सीधी**

भगवान राम की नगरी अयोध्या धाम में अब तक का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश भर के साधू संत शिरकत करेंगे, यह कार्यक्रम अपने आप में एक अलग पहचान बनाने जा रहे हैं। उक्त बातें जगतगुरू रामानंदाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री बल्लभाचार्य जी ने सीधी स्थित श्री राम जानकी मंदिर में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा। श्री वल्लभाचार्य जी ने बताया कि इन दिनों देश के राम जानकी मंदिरों में झूलन उत्सव की धूम मची हुई है। वहीं आगामी अक्टूबर माह में अयोध्या धाम स्थित श्रीरामहर्षणम चारूशीला मंदिर जानकी घाट में पंचरसाचार्य स्वामी श्री रामहर्षण दास जी महाराज की प्रेरणा से 401 श्री रामार्चा महायज्ञ 108 श्रीमद् भागवत परायण एवं 51 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन 5 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा। यह आयोजन अब तक का सबसे बड़ा आयोजन है। श्री महाराज ने कहा कि इस आयोजन में देश के जगतगुरू, महामंडलेश्वर सहित काफी संख्या में संतों का जमावड़ा लग रहा है। उन्होंने मीडिया के माध्यम से सीधी जिले से अधिक से अधिक लोगों को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए बताया कि इस आयोजन में एक साथ जहां संतो के दर्शन का लाभ मिलेगा वहीं उनके आशीर्वचन भी सुनने को मिलेगा।



### झूला उत्सव में उमड़ रही भीड़

श्री राम जानकी मंदिर सीधी में चल रहे झूलन उत्सव में भारी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। मंदिर के पुजारी द्वारा जहां झूलन उत्सव को लेकर भगवान की भव्य झांकी सजाई गई है, वहीं अखिल भारतीय श्री राम हर्षण मण्डल के सदस्यों एवं गुरु भाइयों द्वारा विविध रागों में भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है। बता दें कि प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में श्री राम जानकी मंदिर में झूलन उत्सव का कार्यक्रम उत्साह के साथ आयोजित किया जाता है।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## केंद्रीय रेल मंत्री से मिले सांसद, की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**जागरण, सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा संसद मे चल रहे मानसून कालीन सत्र के दौरान आज संसद भवन में केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर अंचल में व्याप्त रेलवे से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे सिंगरौली-निजामुद्दीन एक्सप्रेस के नियमितीकरण, सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस को इंदौर तक बढ़ाकर नियमित करने, सिंगरौली से इंदौर के लिए नई वंदे भारत स्वीकृत करने, ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के भाग रीवा से सिंगरौली के मध्य भू-अधिग्रहण के बदले रोजगार प्रदान करने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा उपरांत मांग पत्र सौंपा। केंद्रीय रेल मंत्री से मिलने के पश्चात लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि रेलवे के आधुनिकीकरण और विस्तार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार निरंतर सजग और सक्रिय है। इसके पूर्व रेलवे में भू-अधिग्रहण के बदले लोगों को रोजगार मिल रहा था किंतु कतिपय कारणो से बीच में यह कार्य अवरूद्ध हुआ। भू-अधिग्रहण के बदले लोगों को पुनः रोजगार मिले, ऐसी मांग केंद्रीय रेल मंत्री से की है और क्षेत्र वासियों की मंशा से भी अवगत कराया है। जिस पर केंद्रीय मंत्री ने सभी मांगों को प्राथमिकता से विचार करने की बात कही है।

## प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल का सीधी दौरा कार्यक्रम जारी



**जागरण, सीधी।** जिला सत्कार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि दिलीप जायसवाल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग मध्यप्रदेश शासन एवं प्रभारी मंत्री जिला सीधी दिनांक 24 जुलाई 2025 को सीधी आयेंगे। प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल दिनांक 24 जुलाई 2025 को सुबह 9.30 बजे सीधी सर्किट हाउस पहुंचेगे। वह सर्किट हाउस में सुबह 11 बजे जनप्रतिनिधियों/गणमान्य नागरिकों एवं जन सामान्य से भेंट करेंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के समस्त विभागों की समीक्षा बैठक लेंगे। इसके पश्चात प्रभारी स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। प्रभारी मंत्री सायं 6 बजे सीधी से जिला रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## गुमशुदा नाबालिक किशोरी 48 घंटे के अंदर सकुशल बरामद

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव तथा एसडीओपी आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सेमरिया केदार परौहा के नेतृत्व में थाना सेमरिया पुलिस द्वारा एक गुमशुदा नाबालिक किशोरी को दस्तयाब कर सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया है। 21 जुलाई 2025 को सेमरिया थाना क्षेत्र के एक निवासी द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिक पुत्री घर से अचानक लापता हो गई है। परिजनों द्वारा आसपास व रिश्तेदारों के यहां तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला। प्रकरण दर्ज कर थाना सेमरिया पुलिस द्वारा गंभीरता से कार्रवाई करते हुए तकनीकी विश्लेषण व लगातार प्रयासों के माध्यम से किशोरी को 48 घंटे के अंदर पीथमपुर से दस्तयाब किया गया और परिजनों को सुपर्द किया गया।

## बोकेशनल फोर्स की भर्ती में अनियमितता की शिकायत

**जागरण, सीधी।** युग शक्ति कंपनी द्वारा ब्यूटी बेलनेस का फार्म भराने का काम 12 जुलाई 2025 को इंदौर में कराया जा रहा है। इस मामले की जानकारी देते हुए प्रियंका शास्त्री निवासी शिवराजपुर रामपुर नैकिन ने बताया कि इस मामले में कई बहनें परीक्षा दी थीं लेकिन चयन नहीं किया गया। जिले के अंतर्गत विद्यालयों में संचालित व्यावसायिक शिक्षा में कंपनियों द्वारा आउटसोर्स उपलब्ध कराए गए। योग्यता एवं अनुभव प्रमाणपत्र की प्रमाणित सूची जिला स्तर से सत्यापित कराई जाए। सभी ट्रेड़ों का अनुभव कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर एवं सील लगाकर दिया गया। ऐसी स्थिति में अपने संज्ञान में लेकर सभी ट्रेड़ों के दस्तावेजों की जांच कराकर आगे की कार्यवाही की जाए। इस मामले में उनके द्वारा विभागीय अमले को शिकायत की गई है। निजी कंपनियां जिले के युवकों को गुमराह कर और उनको सपने दिखाकर नौकरी देने के नाम पर सुविधा शुल्क वसूल करते हैं और बाद में कहीं रता-पता नहीं चलता। रोजगार पाने के नाम पर युवक भटकते रहते हैं। उक्त कंपनी के द्वारा अयोग्य व्यक्तियों का चयन किया जा रहा है। कम्प्यूटर ऑपरेटर के नाम पर अनुभव व डिग्रीधारी युवाओं को महत्व न देकर उनका चयन करने का प्रयास किया जा रहा है जो केवल निजी कम्प्यूटर सेंटर से साधार लेटरपैड़ पर अनुभव प्रमाणपत्र बनवाकर दिए हैं। उक्त युग शक्ति कंपनी द्वारा ब्यूटी बेलनेस भर्ती करने के नाम पर खुलेआम गोरखधंधा कर रही है। पात्र एवं योग्य युवतियों को अवसर न देकर अपात्रों से सुविधा शुल्क लेकर उनको नौकरी देने का प्रयास किया जा रहा है।

## डॉ. लक्ष्मण पटेल की नेत्र रोग विशेषज्ञ में लगाई गई ड्यूटी

**जागरण, सीधी।** क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाये रीवा संभाग द्वारा आदेश जारी कर सिविल सर्जन सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय सीधी का पत्र दिनांक 28 जून 2025 के परिपक्ष्य में जिला चिकित्सालय सीधी में नेत्र रोग विशेषज्ञ/नेत्र चिकित्सक कार्यरत न होने के फलस्वरूप नेत्र उपचार एवं मेडिकल बोर्ड प्रभावित होने की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए डॉ. लक्ष्मण पटेल नेत्र रोग विशेषज्ञ सिविल अस्पताल जिला मऊगंज को अस्थाई रूप आगामी आदेश तक प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार एवं गुरूवार दो दिन जिला चिकित्सालय सीधी के नेत्र रोग विभाग में सेवाये देने के लिए आदेशित किया गया है।

## औसत वर्षा 769.9 मि.मी. दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 23 जुलाई को सीधी जिले में 6.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 26.0 मि.मी., चुरहट में 16.2 मि.मी., गोपद बनास में 0.0 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 0.0 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 19.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 769.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 23 जुलाई तक तहसील बहरी में सर्वाधिक वर्षा 876.7 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 657.5, चुरहट में 662.0, गोपद बनास में 704.0, सिहावल में 857.6, मझौली में 858.0 मि.मी. और कुसमी में 773.5 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 205.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 564.0 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

## मझौली में हुआ पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता शिविर



**जागरण, सीधी।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मझौली सुश्री शिवांगी सिंह परिहार, सुश्री रूचि परते द्वारा बुधवार दिनांक 23 जुलाई को तहसील मझौली में पर्यावरण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं अधिकाधिक पौधरोपण को प्रोत्साहित करना था। सचिव मुकेश कुमार शिवहरे ने अपने संबोधन में नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण की रक्षा हेतु सक्रिय भूमिका निभाएं। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मझौली सुश्री शिवांगी सिंह परिहार ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए एवं उनकी देखभाल करनी चाहिए। यह कार्यक्रम जन-जागरूकता और सामाजिक सहभागिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं अधिवक्तागण ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने मिलकर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## विधिक जागरूकता और साक्षरता शिविर आयोजित

**जागरण, सीधी।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक द्वारा बुधवार दिनांक 23 जुलाई 2025 को ग्राम पंचायत मझौली में जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण भी किया गया। इस कार्यक्रम स्थानीय नागरिकों, अधिवक्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा आमजन को डॉन योजना, संवाद योजना तथा साथी योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।

# मातृ एवं शिशु मृत्यु को रोकने परिणाममूलक प्रयास करें : कमिश्नर

## स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य सेवाओं की करें सतत् समीक्षा काम नहीं करने वाले चिकित्सकों और मैदानी कर्मचारियों के विरूद्ध हो सख्त कार्यवाही



**पन्ना ।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में मातृ एवं शिशु मृत्यु को रोकने के लिए परिणाममूलक प्रयास करने के निर्देश सागर संभाग के चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोकने के लिए महिलाओं और बच्चों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएं। कमिश्नर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी सतत रूप से स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करें और स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर सागर संभाग श्री सुचारी ने उक्त निर्देश आज स्वास्थ्य सेवाओं की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में एनीमिया स्क्रीनिंग कार्यक्रम, वल्नरेबल पापुलेशन स्क्रीनिंग कार्यक्रम, डायबिटीज स्क्रीनिंग कार्यक्रम, टेली मेडिसिन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ सुरक्षा योजना एवं अन्य योजनाओं की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग के लगभग सभी जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति ठीक नहीं है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और परिणाममूलक बनाने की नितांत आवश्यकता है। कमिश्नर ने सागर संभाग में काम नहीं करने वाले स्वास्थ्य कार्यकताओं और कर्मचारियों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही करने के निर्देश संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर को दिए। कमिश्नर सागर संभाग ने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को निर्देश दिए कि वह जिलों में जाकर चिकित्सकों की बैठकें लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की सतत समीक्षा करें और स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नागरिकों और ग्रामीणों को मिलना ही चाहिए। यह व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। काम नहीं करने वाले चिकित्सकों और मैदानी कर्मचारियों के विरूद्ध सतत् कार्यवाही हो। संभागायुक्त ने टेलीमेडिसन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि टेलीमेडिसन कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कराएं। लोगों को इसका लाभ मिलना चाहिए। बैठक में कमिश्नर ने एनआरसी सेन्टरों की स्थिति की भी समीक्षा की तथा निर्देशित किया कि सेंटरों की स्थिति में सुधार करे। लोगों को एनआरसी सेंटरों में बच्चों को लाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि क्षय रोग से समाज को मुक्त करने के लिए सतत कार्य करें। बैठक में कमिश्नर ने अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक में संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर संभाग डा. नीना गिडियन सहित सागर संभाग के समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी एवं मैदानी चिकित्सा अधिकारी भी उपस्थित थे।

# देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की दो घटनाओं का खुलासा : तीन शातिर आरोपी गिरफ्तार

## चोरी गई दोनों मोटरसाइकिलें बरामद कीमती करीब 01 लाख रूपये की बरामद




**पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस. थोटा के दिशा-निर्देशन में देवेन्द्रनगर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो चोरी की गई मोटरसाइकिलें (एक अपाचे और एक हीरो डीलक्स) कीमती करीब 01 लाख रूपये की बरामद की गई हैं । थाना देवेन्द्रनगर में अलग-अलग फरियादियों द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्टें दर्ज कराई गई थीं, जिनके आधार पर थाना देवेन्द्रनगर में दो अलग-अलग अपराध क्रमांक 386/25 एवं 394/25, धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध दर्ज किए गए थे।

मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशान में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निरीक्षक वहीद अहमद खान के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामलों को गंभीरता से लेते हुए घटना स्थलों के आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये साथ ही मामले के संदेहियों की पहचान हेतु जानकारी का आदान-प्रदान आसपास के लोगो के साथ किया गया एवं आरोपियों की जानकारी हेतु पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, 22 जुलाई 2025 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तीन संदिग्धों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। सघन पूँछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदातों को स्वीकार करते हुए चोरी की गई मोटरसाइकिलों पुलिस टीम को बरामद कराया गया जिन्हे पुलिस टीम द्वारा जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार आरोपीगण 1.सूरज उर्फ चिकनी कुशवाहा, पिता राजू कुशवाहा, उम्र 23 वर्ष निवासी - बारह पत्थर, नागौद, जिला सतना

2.मनीष विश्वकर्मा, पिता रामसुदर्शन विश्वकर्मा, उम्र 35 वर्ष निवासी - ग्राम पिपरी कला, थाना उचेहरा, जिला सतना

3. शरद विश्वकर्मा, पिता सुरेन्द्र उर्फ पप्पू विश्वकर्मा, उम्र 23 वर्ष निवासी गिंजाय, थाना नागौद, जिला सतना

जप्त सामग्री - आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई एक अपाचे मोटर साइकिल कीमती करीब 60 हजार रूपये एवं एक हीरो डीलक्स मोटर साइकिल कीमती करीब 40 हजार रूपये सहित कुल 01 लाख रूपये का मशरूका जप्त किया गया है । उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि वहीद अहमद खान एवं थाना देवेन्द्रनगर का पुलिस स्टॉफ और पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना की सराहनीय भूमिका रही । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है ।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत पन्ना जिले में लगातार आयोजित किये जा रहे विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम




## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा शिक्षण संस्थान लिस्यु आनंद स्कूल में बच्चों को किया गया प्रेरित

**पन्ना ।** पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत पन्ना जिले में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला संचालित की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। अभियान के तहत जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं जिसमे जागरूकता रैलियाँ, शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण, जनसंवाद एवं संवाद सत्र, मानव श्रृंखला, निबंध, चित्रकला,नशामुक्ति स्लोगन एवं भाषण जैसी प्रतियोगिताएं अन्य रचनात्मक व प्रेरक गतिविधियाँ

साथ ही, सोशल मीडिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, वीडियो, रील, प्रेजेंटेशन, बैनर, फ्लेक्स एवं पंपलेट्स के माध्यम से भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे अभियान अधिक प्रभावशाली एवं जनसामान्य तक पहुँच सके। इसी क्रम में आज दिनांक 23 जुलाई को पन्ना पुलिस द्वारा लिस्यु आनंद स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना सिंह चौहान द्वारा बच्चों को नशे के दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों को यह समझाया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, मानसिक स्थिति, परिवार और समाज पर कितना नकारात्मक प्रभाव डालता है। इस अवसर पर बैनर, पोस्टर एवं पंपलेट्स के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया गया, जिससे बच्चों को प्रेरणा मिली कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगणों को भी यह सुझाव दिया गया कि वे नशामुक्ति से जुड़ी जानकारी को कक्षा शिक्षण में शामिल कर बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही जागरूक बनाएं। इस कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक पन्ना खिलावन सिंह कंवर एवं थाना प्रभारी कोतवाली रोहित मिश्रा भी उपस्थित रहे, जिनके द्वारा नशामुक्ति के सम्बंध मे प्रेरक वक्तव्य दिये गये। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ, बल्कि उन्हें समाज में एक जिम्मेदार एवं नशामुक्त नागरिक बनने की प्रेरणा भी प्रदान की।

## दावा-आपत्ति के निराकरण उपरांत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर पूनम चौरहा का हुआ चयन

**पन्ना ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पवई परियोजना अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र सिंघासर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर आवेदिका पूनम चौरहा का अंतिम रूप से चयन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने संबंधित परियोजना अधिकारी को नियुक्ति आदेश जारी कर अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार चयन के संबंध में जिला स्तरीय दावा आपत्ति निराकरण समिति द्वारा निर्धारित समय सीमा में प्राप्त दावे व आपत्तियो के निराकरण के लिए वांछित कार्यवाही की गई। इस दौरान समिति में लिए निर्णय अनुसार आवेदिका प्रियंका साहू के विवाह पश्चात् निवास का पुनः परीक्षण के निर्देश जारी किए गए, जिसके तहत प्रस्तुत दस्तावेजों के पुनः परीक्षण में प्रियंका साहू को विवाह पश्चात् ग्राम एवं ग्राम पंचायत करिया विकासखण्ड पवई की निवासी पाए जाने पर कार्यकर्ता के पद पर पूनम चौरहा का अंतिम चयन किया गया है।

## 119 किलो मछली जप्त

**पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों की टीम द्वारा मत्स्य बाजारों में छापामार कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में मत्स्य निरीक्षक एच.सी. विश्वकर्मा द्वारा गत दिवस पवई एवं अमानगंज के स्थानीय बाजार में कार्रवाई कर 119 किलो मछली लावारिस हालत में जप्त कर नीलामी की कार्रवाई संपन्न कराई गई। उल्लेखनीय है कि आगामी 15 अगस्त तक सभी प्रकार के मत्स्याखेट पर पूर्णतः प्रतिबंध लागू है। बंद ऋतु में मत्स्य विक्रय, विनिमय और परिवहन पर प्रतिबंध लगाया गया है। उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष के कारावास या 5 हजार रूपए जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत रैपुरा एवं शाहनगर थाना क्षेत्रों में वाहनों पर लगाए गए जागरूकता पंपलेट, दिया गया नशा मुक्ति का संदेश

**पन्ना ।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पूरे राज्य में संचालित नशे से दूरी है जरूरी विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में पन्ना जिले में यह अभियान बृहद स्तर पर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 23 जुलाई को जिले के विभिन्न यात्री वाहनों, बसो, ऑटो रिक्शा आदि पर जागरूकता पंपलेट लगाए गए। इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें नशा छोड़ने और इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बसो के यात्रियों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, व्यस्त बाजारों पर आमजन से सीधा संवाद किया तथा उन्हें नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक हानियों की जानकारी दी। साथ ही यह संदेश भी दिया गया कि- हमारा है यही संदेश ङ्क नशामुक्त हो मध्यप्रदेश यह विशेष जनजागरूकता अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक जिले में चलाया जा रहा है, जिसमें अनेक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं, जैसे- बाइक रैली,




पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, स्कूल एवं कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम, सामुदायिक संवाद सत्र मध्यप्रदेश पुलिस नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु दृढ़ संकल्पित है। पन्ना जिले में यह अभियान नागरिकों की सक्रिय सहभागिता और जनचेतना के बल पर निरंतर गति प्राप्त कर रहा है।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## आवश्यकता है

सीधी जिले में-फील्ड में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। 10वीं पास व फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं। मोबाइल एवं मोटर सायकल अनिवार्य है।
मो. 7773038883, 8319449348, 8966001766 आरएन (25/7)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पड़ोखर तहसील हुजूर जिला रीवा स्थित भूमि खसरा नम्बर 76/1/1 रकवा 0.1820 हे0, 78/1 रकवा 0.0570 हे., 171/3 रकवा 0.4320हे0, 172/2 रकवा 0.1010 हे0, 172 रकवा 1.0800 हे0, 612/3 रकवा 0.1750 हे0, 614/3 रकवा 0.1360 हे0, 640/2 रकवा रकवा 0.2020 हे0, 649/3 रकवा 0.5300 हे0, 652/2 रकवा 0.2440 हे0, 653 रकवा 0.6720 हे0, 654 रकवा 0.5740 हे0, 662/1 रकवा 0.2150 हे0, 663/2 रकवा 0.1600 हे0, 689/3 रकवा 0.1520 हे., कुल किता 15 कुल रकवा 4.9120 हे0 मेरी व मेरी बहन अंशिका तिवारी व भाई अंश तिवारी की पुस्तैनी पैत्रिक भूमियों है जिनका पट्टा हम लोगों के पिता श्रवण कुमार तिवारी तनय श्री हरिहर तिवारी ग्राम पड़ोखर के नाम दर्ज अभिलेख है जो शराब के नशे के आदी है, जो बिना किसी पारिवारिकत आवश्यकता के उक्त भूमियों को विक्रय कर देने के प्रयास में है जो मना करने पर नही मान रहे है, जबकि पुस्तैनी पैत्रिक भूमियों को विक्रय करने का कोई भी वैधानिक अधिकार नही है। तथा श्रवण कुमार तिवारी रात दिन नशे में लिप्त रहते है जिससे वे अपना हित व अहित नही समझ पा रहे है जिस कारण लोग ऊपर वर्णित भूमियों को उनसे खरीदने के प्रयास में लगे हुए है जबकि उन्हें पैत्रिक भूमियों को अकेले विक्रय करनें का कोई अधिकार नही है। ऐसी स्थिति में यदि वे ऊपर वर्णित भूमियों में से किसी भी भूमि को विक्रय करने का प्रयास करते है तो कोई भी व्यक्ति उक्त भूमियों को उनसे क्रय न करे अन्यथा समस्त जिम्मेदारी व जवादेही क्रेता की होगी।
दिनांक :23/07/2025

भवदीय
साक्षी तिवारी पुत्री श्रवण कुमार तिवारी
निवासी ग्राम पड़ोखर
तह. हजूर जिला रीवा (म.प्र.)
RN-82716 मो.-8319438494

## पश्चिम मध्य रेल

वाणिज्य विभाग
रेलक्र. जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/25
दिनांक: 18.07.2025

वरि, मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर द्वारा IREPS पर पंजीकृत संस्थाओ से ई-ऑक्शन के माध्यम से विज्ञापन एवं एमएलआरलीजिंग ठेके हेतु वोलियों आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को IREPS की वेबसाइट www-ireps-gov-in. पर प्रकाशित किया जा चुका है जबलपुर मंडल के आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है। **श्रेणी :** पार्सल लीजिंग, कैटलाग: JBP-C-Par-53, **एसेट विवरण :** जबलपुर मंडल की गाड़ी संख्या 12160 (जबलपुर अमरावती),11651 (जबलपुर - सिंगरौली), 12187 (जबलपुर -सी एस.एम. टी.), 22190 (रीवा - जबलपुर), 12186 (रीवा- आर.के. एम.पी.), 22188 (अधारताल - आर.के. एम.पी.),), 22162 (दमोह - भोपाल), 20906 (रीवा एकता नगर 22189 (जबलपुर रीवा), 11751 (रीवा -चिरमरी) , 19014 (कटनी - भुसावल), 12062 (जबलपुर - RKMP), 11449 (जबलपुर श्री माता वैष्णो देवी कटरा) के एसएलआर एवं 12187 - 12188 (जबलपुर सी एस.एम.टी. जबलपुर) 11464 (जबलपुर - VRL), 11706 (रीवा- जबलपुर) के पार्सल वैन लीजिंग हेतु। **ऑक्शन प्रारंभ** : 30.07.2025 12:00 hrs, **ऑक्शन समापन** : 30.07.2025 15:00 hrs, 1. बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेवसाइट www-ireps-gov-in. देखे । 2. उक्त ई-ऑक्शन आई. आर. ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन मोड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। 3. ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्ते आदि आई. आर. ई.पी.एम. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। 4. बोलीदाता IREPS में उल्लेखित दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। 5. सभी संभावित बोली दाताओ से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. का अवलोकन करते रहे।
(हस्ता)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेलवे,जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## नाम सुधार सूचना

मैं सतीलिया देवी पति श्री रामशिरोमणि पटेल निवासी - ग्राम - इटहाकला, पोस्ट ऑफिस जोधपुर, तहसील नईगढ़ी, थाना लौर, जिला मऊगंज (म.प्र.) की निवासी हूं। शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम दयावती पटेल हो गया है। जबकि मेरे समस्त रिकार्डो में जैसे- वोटर आई.डी., बैंक पासबुक, समग्र आईडी में मेरा नाम सतीलिया देवी पति श्री राम शिरोमणि पटेल दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मैं अपने आधार कार्ड में दयावती पटेल की जगह पर सतीलिया देवी करवाना चाहती हूं। दोनो नाम मेरे ही हैं। अतः मेरे आधार कार्ड में दयावती पटेल के स्थान पर सतीलिया देवी सुधार कर लिखा, पढ़ा व जाना जाए।
सतीलिया देवी
RN- 82683

## नर्सिंग कोर्स का रजिस्ट्रेशन गुमा

मैं चेतना सोंधिया पत्नी श्री के.पी. वर्मा दिनांक 20.07.2025 को शहडोल से रीवा आ रही थी, जो कहीं रास्ते में मेरा जी.एन.एम. का डिप्लोमा एवं रजिस्ट्रेशन कही गुम गया है, जो चेतना सोंधिया के नाम से है, जिस किसी भी सज्जन व्यक्ति को मिला हो कृपया निम्नलिखित पते पर पहुंचाने या सूचना देने का कष्ट करें।
प्रार्थिया
चेतना सोंधिया पत्नी श्री के.पी. वर्मा
10/1094, शारदा ट्रेडर्स के पास
अरूण नगर, जिला-रीवा (म.प्र.)
मो. 8094516483,9009443785
RN-82684

## कार्यालय नगर परिषद डभौरा जिला-रीवा (म0प्र0)

E-mail ID- cmodabhora@mpurban.gov.in

क्रमांक/1236/E-TENDER/न.परि./2025 डभौरा, दिनांक 23.07.2025

ई-निविदा आमंत्रण-सूचना

म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीकृत पंजीकृत प्रणाली के अंतर्गत अथवा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों एवं सप्लायर्स द्वारा फार्म "ए" में ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निर्माण सामाग्री-जी.एस.बी. प्रदान किये जाने हेतु निविदा आंमत्रित की जाती हैं। विवरण निम्नानुसार हैं:-

| S.N | Tender No | Name Of the Work | Probable amount of Contract | Earnest Money Deposit (E.M.D.) (In Rs) | Cost Of Bid Document (In Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_439383_1 | निर्माण सामग्री - (जी.एस.बी. सप्लाई कार्य) | Rs 100000.00 | Rs 10000.00 | Rs 2000.00 |

शर्तें:-
1. निविदा दिनांक 23.07.2025 को सायं 05.30 बजे से दिनांक 07.08.2025 को सायं 5.30 बजे तक बेवसाईट पर ऑनलाईन प्राप्त/प्रस्तुत की जा सकती है।
2 विस्तृत निविदा सूचना बेवसाईट https://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन केवल बेवसाईट में किया जावेगा। दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन का प्रकाशन नही किया जावेगा।

(ज्ञानेन्द्र मिश्रा)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद डभौरा, जिला रीवा (म.प्र.)

## मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल

ई-ऑफर की विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल www.mphousing.in पर उपलब्ध।

यथा स्थिति
आवासीय भवन, शारदानगर कॉलोनी घूरडांग, बांधवगढ़ कॉलोनी आवासीय भवन क्रय करने का सुनहरा अवसर
(ई.डब्ल्यू.एस. भवन तथा फ्लैट की कीमत में भारी छूट)

ई-ऑफर दिनांक 20.08.2025 रात्रि 11.59 बजे तक आमंत्रित।

| क्र. | संपत्ति का प्रकार | संपत्ति का क्रमांक | भवनों की संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.मी.) | भवन का क्षेत्रफल (व.मी.) | अपसेट मूल्य (प्रति संपत्ति/ रु. लाख) | धरोहर राशि (रु. लाख) | आवेदन शुल्क (रुपये/जी.एस.टी. सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **युक्तियुक्तीकरण योजनान्तर्गत** शारदानगर कॉलोनी घूरडॉग सतना 100 ई.डब्ल्यू.एस. भवन | 5, 7, 8, 12, 45, 46, 47, 49, 78, 79, 81, 82, 83, 84, 85, 87, 88, 89, 90, 91, 109, 110, 116, 118, 119, 120, 123, 124, 142, 152 | 30 नग | 31.23 से 37.00 | 21.45 | 5.94 से 6.53 तक | 1.19/- से 1.31/- तक | 590/- |
| 2. | **युक्तियुक्तीकरण योजनान्तर्गत** बांधवगढ़ कॉलोनी सतना में फ्लैट | **ए-टाइप प्रथम तल** | **1 नग** | - | **100.00** | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | ए-टाइप द्वितीय तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | ए-टाइप तृतीय तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | ए-टाइप चतुर्थ तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | **बी-टाइप प्रथम तल** | **1 नग** | - | **92.50** | 28.25 | 5.65 | 1180/- |
| | | बी-टाइप तृतीय तल | 1 नग | - | 92.50 | 28.25 | 5.65 | 1180/- |
| | | बी-टाइप चतुर्थ तल | 1 नग | - | 92.50 | 28.25 | 5.65 | 1180/- |

**नियम एवं शर्तें :** (1). आवेदन एवं धरोहर राशि ONLINE/RTGS के माध्यम से जमा होगी। (2). रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID प्राप्त होगी। (3). संपत्ति के ऋण हेतु बैंक/वित्तीय संस्थानों से विशेष सुविधा उपलब्ध, अत: ऑफर प्रस्तुत करने से पूर्व संपत्ति का अवलोकन कर लें। स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कर राशि वापिस मांगने पर धरोहर राशि का 50 प्रतिशत कटौत्रा कर शेष राशि वापिस की जावेगी। शासन/मण्डल द्वारा निर्धारित अन्य कर, शुल्क, प्रभार एवं लीजरेंट इत्यादि पृथक से देय होगे। (4). मण्डल/शासन के नियम एवं शर्तें लागू। (5). विस्तृत शर्तें एवं नियम विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध।

**(1). आवेदन/धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 20.08.2025. (2). ऑफर BID डालने की अंतिम तिथि 22.08.2025 शाम 5.00 बजे। (3). ऑफर दिनांक 25.08.2025 को दोपहर 3.00 बजे खोला जावेगा।**

**संपर्क : मनोज कुमार द्विवेदी (संपदा अधिकारी) मो. 9131194716, एम.के. द्विवेदी (सहायक यंत्री) मो. 9131194716 आर.के. विश्वकर्मा (संपदा प्रबंधक) मो. 9424318175, MP ONLINE HELP DESK 0755-6720200.** म.प्र. माध्यम/121241/2025

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

## Office of The C.E.O. & Dean
Shyam Shah Medical College, Rewa (M.P.)

Phone No. 07662-241655 Email- deanmcrewa@rediffmail.com
Website- www.ssmcrewa.ac.in

D.No. 20539 /Estt./Gazz./M.C./Advt./2025 Rewa, Dated: 22.7.25

//ADVERTISEMENT//

Under the rules of the "Madhya Pradesh Super Speciality Hospital Chikitsa Adarsh Seva Niyam-2018" and "Madhya Pradesh Swasashi Chikitsa Mahavidyalaya Chikisakiya Seva Adarsh Niyam-2018", Super Speciality Hospital, Rewa associated with S.S. Medical College, Rewa (M.P.), Invites applications for various vacant posts of teaching cadre through direct recruitment. The details are as follows:-

| S. No. | Subject/ Department | Professor | | | | | Associate Professor | | | | | Assistant Professor | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | OBC | ST | SC | EWS | UR | OBC | ST | SC | EWS | UR | OBC | ST | SC | EWS |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1. | Anaesthesia | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - | - | - |
| 2. | Anaesthesia (CVTS) | 1 | - | - | - | - | 1 | - | - | - | - | 1 | 1 | - | - | - |
| 3. | Anaesthesia (Neurosurgery) | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 1 | - | - |
| 4. | Neurology | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 | - | - | - | - | 1 | - | - | - |
| 5. | Neurosurgery | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 | - | - | - | - | 1 | 1 | - | - |
| 6. | Electrophysiology Cardiology | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - | 1 | - | - |
| 7. | Paediatric Cardiology | 1 | - | - | - | - | 1 | - | - | - | . - | 1 | 1 | - | - | - |
| 8. | Intervational Cardiology | - | - | - | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - | 1 | - | - |
| 9. | Nephrology | 1 | 1 | - | - | - | 1 | 1 | - | - | - | 1 | 1 | 1 | 1 | - |
| 10. | Urology | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 | - | - | - | - | - | 1 | - | - |
| 11. | Neonatoloy | 1 | - | - | - | - | 1 | - | - | - | - | 1 | 1 | - | - | - |
| 12. | Cardiac Surgery | 1 | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 | - | - | 2 | 1 | 1 | 1 | - |
| 13. | Radiodiagnosis | 1 | - | - | - | - | 1 | - | - | - | - | 1 | 1 | - | - | - |
| | Total | 10 | 5 | 1 | - | - | 6 | 4 | 1 | - | - | 8 | 10 | 7 | 2 | - |

- *Posts can be increase and decrease.

| | |
|---|---|
| Last date for Submission of Application Form | 20.08.2025, till 05:00 PM |
| Address to send Application Form | Office of C.E.O. & Dean, Shyam Shah Medical College, Near Dhobiya Tanki, Jail Road, Rewa (M.P.), 486001. |

- Application fee as DD in favour of "CEO & Dean SSMC Rewa" payable at Rewa for UR Candidates in Rs. 1000/- and Rs. 750/- for reserved category candidates.
- Information of regarding interview dates shall be communicated 07 days prior to the candidates.

**For details of advertisement, application form and selection process keep in touch with www.ssmcrewa.ac.in**

(Dr. Sunil Agrawal)
C.E.O. & DEAN
S. S. Medical College, Rewa (M.P.)

G-16116/25

# खजुराहो में अमृत हरित महा अभियान तथा एक पेड़ मां के नाम हुई बैठक

## विधायक अरविंद पटेरिया हुए शामिल

जागरण, खजुराहो



पर्यटन नगरी खजुराहो के नगर परिषद कांफ्रेंस हॉल में अमृत हरित महाअभियान तथा एक पेड़ मां के नाम के तहत एक बैठक आयोजित हुई, बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटेरिया शामिल हुए, कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी बसंत चतुर्वेदी ने बैठक का एजेंडा रखा जिसमें उन्होंने बताया कि नगर में सड़क के दोनों ओर पौधरोपण के साथ सुंदर और आकर्षित गार्डन विकसित किए जाएंगे, टचिंग ग्राउंड के नज़दीक 5 एकड़ भूमि में नगर परिषद द्वारा सार्वजनिक सहयोग से हाईटेक गौशाला का निर्माण होना है, जिसके प्रथम चरण हेतु स्टार रेटिंग तथा बजट क्लास होटलो को अपने संस्थान के सामने और आसपास का रेलिंग के साथ पौधरोपण सहित गॉर्डन विकसित करने हेतु उनकी स्वीकृति से लक्ष्य निर्धारित किए गए, इसी तरह गौशाला निर्माण हेतु सार्वजनिक सहयोग पर सहमति बनाई गई,नगर परिषद प्रशासन ने नगर के डिवाइडरों पर फूल पौधे सहित ग्रीनरी विकसित करने की जानकारी दी, विधायक अरविंद पटेरिया ने बैठक में मौजूद सभी लोगों से खजुराहो को सुंदर बनाने हेतु स्वयं के संस्थान अथवा निवास के सामने प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित किया साथ ही खजुराहो को होटल क्लार्क से बाईपास होकर नारायण कुटी तथा नगर के अंदर की सड़कों के दोनों ओर सुंदर फूलों के साथ ग्रीनरी विकसित करने हेतु निर्धारित कदम उठाने का आवाहन किया, गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान चल रहा है जिसमें शासन के सभी विभाग पौधरोपण के लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने प्रत्येक संस्था को 500 पेड़ लगाने का लक्ष्य दिया है,बैठक में सभी लोगों ने उक्त अभियान में सहयोग करने हेतु भरोसा दिया, बैठक की अध्यक्षता नप अध्यक्ष अरुण उर्फ पप्पू अवस्थी ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मण्डल अध्यक्ष गौरव सिंह विक्की बघेल मौजूद रहे,इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि आशाराम पाल,बलवीर गौतम,डॉ.रामअवतार चौबे,अविनाश तिवारी,रिंकू गुप्ता,अशोक गौतम,हरनारायण अवस्थी,दिनेश गौतम सहित स्टार रेटिंग होटलों तथा बजट क्लास होटलों के प्रतिनिधि,सभी पार्षदगण,गणमान्य नगर वासी शामिल हुए।

# कलेक्टर ने माहिष्मती घाट का किया निरीक्षण



## स्क्रेप से तैयार राजकीय पक्षी दूधराज की रचना होगी स्थापित

**जागरण, मंडला।** अनावश्यक कबाड़ सामग्री जैसे चैन, तार, गियर, इंजन, बेयरिंग आदि के टुकड़ों से निर्मित लगभग 150 किलो वजनी एवं लगभग 5 फीट ऊँची मध्यप्रदेश के राजकीय पक्षी पैराडाईज फ्लाईकेचर ''दूधराज'' की रचना बनाई गई है। रायपुर के कलाकार श्री जितेन्द्र साहू एवं उनकी टीम द्वारा इस अदभुत रचना को तैयार किया गया है। स्क्रेप से बनाई गई इस रचना को माहिष्मती घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रदर्शित करने की तैयारी कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में की जा रही है। इसके लिए उन्होंने बुधवार को माहिष्मती घाट पहुंचकर इस रचना को स्थापित किए जाने वाले स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, एसडीएम मंडला सोनल सिडाम, सीएमओ गजानंद नाफड़े सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।


# करंजिया बाजार में अवैध मछली परिवहन एवं विक्रय पर दबिश, 113 किलो मछली जप्त



**जागरण, डिंडोरी।** मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3(2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक बंद ऋतु घोषित की गई है, जिसमें मत्स्योखेट, मत्स्य विक्रय एवं मत्स्य परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसी आदेश के पालन में 22 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को करंजिया बाजार में कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्री आर. के. चंदेल के नेतृत्व में श्री विशाल शरणागत मत्स्य निरीक्षक, श्री डी.एन. अहिरवार मत्स्य निरीक्षक एवं श्री दशरथ प्रसाद वरकडे चौकीदार के संयुक्त दल द्वारा करजिया बाजार में 113 किलोग्राम मछली जप्त की गई। कार्यवाही के दौरान पुलिस थाना करजिया के प्रधान आरक्षक श्री माखन सिंह की उपस्थिति रही। जप्त मछलियों की मौके पर ही नीलामी की गई, जिससे प्राप्त 2900/- की राशि शासन के खाते में जमा कराई गई। मत्स्योद्योग विभाग ने स्पष्ट किया कि बंद ऋतु में मछली पकड़ने, बेचने एवं परिवहन करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# आगामी त्यौहारों को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्था की रखें पुख्ता तैयारी : कमिश्नर

## वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश



**जागरण, मंडला।** कमिश्नर जबलपुर श्री धनंजय सिंह भदौरिया ने संभाग के सभी जिला कलेक्टर्स की वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने वीसी के माध्यम से राजस्व न्यायालय के अंतर्गत आरसीएमएस के प्रकरण, आरबीसी 6-4 के प्रकरणों, ई-ऑफिस, सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की। उन्होंने किसानों को खाद वितरण केन्द्रों से खाद एवं उर्वरक पर्याप्त मात्रा में दिए जाने एवं वितरण की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद एवं उर्वरक की कालाबाजारी करने वालों पर सख्ती से कार्यवाही की जाए। आगामी त्यौहारों को लेकर जिले में कानून व्यवस्था की पुख्ता तैयारी करने, अतिवृष्टि, बाढ़ एवं सर्पदंश से हुई जनहानि के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। स्थानीय एनआईसी कक्ष से समीक्षा बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अरविंद सिंह, जेपी यादव, एसी ट्रायबल श्रीमती वंदना गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

# जिला प्रशासन एवं वन विभाग के द्वारा वन ग्रामों में पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र/ सुधार हेतु लगाए गए शिविर



**जागरण, डिंडोरी।** जिला प्रशासन एवं वन विभाग के द्वारा वन ग्रामों में पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र/ सुधार हेतु लगाए गए शिविर राजस्व विभाग, वन विभाग द्वारा वनग्रामों में वनाधिकार पत्र देने हेतु आज बुधवार को कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने वि.ख. डिण्डौरी के वनग्राम गिठौरी के वनग्राम गोरखपुर, खुदरपानी, टांडाटोला, नीचेटोला, के गोरखपुर में बरगद के पेड के नीचे ग्राम के लोगों की चौपाल लगाकर वनग्राम के पात्र हितग्राहियों से अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों से वनाधिकार पत्र दिलाने एवं संशोधन कार्य हेतु चौपाल का आयोजन किया गया। जहां पर 95 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम स्तरीय समिति, पटवारी, बीटगार्ड, सचिव को कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने दो दिवस के अन्दर पूर्ण कार्यवाही करने को कहा। साथ ही साथ पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र देने की ग्राम समिति को दो दिवस के अन्दर फाईल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। लापरवाही करने वाले कर्मचारी पर कार्यवाही की जायेगी। वही पर गांव के लोगो ने बरसात में टांडाटोला, गोरखपुर, नीचे टोला, खुदरपानी में कच्चा रोड, पहाडी घाट से घिरा होने एवं नाला में पुलिया न होने के कारण बच्चों को स्कूल आने जाने में कठिनाईयों को सामना करना पडता है। जिस पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम टांडाटोला, गोरखपुर, नीचे टोला, खुदरपानी तक 4 किमी लम्बे पंहुच मार्ग निर्माण कराने का अनुरोध किया। जिसे गंभीरता से लेते हुए स्वयं मौके पर जाकर जायजा लिया और पीएमजेएसवाई अधिकारियों को सडक निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। तहसीलदार श्रीशंशाक शिंदे, डीपीसी श्री राघवेन्द्र मिश्रा, श्री रमेश मरावी मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी, पीएचई, श्री श्याम सिंगोर, डिप्टी रेन्जर श्री किशन धुर्वे, श्री धनीराम परस्ते एवं बीटगार्ड स्टॉफ सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर परिवहन विभाग द्वारा 22,000 की चालानी कार्रवाई



**जागरण, डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन में परिवहन विभाग द्वारा जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गत दिवस मुड़की, नेवसा रोड एवं सागरटोला क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सवारी वाहनों की सीट संख्या, वाहन की फिटनेस, परमिट, रोड सेफ्टी सहित अन्य दस्तावेजों की वैधता तथा अन्य सुरक्षा मानकों की गहन जांच की गई। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर कुल 22,000 की चालानी कार्रवाई की गई।इस कार्रवाई में जिला परिवहन अधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंह गौतम सहित आरटीओ विभाग का स्टाफ मौजूद रहा। अधिकारियों ने जानकारी दी कि यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, जिससे आमजन में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

# कलेक्टर ने खाद वितरण केन्द्र का लिया जायजा, किसानों से की चर्चा



**जागरण, मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने बड़ी खैरी स्थित खाद वितरण केन्द्र व गोदाम का औचक निरीक्षण किया और यहां खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट, एसडीओ कृषि श्रीमती मधु अली, डीएमओ श्री आरएस तिवारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

डीएमओ ने बताया कि खाद वितरण केन्द्र पर पर्याप्त खाद एवं उर्वरक की उपलब्धता है। यहां खाद लेने पहुंचे किसानों से कलेक्टर श्री मिश्रा ने संवाद किया। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि खाद उर्वरक की आपूर्ति समय पर पारदर्शी तरीके से की जा रही है। किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। जिले में खाद एवं उर्वरक की पर्याप्त मात्रा है। उक्त गोदाम का उन्नयन बेहतर तरीके से करने के लिए प्राक्कलन तैयार करने क लिए भी निर्देशित किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को किसानों के लिए खाद वितरण केन्द्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रखने के निर्देश मौके पर दिए। निरीक्षण के दौरान डीएमओ ने बताया कि जुलाई माह के लिए लगभग 2000 मेट्रिक टन यूरिया चिरईडोंगरी रैक प्वाईंट के माध्यम से उपलब्ध कराने की मांग भोपाल स्तर से की गई है। इसके अलावा अगस्त माह की तैयारियों में 5000 मेट्रिक टन यूरिया का प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया है। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित मंडला से मिली जानकारी के अनुसार आज की स्थिति में मंडला, नैनपुर, बिछिया तथा निवास में उर्वरक की उपलब्धता है।

# लेबर ठेकेदार 3.29 लाख लेकर फरार, रेलवे और प्रशासन से गुहार, कंपनी जीएम बोले ठेकेदार और मजदूरों के बीच का मामला



**जागरण, खजुराहो।** खजुराहो रेलवे में काम करने वाले मजदूरों की मेहनत पर पानी फिर गया है। 35 से ज्यादा मजदूर, जिनमें ज़्यादातर दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग से हैं — बीते तीन महीने से अपनी मेहनत की कमाई के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

गढ़रपुरा निवासी मजदूर परमलाल ने बताया कि उन्होंने जनवरी, फरवरी और मार्च में के तहत काम किया था। ठेकेदार मो. अफताब अंसारी, निवासी झारखंड, से हर मिस्त्री को 500 और लेबर को 400 प्रति दिन के हिसाब से भुगतान तय हुआ था। लेकिन तीन में से केवल जनवरी का पैसा ही मिला। बाकी फरवरी और मार्च का भुगतान जो कुल 3,29,260 होता है आज तक नहीं मिला। ठेकेदार मार्च में रातोंरात भाग गया, पहले फोन उठायाज अब पूरी तरह से गायब है। मजदूर राजाराम ने बताया कि उन्होंने रेलवे में सरिया ढोने का काम किया था। जब ठेकेदार भाग गया, तब भी मजदूरों ने काम जारी रखा क्योंकि रेलवे के जीएम पी.बी. अप्पा राव ने कहा था कि भुगतान किया जाएगा। लेकिन अब वही अधिकारी कह रहे हैं जिसे जहां सुनाना है, सुना दो। मजदूर पुलिस थाना, एसपी ऑफिस और कलेक्टर कार्यालय सब जगह शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। कंपनी के जीएम पीवी अप्पा राव ने सफाई दी है कि मजदूरों से कंपनी का कोई डायरेक्ट कनेक्शन नहीं था, ठेका आफताब अंसारी को दिया गया था। उसने मजदूरों का पैसा खा लिया और खुद डेढ़ लाख एक्स्ट्रा लेकर भाग गया। साथ में मोहन सिंह नामक एक व्यक्ति भी शामिल बताया गया है। खजुराहो थाना प्रभारी सुरभि शर्मा ने मजदूरों का आवेदन लिया है और बीट प्रभारी सुनील यादव को जांच सौंप दी गई है। फिलहाल सभी मजदूरों को एक ही आस है ङ्क उन्हें उनकी मेहनत की सही कीमत मिले।

# यह रज़ा साहब को मरणोत्तर जीवन देने की कोशिश है : अशोक वाजपेयी

## महान चित्रकार पद्मविभूषण सैयद हैदर रज़ा की नवमीं पुण्यतिथि पर चादर पेश कर दी गई पुष्पांजलि



**जागरण, मंडला।** बुधवार को पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण से सम्मानित महान चित्रकार सैयद हैदर रज़ा की 9वीं पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि दी गई। रज़ा फाउंडेशन द्वारा आयोजित रज़ा स्मृति में शामिल होने आए कवि, विभिन्न कलाकार व उनके सभी चाहने वाले स्थानीय बिंझिया स्थित कब्रिस्तान में हैदर रज़ा और उनके पिता की कब्र पर चादर चढ़ाई व पुष्प अर्पित किए। बता दे कि हैदर रज़ा का लगभग 95 वर्ष की आयु में 23 जुलाई 2016 को दिल्ली में निधन हुआ था। उनकी इच्छा के मुताबिक उनके पार्थिव शरीर को मंडला लाकर उनके वालिद की कब्र के बगल में पूरे राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द ए खाक किया गया था। तब से ही रज़ा फाउंडेशन द्वारा उनकी याद में रज़ा स्मृति का आयोजन मंडला में किया जा रहा है। इसमें स्थानीय कलाकारों के साथ - साथ देश के अलग - अलग जगहों से कलाकार शामिल हो रहे है।

अपने मित्र हैदर रज़ा को पुष्पांजलि देते हुए रज़ा फॉउण्डेशन के प्रबंध न्यासी अशोक वाजपेयी कहते है कि यह सोचना हम जैसे लोगों के लिए बहुत कठिन है कि 9 वर्ष हो गए हैं। क्योंकि रज़ा साहब से जो दोस्ती थी, जो याराना था, जो नजदीकी थी, वह इतनी लंबी थी और अब उसको खत्म हुए 9 बरस बीत गए हैं। तो हम लोगों की यह कोशिश है कि रज़ा साहब भले उनका जो कायिक शरीर है, वह भले यहां दफन है, उनका जो आत्मिक शरीर है, उनका जो कलात्मक शरीर है वह तो जीवित है और उसको जीवित रखने की हम लोग थोड़ी बहुत कोशिश करते हैं। कोई जीवित तभी रह सकता है जब और कलाकार और संस्कृति कर्मी और कवि और संगीतकार और नृत्यकार उस रचनात्मकता में शामिल हो, जिसके वह बहुत बड़े प्रतीक थे। तो यह कोशिश है इसलिए हर वर्ष हम उनकी पुण्यतिथि पर 5 दिनों का आयोजन करते हैं। फरवरी में भी आयोजन करते हैं। यही कोशिश है उनको मरणोत्तर जीवन देने की और खुद उनमें ही जीवन देने की नहीं, उनके बहाने औरों को भी कलात्मक जीवन देने की कोशिश है। काशी से राम की शक्ति पूजा का मंच व काव्य पाठ करने मंडला पहुंचे व्योमेश शुक्ल ने कहा कि रज़ा साहब का कृति व्यक्तित्व, भारतीय कलाओं, समकालीन भारतीय साहित्य और सभ्यता के दूसरे कलात्मक अनुसंगों के उत्थान में संशोधन और प्रवर्धन में बहुत काम आया है। रज़ा साहब जितने बड़े चित्रकार थे कलाओं के अभिभावक भी थे और उन्हीं के समक्ष उनकी लीला सहचर अशोक वाजपेयी जी की प्रेरणा और समर्थन से हिंदी साहित्य, रंगमंच और ललित कला की न जाने कितनी पीढ़ियों ने बदलती हुई दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना सीखा है। राम की शक्ति पूजा कल मंडला में देखी गई और सराही गई। यह मेरे लिए और मेरे रंग समूह के लिए और जिस महान सभ्यता से मैं आता हूं काशी से, स्वयं काशी के लिए बहुत सौभाग्य की बात है। मैं कल कह भी रहा था कि हमने मैं गंगा जी और नर्मदा जी के जल को आपस में मिला दिया है। कुछ वैसा ही अनुभव आज यहां रज़ा साहब की समाधि स्थल पर पहुंचकर उनको अपनी श्रद्धा के फूल निवेदित करके मैं बहुत कृतज्ञ ता का अनुभव कर रहा हूं। यह जो कृतज्ञता का भाव है, जो शब्दातीत है, शब्दों में लिखकर, किताबें तैयार कर, वह कभी संपूर्ण नहीं हो सकता, मेरा ऐसा ख्याल है, जब तक आपकी पार्थिव और भौतिक उपस्थिति से सीधे-सीधे ना जुड़ जाए, आपके दिल को ठंडक नहीं मिलती। यहां आने के बाद मेरा अंतर करण जो है संपूर्ण है और यह देख पा रहा है कि मंडला की जनता सब का मरणोत्तर जीवन है उनके पार्थिव देव की मृत्यु के बाद नया जीवन शुरू हुआ है 2016 के बाद जो कलात्मक प्रसंग यहां किया जा रहे हैं उससे बहुत आंदोलित है। यह सांस्कृतिक साक्षरता का अभियान इसी तरह चलता रहे यह शुभकामनाएं।

पूर्व विधायक डॉ. अशोक मर्सकोले भी रज़ा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे। उन्होंने ने कहा कि यह हमारे मंडला के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि इतने बड़े कलाकार, इतने बड़े कला के ज्ञानी हमारे मंडला के है। रज़ा फाउंडेशन द्वारा कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए उनकी पुण्यतिथि और जन्म तिथियां पर जो कार्यक्रम आयोजित होते हैं उसमें पूरे देश से कलाकार आते हैं। इससे स्थानीय कलाकार अपनी कला में निखारे ला सकते है। हमारे मंडला में भी एक से बढ़कर एक प्रतिभा है। यदि उन्हें सही मौका मिले तो वे भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना मुकाम बना सकते है।

इस दौरान रज़ा उत्सव में शामिल होने आए कवि, साहित्यकार, नृत्यकार, रंगकर्मी, कलाकारों के साथ - साथ रज़ा साहब के चाहने वाले बड़ी संख्या में उपास्थि थे। रज़ा साहब को पुष्पंजलि अर्पित करने के साथ ही 5 दिवसीय रज़ा स्मृति का भी समापन हो गया। रज़ा स्मृति 2025 के आयोजन में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद्, मण्डला, इनर वोइस सोसाइटी, नागपुर कॉलेज ऑफ आर्ट बतौर सहयोगी शामिल थे। रज़ा फाउंडेशन के सदस्य सचिव संजीव चौबे ने रज़ा स्मृति के विभिन्न आयोजनों को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन, जिला पुलिस बल, नगर पालिका परिषद्, स्थनीय कलाकार, कला प्रेमियों, मीडियाकर्मियों सहित उन सभी लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया है जिन्होंने रज़ा स्मृति को सफल बनाने में एहम भूमिका का निर्वहन किया है।

# कलेक्टर ने किया मत्स्य बीज उत्पादन केन्द्र का निरीक्षण



**जागरण, मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा बुधवार को मत्स्य बीज उत्पादन केन्द्र कटरा का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां सहायक संचालक मत्स्य विभाग श्री एलएस सैयाम से बीज उत्पादन केन्द्र को लेकर कई बिन्दुओं पर चर्चा की। उन्होंने यहां उत्पादन हैचरी, स्पॉनिंग पूल, इन्क्यूवेशन पूल, प्रजनक पोखर आदि का अवलोकन कर प्रक्रिया को जाना। सहायक संचालक श्री सैयाम ने बताया कि केन्द्र में रोहू, कतला एवं मिरगल मछली बीज का उत्पादन वर्तमान में किया जा रहा है। जिले के मत्स्य पालकों के लिए पर्याप्त मात्रा में मछली बीज की उपलब्धता है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि यह केन्द्र किसानों को मछली उत्पादन की दिशा में आर्थिक रूप से सशक्त करने और आजीविका के साधन प्रदान करने की महत्वपूर्ण कड़ी है। जिले में मत्स्य पालन को व्यवसायिक स्तर तक ले जाने और मत्स्य पालकों को आय के अतिरिक्त अवसर प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। कलेक्टर ने यहां निर्मित किए गए फिश पोंड के आसपास समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था करने और प्लांट के समीप आवासो से निकलने वाला गंदा पानी फिश पोंड में न मिले। फिश पोंड की मेढ़ पर अरहर, पपीता आदि की खेती करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, सहायक संचालक मत्स्य श्री एलएस सैयाम सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# ईडी की कार्यप्रणाली पर लगातार उठ रहे सवाल

> ईडी के पास धनशोधन जैसे आर्थिक अपराधों की जांच करने की शक्ति है। हर जांच एजेंसी की कार्यप्रणाली में कुछ न कुछ खामियां होती हैं, लेकिन जब सिलसिलेवार तरीके से सवाल उठने लगे तो यह दामन पर दाग लगने जैसा होता है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्यप्रणाली को लेकर शक्तियों के इस्तेमाल, पारदर्शिता की कमी और राजनीतिक दुरुपयोग जैसे सवाल उठते रहे हैं। ईडी पर विपक्षी दलों को निशाना बनाने और सत्ताधारी दल के सदस्यों के प्रति नरमी बरतने के आरोप भी लगते रहते हैं। इसके अलावा, ईडी की ओर से दर्ज मामलों में दोषसिद्धि की दर कम होने पर भी सवाल उठ चुके हैं। ये सवाल तब और गंभीर हो जाते हैं, जब कुछ मामलों में न्यायालय की ओर से भी जांच एजेंसी की कार्यप्रणाली को संदेह की नजर से देखा जाता है।

गौरतलब है कि मद्रास उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह सख्त टिप्पणी की कि ईडी कोई 'ड्रोन' नहीं है जो आपराधिक गतिविधि का पता चलते ही हमला कर दे। साथ ही कहा कि जांच एजेंसी एक अत्यधिक दक्ष पुलिस अधिकारी (सुपर कॉप) की तरह नहीं है, जो उसके संज्ञान में आने वाली हर चीज की जांच करे। हर जांच एजेंसी की कार्यप्रणाली में कुछ न कुछ खामियां होती हैं, लेकिन जब सिलसिलेवार तरीके से सवाल उठने लगे तो यह दामन पर दाग लगने जैसा होता है।

ईडी के पास धनशोधन जैसे आर्थिक अपराधों की जांच करने की शक्ति है। कोर्ट ने ईडी के अधिकार क्षेत्र की तुलना एक लिमपेट माइन से की, जिसे चलाने के लिए एक जहाज की जरूरत होती है। अदालत ने कहा, जहाज ही अपराध का आधार है और अपराध की आय है।

विपक्षी दल ऐसे आरोप लगाते रहे हैं कि राजनीतिक दबाव में जांच एजेंसी इस शक्ति का दुरुपयोग कर रही है। ईडी की शक्तियों से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि अगर जांच एजेंसी के पास मौलिक अधिकार हैं तो उसे लोगों के अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए। जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को ईडी द्वारा तलब किए जाने से जुड़े एक मामले में सोमवार को शीर्ष अदालत ने कहा कि ईडी सारी हदें पार कर रही है।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा- कृपया अदालत का इस्तेमाल राजनीतिक मंच के रूप में न करें। हमें मुंह खोलने के लिए मजबूर न करें... हमें ईडी के बारे में कुछ कठोर टिप्पणियां करनी पड़ेंगी। इस वायरस को देश में हर जगह न फैलाएं। राजनीतिक लड़ाई मतदाताओं के सामने लड़ी जाए। इसके लिए आपका दुरुपयोग क्यों किया जा रहा है? दरअसल, कुछ वकीलों को आर्थिक अपराधों के मामले में आरोपियों को सलाह देने के चलते ईडी ने समन जारी किया था।


इसके अलावा, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की पत्नी से संबंधित भूखंड आवंटन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चेताया है कि राजनीतिक लड़ाई मतदाताओं के सामने लड़ी जानी चाहिए, इसमें ईडी जैसी जांच एजेंसियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

जाहिर है, लगातार उठते सवालों के बीच ईडी को अपनी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता के मानक सुनिश्चित कर राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर काम करना चाहिए, ताकि उसकी साख पर कोई बट्टा न लगे।

# वकील से उपराष्ट्रपति तक उपलब्धियों और विवादों का सफर

चर्चित व्यक्तित्व

**जयसिंह रावत**



> जगदीप धनखड़ का राजनीतिक और संवैधानिक सफर उपलब्धियों और विवादों का मिश्रण रहा है। एक वकील से उपराष्ट्रपति तक, उन्होंने अपनी बौद्धिक क्षमता और प्रखर वक्तृत्व से भारतीय लोकतंत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। धनखड़ के सबसे चर्चित विवाद सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका से जुड़े रहे।

अपनी बेवाक टिप्पणियों से सुर्खियां बटोरने वाले उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सोमवार को संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन अचानक इस्तीफा देकर देश की राजनीति में भारी भूचाल पैदा कर गए। हालांकि, उनसे पहले भी दो उप राष्ट्रपतियों ने कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस्तीफे दिए थे, लेकिन उनके इस्तीफे राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए थे। जगदीप धनखड़ एक प्रखर वक्ता, संवैधानिक विशेषज्ञ और लोकतंत्र के प्रबल समर्थक के रूप में जाने जाते हैं। राजस्थान के झुंझुनू जिले के किठाना गांव में 18 मई 1951 को जन्मे धनखड़ ने अपने करियर में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं, जैसे वकील, सांसद, केन्द्र में मंत्री, राज्यपाल, राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति के रूप में। हालांकि, उनके बयानों और निर्णयों ने अक्सर विवादों को जन्म दिया, जिसने उन्हें सुर्खियों में रखा।

**संवैधानिक विशेषज्ञ और प्रखर वक्ता :** जगदीप धनखड़ का सफर एक वकील के रूप में शुरू हुआ। 1979 में राजस्थान बार काउंसिल में नामांकन के बाद, उन्होंने 1990 में राजस्थान उच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई। संवैधानिक कानून में उनकी विशेषज्ञता ने उन्हें सुप्रीम कोर्ट में एक प्रमुख वकील बनाया। उन्होंने हरियाणा जैसे राज्यों का सतलुज नदी जल विवाद में प्रतिनिधित्व किया और राजस्थान उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। राजनीति में प्रवेश के साथ, धनखड़ ने 1989 में झुंझुनू से लोकसभा सांसद के रूप में अपनी शुरुआत की और 1990 में चंद्रशेखर सरकार में संसदीय कार्य राज्य मंत्री रहे। 1993 से 1998 तक वे राजस्थान विधानसभा के सदस्य रहे। 2019 में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और 2022 में भारत के उपराष्ट्रपति बनने तक, उन्होंने विभिन्न संवैधानिक पदों पर अपनी छाप छोड़ी। उनकी वक्तत्व कला और संवैधानिक ज्ञान ने उन्हें एक प्रभावशाली व्यक्तित्व बनाया। उपराष्ट्रपति के रूप में, उन्होंने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया, संस्कृत के उपयोग को बढ़ावा दिया और आयुर्वेद जैसी प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों का समर्थन किया।

**पश्चिम बंगाल में टकराव :** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल (2019-2022) के रूप में धनखड़ का कार्यकाल विवादों से भरा रहा। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार के साथ उनके मतभेद सुर्खियों में रहे। कानून-व्यवस्था, चुनाव के बाद हिंसा, भ्रष्टाचार और विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्तियों जैसे मुद्दों पर उन्होंने टीएमसी सरकार की खुलकर आलोचना की। 2019 में धनखड़ ने टीएमसी सरकार के खिलाफ ट्विटर पर अपनी आलोचना शुरू की, जिसके जवाब में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें पत्र लिखकर उनकी टिप्पणियों को अनुचित बताया। 2022 में, टीएमसी सरकार ने राज्यपाल को विश्वविद्यालयों के कुलपति पद से हटाकर मुख्यमंत्री को यह जिम्मेदारी सौंप दी, जो एक बड़ा विवाद बना। धनखड़ पर विधायी प्रक्रियाओं में देरी का आरोप भी लगा, जैसे कि महत्वपूर्ण विधेयकों को मंजूरी देने में विलंब।

**विपक्ष के साथ तनाव :** उपराष्ट्रपति के रूप में, धनखड़ स्वतः राज्यसभा के सभापति बने। इस भूमिका में, उनके और विपक्ष के बीच तनावपूर्ण संबंध कई बार चर्चा में रहे। 2022 के शीतकालीन सत्र में, उन्होंने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग को रद्द करने वाले 2015 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को "संसदीय संप्रभुता का गंभीर उल्लंघन" बताया, जिसने विपक्ष की तीखी प्रतिक्रिया को जन्म दिया। 2023 में, संसद सुरक्षा उल्लंघन पर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर 146 सांसदों के निलंबन ने विवाद को और बढ़ाया। विपक्ष ने धनखड़ पर पक्षपात का आरोप लगाया, दावा किया कि वे सत्तारूढ़ दल के पक्ष में कार्य कर रहे थे। 2024 में, विपक्ष ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की कोशिश की, जिसमें उन पर विपक्षी सांसदों को दबाने और सत्तारूढ़ दल को तरजीह देने का आरोप था। हालांकि, यह प्रस्ताव संख्याबल के अभाव में पारित नहीं हुआ।

**सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणियां :** धनखड़ के कुछ सबसे चर्चित विवाद सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका से जुड़े रहे। अप्रैल 2025 में, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए समयसीमा निर्धारित की। धनखड़ ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह "न्यायिक अतिक्रमण" है और अनुच्छेद 142 (जो सुप्रीम कोर्ट को पूर्ण न्याय के लिए विशेष शक्तियां देता है) को "लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ परमाणु मिसाइल" बताया। उन्होंने तर्क दिया कि संसद सर्वोच्च है और निर्वाचित प्रतिनिधि ही संविधान के अंतिम स्वामी हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या न्यायाधीश, जो जवाबदेही से मुक्त हैं, विधायिका और कार्यपालिका की भूमिका निभा सकते हैं। उनकी इन टिप्पणियों की विपक्ष ने तीखी आलोचना की। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि ऐसी टिप्पणियां असंवैधानिक हैं और राज्यसभा सभापति को तटस्थ रहना चाहिए। इसके अतिरिक्त, धनखड़ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास से जली हुई नकदी की बरामदगी के मामले में जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि क्या न्यायाधीश देश के नागरिकों और संविधान के प्रति जवाबदेह नहीं हैं।


**सत्तारूढ़ दल का समर्थन :** धनखड़ के कुछ बयानों को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की विचारधारा का समर्थन करने वाला माना गया। उदाहरण के लिए, जुलाई 2024 में, उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की निर्विवाद साख की प्रशंसा की, जिसे विपक्ष ने पक्षपातपूर्ण माना। 2025 में, उन्होंने कांग्रेस द्वारा गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लाए गए विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव को खारिज कर दिया, जिससे विपक्ष और भड़क गया। विपक्ष ने दावा किया कि धनखड़ की टिप्पणियां और निर्णय अक्सर बीजेपी के पक्ष में झुके हुए थे, जिससे उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठे। दूसरी ओर, उनके समर्थकों का कहना है कि उनकी बेबाक टिप्पणियां संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्रीय हित की रक्षा के लिए थीं।

**एक जटिल विरासत :** जगदीप धनखड़ का राजनीतिक और संवैधानिक सफर उपलब्धियों और विवादों का मिश्रण रहा है। एक वकील से उपराष्ट्रपति तक, उन्होंने अपनी बौद्धिक क्षमता और प्रखर वक्तृत्व से भारतीय लोकतंत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके द्वारा संस्कृत, आयुर्वेद और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों को बढ़ावा देना उनकी सकारात्मक छवि को दर्शाता है। हालांकि, उनके बेबाक बयानों और निर्णयों ने उन्हें बार-बार विवादों के केंद्र में ला खड़ा किया। पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार के साथ टकराव, राज्यसभा में विपक्ष के साथ तनाव और सुप्रीम कोर्ट पर उनकी टिप्पणियों ने उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठाए। फिर भी, उनके समर्थकों का मानना है कि उनकी आलोचनाएँ संवैधानिक संतुलन और संसदीय संप्रभुता को बनाए रखने के लिए आवश्यक थीं। 2025 में स्वास्थ्य कारणों से उनके इस्तीफे ने उनके कार्यकाल को और चर्चा में ला दिया। धनख? की विरासत को लेकर मतभेद बने रहेंगे, लेकिन यह निर्विवाद है कि उन्होंने भारतीय राजनीति में एक अमिट छाप छोड़ी। उनकी बेबाकी, संवैधानिक ज्ञान और लोकतंत्र के प्रति समर्पण उन्हें एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में याद रखा जाएगा, जिसने हमेशा अपने विचारों को बिना किसी डर के व्यक्त किया।

# हर महिला का अधिकार हो सुरक्षित गर्भपात

महिला अधिकार

**यशपाल वालिया**




> संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या फंड (यूएनएफपीए) के अनुसार भारत में असुरक्षित गर्भपात से संबंधित मामलों में रोजाना तकरीबन 8 महिलाओं की मौत होती है। मातृत्व मौतों का यह तीसरा सबसे बड़ा कारण है- हर 3 गर्भपातों में से लगभग 2 असुरक्षित होते हैं। जरूरी है कि गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर करने के संदर्भ में सरकार गंभीर हो और महिलाओं को अपने शरीर पर पूर्ण अधिकार मिले।

भारत में गर्भधारण के 24 सप्ताह बाद अगर गर्भपात कराना हो तो मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर अदालतें तय करती हैं कि ऐसा कराया जा सकता है या नहीं। इसलिए चोरी-छुपे अवैध गर्भपात कराये जाते हैं जोकि असुरक्षित होते हैं। ऐसे में नया कानून लाया जाये, जिसके तहत भ्रूण के अधिकारों पर गर्भवती महिला के अधिकारों को वरीयता दी जाये।

महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में सुरक्षित गर्भपात बहुत मददगार है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या फंड (यूएनएफपीए) के अनुसार भारत में असुरक्षित गर्भपात से संबंधित मामलों में रोजाना तकरीबन 8 महिलाओं की मौत होती है। मातृत्व मौतों का यह तीसरा सबसे बड़ा कारण है- हर 3 गर्भपातों में से लगभग 2 असुरक्षित होते हैं। ऐसे में जरूरी है कि गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर करने के संदर्भ में सरकार गंभीर हो और महिलाओं को अपने शरीर पर पूर्ण अधिकार होना चाहिए। इस पृष्ठभूमि में दिल्ली हाईकोर्ट का नवीनतम फैसला महत्वपूर्ण है। अदालत ने मेडिकल बोर्ड से असहमत होते हुए दुष्कर्म की एक नाबालिग पीड़िता को 27 सप्ताह के गर्भधारण को समाप्त करने की अनुमति प्रदान की है। अक्सर अदालतें इस किस्म की अपीलों को ठुकरा देती हैं। गर्भपात को अपराध नहीं माना जाना चाहिये लेकिन यह काम संसद द्वारा कानून निर्मित करके या सुप्रीम कोर्ट की नजीर से ही संभव है।

**हितकारी फैसला :** गौरतलब है कि 2022 में जब अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को उनके गर्भपात अधिकारों से वंचित कर दिया था, तो दुनियाभर में गर्भपात अधिकारों को लेकर तीखी बहस छिड़ी। तब भारत के सुप्रीम कोर्ट ने 21 जुलाई 2022 को प्रगतिशील फैसला सुनाते हुए एमटीपी (मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी) एक्ट-1971 व उसमें 2021 में किये गये संशोधन और प्रासंगिक नियमों में जो वैधानिक खालीपन था, उसे भर दिया था और अविवाहित महिला को भी 20-24 सप्ताह के अनचाहे भ्रूण को गिराने की अनुमति प्रदान की थी बशर्ते कि मेडिकल विशेषज्ञ सुरक्षा को सर्टिफाई कर दें। यह महिला सशक्तिकरण और महिला के अपने शरीर पर अधिकार के संदर्भ में मील का पत्थर था। लेकिन इससे भी आगे बढ़ने की जरूरत थी।

**इंग्लैंड ने हटाई पाबंदी :** भारत में गर्भधारण के 24 सप्ताह बाद अगर गर्भपात कराना हो तो मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर अदालतें तय करती हैं कि ऐसा कराया जा सकता है या नहीं। इसलिए चोरी-छुपे अवैध गर्भपात कराये जाते हैं जोकि असुरक्षित होते हैं। इसके उलट यूनाइटेड किंगडम (यूके) में जून में हाउस ऑफ कॉमंस ने भारी बहुमत से 24 सप्ताह की निर्धारित संवैधानिक सीमा के बाद गर्भपात कराने को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया है। गर्भपात कराने पर महिलाओं की जांच, गिरफ्तारी, मुकदमे या जेल पर पाबंदी लगा दी गई है। लेकिन भारत में ऐसा नहीं है। कानून को सख्त कर दिया गया है और कानून के तहत अक्सर गर्भवती महिला पर जोर दिया जाता हैं कि वह गर्भावस्था अवधि को पूरा करे व बच्चे को जन्म दे। इस स्थिति में महिलाएं असुरक्षित गर्भपात की राहें तलाश करती हैं। हालात इस वजह से अधिक जटिल हो जाते हैं; क्योंकि भारत में दाइयों व स्त्री रोग विशेषज्ञों की जबरदस्त कमी है।

**महिला समानता का उल्लंघन**

गौरतलब है कि महिलाओं के विरुद्ध भेदभाव को समाप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र की जो आम सिफारिश 33 है, जिसे भारत ने भी स्वीकार किया है, का स्पष्ट प्रावधान है कि जिन मेडिकल सेवाओं की केवल महिलाओं को आवश्यकता पड़ती है, जैसे गर्भपात, उनका अपराधीकरण करना महिलाओं के बराबरी के अधिकार का उल्लंघन करना है। पुरानी नैतिकता को अपनाना अंतर्राष्ट्रीय कानून का भी उल्लंघन करना है।

**अधिकारों की विस्तृत परिभाषा लेकिन... :** सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में इन अधिकारों को बरकरार रखते हुए विस्तृत परिभाषा दी है। लेकिन महिलाओं को अक्सर प्रेग्नेंसी का टर्म पूरा करने के लिए मजबूर किया जाता है। जरूरत इस बात की है कि एमपीटी कानून की जगह नया अधिकार आधारित कानून लाया जाये, जिसके तहत भ्रूण के अधिकारों पर हर मामले में गर्भवती महिला के अधिकारों को वरीयता दी जाये और डॉक्टर या मेडिकल सिस्टम न इससे इंकार कर सकें और न ही इसमें कटौती कर सकें। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि किसी भी महिला के लिए गर्भपात का फैसला आसान नहीं होता है। इसलिए जब वह अपने जीवन के सबसे कठिन पल में होती है, तब उस पर अतार्किक नैतिकता थोपना अन्याय है। सुरक्षित गर्भपात का हक हर महिला को मिलना चाहिए।


प्रसंगवश

# विमान सेवाओं में शिकायतों का बढ़ना अफसोसजनक

> विमान सेवाओं में शिकायतों का बढ़ना बहुत अफसोस और चिंता की बात है। विमान संबंधी एक शिकायत थमती नहीं कि दूसरी शिकायतों का अंबार लगने लगता है। अगर छोटे हादसों या दुर्घटनाओं का सिलसिला नहीं थमेगा, तो लोग हवाई सेवा की सुरक्षा के प्रति पूरे मन से आश्वस्त नहीं हो पाएंगे।

विमान सेवाओं में शिकायतों का बढ़ना बहुत अफसोस और चिंता की बात है। विमान संबंधी एक शिकायत थमती नहीं कि दूसरी शिकायतों का अंबार लगने लगता है। सोमवार को कोच्चि से आ रहा विमान जब मुंबई में उतरा, तो रनवे से भटक गया और उसके तीन टायर फट गए। विमान का इंजन भी क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, यह अच्छी बात रही कि यात्री और चालक दल पूरी तरह सुरक्षित रहे। फिर भी यह पड़ताल का विषय है कि विमान के टायर को कैसे बचाया जा सकता है? क्या यह दुर्घटना केवल बारिश या रनवे पर ज्यादा पानी की वजह से हुई? किसी विमान के उतरते समय रनवे से बाहर चले जाने के पीछे क्या कार्य-कारण हैं? ऐसे ही अनेक तरह के सवाल लोगों के मन में उमड़ रहे हैं। इसके ठीक एक दिन बाद ही दिल्ली एयरपोर्ट पर एयरइंडिया के विमान में आग लग गई। संयोग कोई हताहत नहीं हुआ। अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को लोग भूल नहीं पा रहे हैं। अगर छोटे हादसों या दुर्घटनाओं का सिलसिला नहीं थमेगा, तो लोग हवाई सेवा की सुरक्षा के प्रति पूरे मन से आश्वस्त नहीं हो पाएंगे। यह ध्यान देने की बात है कि बीते मंगलवार से इस मंगलवार तक करीब 20 दुर्घटनाएं या गड़बड़ियां हैं, जिन्हें उड्डयन के विशेषज्ञों ने दुनिया भर में दर्ज किया है। इंजन में आग लगना, केबिन में खराबी, पक्षी का टकराना, इंजन का बंद हो जाना, विमान का एक ओर गोते लगाकर संभलना, कॉकपिट में कोई खराबी, इत्यादि नाना प्रकार की शिकायतें बीते सप्ताह में ही सामने आई हैं। भारत में ही नहीं, अमेरिका व यूरोपीय देशों में भी विमानों में लगातार गड़बड़ियां दर्ज की जा रही हैं। ऐसा क्यों हो रहा है? क्या विमानों की गुणवत्ता घटी है? क्या विमानों के संचालन, रख-रखाव में कमी आई है? विमानन कंपनियों को पूरे विस्तार में अपनी सेवाओं की समीक्षा करनी चाहिए। भारत में शिकायतें केवल एअर इंडिया तक सीमित नहीं हैं। इसी 16 जुलाई को इंडिगो एयरबस का एक विमान दिल्ली से गोवा के लिए उड़ा था, जिसमें 173 यात्री सवार थे। कुछ ही देर बाद चालक दल ने इंजन में खराबी की सूचना दी। विमान को वापस मुंबई में उतारने में कामयाबी मिल गई। हो सकता है कि खराबी ज्यादा न हो, पर किसी विमान में रत्ती भर खराबी भी भय का संचार करती है। विमानन कंपनियों को अपनी साख, सुविधा और सुरक्षा पर सोलह आना ध्यान देना चाहिए। अहमदाबाद में हुई दुर्घटना भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए दाग है। ऐसे में, यहां किसी भी शिकायत की गुंजाइश छोड़ना शर्मनाक होगा। भारत में विमानन से जुड़े लोग पूरी तरह से सजग रहें, विपरीत परिस्थितियों को भी अनुकूल बनाने के लिए तैयार रहें, इसी में सबका हित है। आज लोगों के बीच आम चर्चा से लेकर संसद तक विमान हादसे की गूंज है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय को संसद में यह बताना पड़ा है कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो पूरी तरह से निष्पक्ष है। मतलब साफ है, लोगों के मन में सवाल हैं, उन्हें लग रहा है कि पूरा सच सामने नहीं आएगा। अगर वायु सेना के विमानों की बात करें, तो इसी महीने चुरु, राजस्थान में एक जगुआर यान गिरा, जिसमें दो पायलट की मौत हो गई। इस साल यह तीसरा जगुआर हादसा था। वैसे इस वर्ष भारतीय वायुसेना पांच विमान गंवा चुकी है। साल 2020 के बाद भारत अपने 42 यान गंवा चुका है। गौर कीजिए, युद्धकाल की तुलना में शांतिकाल में हमें ज्यादा नुकसान हुआ है। लोग भूले नहीं हैं, पहले के समय में मिग 21 को उड़ता ताबूत कहते थे, अब जगुआर को लेकर भी यही चर्चा होने लगी है। अतः सबसे पहले हमारी वायुसेना को सुरक्षित उड़ान सुनिश्चित करते हुए समग्र भारतीय विमानन क्षेत्र को प्रेरित करना होगा।

## ॥गीता॥



**श्लोक**

**न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्‌।**
**कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः॥**

**भावार्थ**

निःसंदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।

जीवन दर्शन

# इंद्रधनुष के रंग जीवनानुभवों के प्रतीक

हम जब भीतर की आग को सहते हैं, तब कोई अदृश्य शक्ति धीरे-धीरे बादलों को हमारे अंतरिक्ष में एकत्र करती है, और जब भीतर के तप की घड़ी पूरी होती है, तब वर्षा गिरती है। कभी वह करुणा बनकर, कभी मौन बनकर, कभी आत्म-ज्ञान की बूँद बनकर सामने आती है। वर्षा की बूँद का स्थिर स्वर हमें भीतर के मौन से परिचित कराता है, जहाँ शब्द नहीं, केवल अनुभव होता है। प्रकृति के इस चक्र में एक और रहस्य है, हर वर्षा के बाद इंद्रधनुष का उगना। वह सात रंग जो इस बात का प्रतीक है कि जीवन में हर अनुभव, चाहे वह सुख हो या दुःख, एक रंग है, और सब मिलकर ही पूर्णता बनाते हैं। यदि एक भी रंग न हो, तो इंद्रधनुष अधूरा है। इसी प्रकार, जीवन में जो वर्षा हमें दुखी करती है, वही हमें रंगों से भर देती है। यह सत्य है कि कभी-कभी हम जीवन में ऐसे समय से गुजरते हैं जहाँ सब कुछ स्पष्ट होता है, आकाश की तरह नीला, लेकिन शुष्क। हम जानते हैं कि हमें क्या करना है, किन्तु भीतर कोई तरलता नहीं बचती। ऐसे समय बादल हमें सिखाते हैं कि भरा हुआ होना एक प्रक्रिया है। उन्हें बनने में समय लगता है। जीवन में भी अनुभवों को, पीड़ाओं को, प्रेम को इकट्ठा होने देना होता है, तब कहीं जाकर एक पूर्ण भावना बनती है, जो किसी दिन वर्षा की तरह उतरती है। आज जब पर्यावरण असंतुलित हो गया है, वर्षा कभी समय से पहले आती है, कभी देर से, तो इसका संकेत केवल जलवायु परिवर्तन तक सीमित नहीं। यह आत्मिक संकेत भी है, कि हमें फिर से प्रकृति के साथ अपनी लय को साधना है। बादल हमें यह सिखाते हैं कि अधूरे होकर भी ठहरना संभव है। वे पूर्ण नहीं होते, लेकिन तब भी आकाश को ढँक लेते हैं। यह सहना, यह प्रतीक्षा, यह विसर्जन, सब कुछ एक आध्यात्मिक अभ्यास बन सकता है यदि हम देखने का भाव बदल दें। जब हमारी आंतरिक ऋतुएँ, हमारी चेतना की गति, प्रकृति के साथ सामंजस्य में आती हैं, तभी जीवन में पूर्णता उतरती है। क्योंकि जब प्रकृति गिरती है, वह टूटती नहीं, निखरती है। वर्षा उसी निखरने की भाषा है। और हम भी प्रकृति की ही संतति हैं। बादल हमें सिखाते हैं, अपने भीतर की अस्थिरता को स्वीकारना। और वर्षा सिखाती है, उसे प्रकट कर देना, बिना संकोच, बिना भय। यही वह मार्ग है जो हमें भीतर की स्पष्टता और बाहर की सहजता दोनों देता है। जब जीवन में उलझन हो, जब दिशा स्पष्ट न हो, तब केवल एक क्षण आकाश की ओर देखना पर्याप्त हो सकता है, हो सकता है, आपके भीतर भी कुछ घटने लगे जो शब्दों से परे हो। इसलिए अगली बार जब वर्षा हो, जब बादल आकाश को ढँकें और पहली बूँद धरती को छुए, तो एक क्षण ठहरिए। न केवल छाते के नीचे, बल्कि आत्मा के भीतर। पूछिए स्वयं से, क्या मैंने भी कुछ संचित कर रखा है जो अब बहने को तैयार है? क्या मेरे भीतर भी कोई बादल बन चुका है जो कृपा की वर्षा बन सके? क्योंकि हर बादल एक अवसर है, और हर वर्षा एक उत्तर।

**- योगाचार्य सुरक्षित गोस्वामी**

# खाद के लिए कहीं भी किसान न हो परेशानः सीएम

## कैबिनेट से पहले मंत्रियों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी मंत्री अपने-अपने प्रभार के जिलों का प्रवास करें और खाद की व्यवस्था को दुरस्त करें। सीएम ने कहा कि इस मामले में किसी भी तरह की शिकायत को बर्दाश्त नहीं किया जाए और किसी भी दोषी के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाना चाहिए।

कैबिनेट की बैठक के पहले सीएम मंत्रिपरिषद के साथ अनौपचारिक संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बोवनी का काम शुरु हो गया है। किसानों को समय पर खाद मिलना चाहिए। यह काम प्रभारी मंत्रियों को देखना है कि कहीं भी किसान खाद के लिए परेशान नहीं हो। उन्होंने बताया कि विपणन संघ के डबललॉक केन्द्रों पर इलेक्ट्रॉनिक टोकन सिस्टम लगाने की व्यवस्था कराई जा रही है। डबललॉक केन्द्रों पर किसानों को सुविधा से, व्यवस्थित ढंग से उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले के लिये ट्रांजिट रेक, प्राप्त होने वाली संभावित रेक, जिले में उपलब्ध स्कंध का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये एवं इसकी जानकारी समस्त जन-प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाये। विपणन संघ के विक्रय केन्द्रों एवं पैक्स में निर्धारित अनुपात अनुसार उर्वरक का भंडारण करवाया जा रहा है। रासायनिक उर्वरकों की विक्रय दरों का अनुमोदन किया गया है। सीएम ने मंत्रियों को बताया कि उनकी दुबई-स्पेन की सफल निवेश यात्रा से प्रदेश को वैश्विक निवेश के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान मिली है और यूरोप तथा खाड़ी देशों में यह संदेश पहुंचा है कि मध्यप्रदेश निवेश मित्र राज्य है। डॉ. यादव ने बताया कि 11 हजार 119 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे लगभग 14 हजार से अधिक रोजगार सृजन की संभावना है। डॉ. यादव ने कहा कि संपूर्ण वैश्विक जगत में विख्यात 12 ज्योतिर्लिंगों में से उज्जैन की धरती पर भूतभावन महाकाल बाबा विराजमान हैं। श्रावण तथा भाद्र मास में बाबा महाकाल की सवारी के रूप में आमजन के बीच पहुंचते हैं। बाबा महाकाल की सवारी का स्वरूप प्रत्येक सोमवार को अलग-अलग रूप में देखा जाता है। बाबा महाकाल की गौरवशाली सवारी में उपस्थित होने के लिए मंत्रि-परिषद के सभी साथियों के लिए उज्जैन के स्थानीय प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्था की गई।

## अन्य राज्यों की तुलना में प्रदेश में सबसे ज्यादा वन संपदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह सौभाग्य का विषय है कि मध्यप्रदेश में देश के अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक वन संपदा विद्यमान है। वृक्ष ही पृथ्वी पर जीवन का आधार हैं। कार्बन डाइऑक्साइड और ऑक्सीजन का परस्पर एक दूसरे पर अवलंबन ही धरा पर जीवन प्रदान करता है। सावन के महीने में पौधारोपण का संकल्प राजधानी की आने वाली पीढ़ियों को सुंदर, स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण का उपहार है। मुख्यमंत्री मंगलवार को नगर निगम भोपाल और भोजपाल मित्र परिषद के सहयोग से राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में सामूहिक वृहद् पौध-रोपण कार्यक्रम के उपरांत अपना संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अतीत में जो क्षेत्र प्रभावित हुए हैं, वहां दोबारा पौधारोपण करना आवश्यक है। पौधारोपण से प्रभावित क्षेत्र पुनः हरे-भरे और जीवंत हो उठेंगे इस मौके पर सीएम ने बेल-पत्र का पौधा रोपा एवं स्कूली विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरुकता का संदेश देती पेंटिंग्स और प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। एक दिवसीय वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के तहत भोपाल शहर में 5100 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय सहित जनप्रतिनिधि, पर्यावरण प्रेमी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## बाढ़ को लेकर अफसर रहें सजग

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों से कहा है कि प्रदेश में अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति में कहीं भी जान-माल की हानि नहीं होनी चाहिए। अधिकारी आवश्यक इंतजाम करें और प्रभावितों को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराएं। सीएम मंत्रालय में अतिवृष्टि एवं बाढ़ के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों की मंत्रालय में समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वो यह सुनिश्चित करने के लिए समय रहते सूचना-तंत्र की पुख्ता व्यवस्था की जाए। बाढ़ उन्मुख नदियों के लेवल पर लगातार निगरानी रखी जाए, बाढ़ संवेदनशील क्षेत्रों का पूर्व आंकलन कर राहत कैम्प की तैयारी रखें। आवश्यकता होने पर राहत शिविर लगाकर आवास और भोजन उपलब्ध कराया

## अभियंताओं का पूरा फोकस गुणवत्ता पर रहेः मंत्री सिंह

**विसं भोपाल।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को विभागीय सलाहकार समिति की बैठक में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाने पर विशेष बल देते हुए अभियंताओं के कौशल विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय अभियंताओं को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रशिक्षण दिलाया जाए, जिससे वे गुणवत्तापूर्ण निर्माण तकनीकों और नवीनतम इंजीनियरिंग विधाओं से परिचित हो सकें। बैठक में सलाहकार समिति सदस्य प्रशांत पोल, विक्रांत सिंह तोमर, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सुखवीर सिंह, प्रबंध संचालक एमपीआरडीसी, भरत यादव, प्रबंध संचालक भवन निर्माण सी.बी. चक्रवर्ती सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री सिंह ने 'लोकपथ' मोबाइल ऐप पर प्राप्त जन-शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की समस्याओं का समय-सीमा में त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग की प्राथमिकता जनसेवा है और जन-विश्वास बनाए रखने के लिए जवाबदेही और तत्परता अनिवार्य है बैठक में सड़क निर्माण एवं उन्नयन की दीर्घकालिक रणनीति पर भी गंभीरतापूर्वक चर्चा हुई। मंत्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोक निर्माण का मूल उद्देश्य जन-कल्याण होना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### ई-गवर्नेंस सेवाओं का होगा विस्तार

**विसं भोपाल।** प्रदेश में नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये केंद्रीकृत वेब आधारित ई-नगर पालिका 2.0 संचालित हो रही है। यह परियोजना डिजिटल इंडिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी एवं त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से नगरीय निकायों में चल रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है जहां प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने वर्ष 2025-26 में ई-नगरीय-आईटी के माध्यम से नागरिक सुविधाओं के विस्तार की कार्ययोजना तैयार की है। बताया गया है कि नगरीय निकायों की सभी सेवाओं को ऑनलाइन नवीन तकनीक से अपग्रेड किया जायेगा। समस्त नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को ई-नगर पालिका 2.0 पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से प्रदाय किया जाएगा।

### किशोर मानसिक स्वास्थ्य पर समग्र प्रयास जरुरीः शुक्ल

**विसं भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पूर्ण स्वास्थ्य केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य की समग्र स्थिति है। किशोरों में बढ़ते मानसिक दबावों को देखते हुए समय रहते सटीक हस्तक्षेप आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के समाधान संभव हैं, और इस दिशा में विशेषज्ञ मंथन और युवा संवाद जैसे प्रयासों से आउटरीच को गति मिलेगी। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कारणों और प्रभावों की पहचान के साथ-साथ मेडिकल और सामाजिक हस्तक्षेप के बिंदु भी चिन्हित किए जाएंगे। शुक्ल ने कहा कि किशोर आज शैक्षणिक दबाव, पारिवारिक अपेक्षाओं और सामाजिक चुनौतियों के बीच मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। ऐसे में उनके लिए सहायक तंत्र का निर्माण आवश्यक है, जहां वे खुलकर बात कर सकें, सुने जाएं और समर्थन महसूस कर सकें।

### कार्यों की सूक्ष्मता से मॉनिटरिंग करें अधिकारीः मंत्री पटेल



**विसं भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मंगलवार को मंत्रालय में विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, पंचायती राज, पीएम पोषण शक्ति अभियान आदि के अंतर्गत जारी कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विभाग के अंतर्गत सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करें एवं कार्यों की सूक्ष्मता से मॉनिटरिंग की जाये। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, संचालक पंचायत राज संचालनालय छोटे सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरआरडीए सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**दिल्ली पहुंचे पटेलः** मंत्री ने केंद्रीय पंचायत राज्य मंत्री ललन सिंह से भेंट की और उन्हें म.प्र. के पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। पटेल ने बताया कि किस तरह से मप्र की पंचायतें मजबूत हो रही हैं।

### वेंडरों की शिकायत करने पर ट्रेन में यात्री को पीटा

**जागरण, जबलपुर।** वेरावल-जबलपुर सोमनाथ एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 11463) में एक यात्री से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना तब घटी जब यात्री ने रेलवे एप के माध्यम से पेंट्रीकार वेंडरों के खिलाफ शिकायत दर्ज की। शिकायत में भोजन और पानी के अधिक दाम व खराब गुणवत्ता का उल्लेख किया गया था। इस पर नाराज वेंडरों ने वडोदरा और रतलाम रेल मंडल के बीच यात्री के साथ मारपीट की।

# मानसून सत्र में 3 हजार से ज्यादा सवालों का जवाब देगी सरकार

## स्पीकर से मिले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र अगले सोमवार यानि 28 जुलाई से प्रारम्भ होगा। जिसमें सत्ता और विपक्षी विधायकों के 3377 सवालों के जवाब सरकार को देने होंगे। इसके अलावा सरकार अनुपूरक बजट के अलावा प्रदेश के विकास,जनहित से जुड़ी योजनाओं और सरकार के प्रस्तावित कानूनों पर भी चर्चा होगी। जानकारी के अनुसार मानसून सत्र के लिए भाजपा, कांग्रेस और एक निर्दलीय विधायक ने द्वारा3377 सवाल पूछे गए हैं। इस बार भी विधायकों ने ऑनलाइन सवाल ज्यादा पूछे हैं। बताया गया है कि विधायकों द्वारा 2076 सवाल ऑनलाइन पूछे गए है,जबकि1301 सवाल ऑफलाइन है। कहा जा रहा है कि विधायकों को ई विधान के फॉर्मेट की जानकारी भी दी गई है। जिसकी वजह से विधायकों की तरफ से ऑनलाइन सवाल भी ज्यादा पूछे गए हैं। इधर विधानसभा सचिवालय द्वारा विधायकों के सवालों को लेकर संबंधित विभागों से तय समय सीमा में पूरी जानकारियां मांगी है, ताकि सदन की कार्यवाही के दौरान मंत्रियों की तरफ से विधायकों को सटीक और सही जवाब मिल सके।

### स्पीकर से मिले मंत्री विजयवर्गीय

विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर मंगलवार को संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने स्पीकर नरेन्द्र सिंह तोमर से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के मध्य विधायकों के सवालों के जवाब सदन में देने एवं पुराने सवालों लंबित जवाब भी समय पर देने को लेकर चर्चा हुई है।

### 8 अगस्त तक चलेगा सत्र, होगी 10 बैठकें

इस बार प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से प्रारम्भ हो रहा है,जो 8 अगस्त तक चलेगा, जिसमें 12 बैठकें होंगी। बताया जा रहा है कि बड़ी संख्या में सवाल आने के बाद सरकार ने भी जवाब देने की तैयारियां कर ली हैं। भोपाल में मंत्रालयों में प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों ने भी विभागों में काम तेज करा दिया है और जल्द से जल्द जानकारियां विधानसभा सचिवालय को भेजने के लिए कहा है। पिछले दिनों प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने भी विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर सत्र में पूछे गए सवालों के जवाब समय सीमा तक विधानसभा सचिवालय को उपलब्ध कराने को कहा था।

# पंचायत उप निर्वाचन में 70 प्रतिशत मतदान

## सागर और दमोह जिलों में हुआ आईपीबीएमएस से मतदान



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पंचायत उप निर्वाचन 2025 में त्रि-स्तरीय पंचायतों में रिक्त पद के लिये मंगलवार को मतदान हुआ। सरपंच पद के लिये 49 और जनपद पंचायत सदस्य के 5 पदों के लिये मतदान हुआ। कुल 70.51 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने बताया कि खास बात यही रही कि सागर जिले की 4 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिये 9 मतदान केन्द्रों और दमोह जिले के वार्ड-16 के जनपद सदस्य के निर्वाचन के लिये 9 मतदान केन्द्रों में मतदान इंटिग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीबीएमएस) से कराया गया। इन मतदान केन्द्रों की मतदान प्रक्रिया का लाइव प्रसारण भी किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय के सामने तथा सागर और दमोह में एक-एक स्क्रीन लगाई गई इसमें मतदान प्रतिशत सहित अन्य जानकारियां लोगों ने लाइव देखीं। सागर जिले में मतदान का प्रतिशत 74.61 रहा।

### यहां डाले गए वोट

सागर जिले के जनपद पंचायत जैसीनगर की ग्राम पंचायत अगरा, औरिया, जनपद पंचायत खुरई की ग्राम पंचायत मुहासा और जनपद पंचायत राहतगढ़ की ग्राम पंचायत सेमरा-लहरिया के मतदान केन्द्रों में इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम से मतदान कराया गया।आईपीबीएमएस प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिये राज्य निर्वाचन आयोग के उप सचिव डॉ. सुतेश शाक्य और मुकुल गुप्ता के नेतृत्व में टीम भी गठित की गई थी। उप सचिव श्रीमती संजू कुमारी ने पूरी प्रक्रिया का सतत् पर्यवेक्षण कर जरूरी मार्गदर्शन दिया।

### इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पेपरलेस बूथ की नवीन पहल की गई है। इस प्रक्रिया में मतदान केंद्रों में मतदाता और मतदानकर्मियों द्वारा किये जाने वाला पूरा काम डिजिटल माध्यम से किया जाता है।

# कार्य समिति में अध्यक्ष की दो टूक, जो पार्टी को मजबूत करेगा उसकी होगी चिंता

## प्रदेश कार्यसमिति में मिले पदाधिकारियों को लक्ष्य



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक में पदाधिकारियों और नेताओं को लक्ष्य थमाए गए। वक्ताओं ने मोर्चा कार्यकर्ताओं से कहा है कि उन्हें अभी से यह तय करना है कि आने वाले चुनावों में भाजपा को किसी भी जनजातीय अंचल में हार का सामना नहीं करना पड़े।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि समाज को पार्टी से जोड़ें, पार्टी आपकी चिंता करेगी। पार्टी मुख्यालय में हुई कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए खंडेलवाल ने कहा कि प्रदेश की राजनीति में जनजातीय समाज की अहम भूमिका है। समाज मध्यप्रदेश के बड़े क्षेत्र में निवास करता है, मैं भी आदिवासी बहुल बैतूल जिले का रहने वाला हूं। मुझे और मेरे परिवार को हमेशा जनजातीय समाज की सेवा करने का मौका मिला और जनजातीय समाज हमारे परिवार और भाजपा का पूरा सहयोग कर रहा है। इसलिए, अनुसूचित जनजाति मोर्चा की भूमिका पार्टी और समाज में महत्वपूर्ण है। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष के साथ पार्टी संगठन को शून्य से शिखर तक की यात्रा के साक्षी रहे हैं। वनाधिकार कानून और पेसा एक्ट में अटल जी की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# 'तन्वी द ग्रेट' मप्र में टैक्स फ्री, सीएम ने मंत्रियों के साथ देखी फिल्म, अभिनेता खेर भी रहे मौजूद



**जागरण, भोपाल।** भोपाल में मंगलवार को एक विशेष आयोजन के दौरान मशहूर अभिनेता और फिल्म निर्देशक अनुपम खेर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की। यह भेंट उनकी नई फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के विशेष प्रदर्शन के मौके पर हुई। खेर अपनी फिल्म के विशेष प्रदर्शन के अवसर पर राजधानी पहुंचे थे। शहर में सिनेपॉलिस में फिल्म की खास स्क्रीनिंग में फिल्म के निर्देशक और वरिष्ठ अभिनेता अनुपम खेर के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी भाग लिया और फिल्म की सराहना की। इससे पहले अनुपम खेर ने मुख्यमंत्री यादव से मुख्यमंत्री निवास में शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने अनुपम खेर का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान फिल्म की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त और बाल कलाकार विराज अग्रवाल भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनुपम खेर को एक उद्देश्यपूर्ण और प्रेरणादायी फिल्म के निर्माण के लिए हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, फिल्म जैसे सशक्त माध्यमों से समाज में संवेदनशीलता और सकारात्मक बदलाव की लहर उत्पन्न की जा सकती है। 'तन्वी द ग्रेट' जैसी फिल्में समाज को जागरूक और प्रेरित करने का कार्य करती हैं। इस अवसर पर अनुपम खेर ने अपनी चर्चित पुस्तक 'डिफरेंट बट नॉट लैस' की एक प्रति मुख्यमंत्री को भेंट की।

# महाकाल गर्भगृह में जबरन घुसने के मामले में जांच कमेटी बनी



**जागरण, उज्जैन।** सावन सोमवार की भस्म आरती से पहले उज्जैन के महाकाल मंदिर के गर्भगृह में इंदौर-3 से भाजपा विधायक गोलू शुक्ला अपने बेटे रुद्राक्ष के साथ बिना अनुमति जबरन घुस गए। मंदिर कर्मचारी ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो रुद्राक्ष ने धमकी दी। पहले मंदिर प्रशासन ने कहा था कि विधायक के पास अनुमति थी, लेकिन अब मंदिर के उप प्रशासक ने कहा है कि किसी को इजाजत नहीं दी गई थी। मामले ने तूल पकड़ा तो कलेक्टर ने जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई, जो 7 दिन में रिपोर्ट सौंपेगी। विधायक गोलू शुक्ला की कांवड़ यात्रा रविवार रात उज्जैन पहुंची थी। सोमवार तड़के करीब ढाई बजे भस्म आरती के पट खुलने के बाद गोलू शुक्ला अपने समर्थकों के साथ महाकाल मंदिर पहुंचे।

# दस साल पहले मर चुके लोगों पर एफआईआर

**जागरण, विदिशा।** जिले में पुलिस ने दो मरे लोगों पर ही एफआईआर कर दी। दोनों की मौत 8-10 साल पहले ही हो चुकी है। मामला गंजबासौदा के बरेठ गांव का है। इसे लेकर स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं होने पर फरियादी राजकुमार शर्मा ने जिला मुख्यालय जाकर एसपी प्रशांत चौबे से न्याय की गुहार लगाई। मामले में जांच के निर्देश दिए गए हैं।

# सरकार को ओबीसी आरक्षण देना होगाः पटवारी

## हम भ्रष्टाचार के खिलाफ अंतिम दौर तक लड़ेंगे : सिंघार ▸▸ कांग्रेस का दो दिवसीय नव संकल्प शिविर सम्पन्न



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस का दो दिवसीय संकल्प शिविर मंगलवार को इस संविधान की प्रस्तावना की शपथ के साथ सम्पन्न हो गया। इस मौके पर नेताओं ने भाजपा और उसकी सरकार की गलत नीतियों का एकजुट होकर पुरजोर विरोध करने का संकल्प भी लिया। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि सरकार को ओबीसी आरक्षण लागू करना होगा।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा ने पंचमढ़ी में शिविर के नाम पर हनीमून मनाया था, लेकिन हमने संगठन को मजबूत मनाने और प्रदेश की जनता को न्याय दिलाने के लिए काम किया है। धार जिले के मांडव हुए दो दिवसीय नव संकल्प शिविर अंतिम दिन कई सत्रों का आयोजन किया गया, जिन्हें वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी, अजय माकन, सुप्रिया सुनेत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि ये अंत नहीं, आरंभ है! नव संकल्प शिविर ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि कांग्रेस केवल अतीत पर विचार नहीं कर रही, बल्कि भविष्य की ठोस रूपरेखा बना रही है। उन्होंने कहा कि कि कांग्रेस ने मांडु की ऐतिहासिक धरती से मध्यप्रदेश की तक़दीर बदलने का संकल्प लिया है। हम प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ़ और किसानों को आय का अधिकार दिलाने की निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे। हमने लड़ने और जीतने का मन बनाया है। प्रदेशभर में संवाद और जनसंपर्क अभियानों के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। सिंघार ने कहा कि नव संकल्प शिविर की सफलता से भाजपा में स्पष्ट घबराहट है।

### 3 साल का बना रोडमैप

कांग्रेस के मांडू शिविर में अगले तीन साल का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। विधानदल ने दो दिनों तक कई विषयों पर मंथन करते हुए रोडमैप तैयार किया है। इस रिपोर्ट को संगठन को सौंपा गया है। जिसमें कहा गया है कि आने वाले तीन सालों में कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी, ओबीसी आरक्षण, महिला अपराध, किसान, युवाओं और आदिवासियों को केन्द्र में रखकर काम करेगी।

### अंतिम दिन हुए सत्रों में ये बोले नेता

एआईसीसी की मीडिया प्रभारी सुप्रिया श्रीनेत ने नव संकल्प शिविर में विधायकों और नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस को सोशल मीडिया रणनीति को हमें धार देना होगा। जो दिखता है वह बिकता है इसलिए काम भी करिए और दिखाइए भी। उन्होंने सोशल मीडिया के सभी स्तर के प्लेटफार्म के बारे में समझाया और बताया कि सभी प्लेटफार्म का किस स्थिति में किस तरह से उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दौर में सोशल मीडिया बड़ा हथियार है दुष्प्रचार के खिलाफ आवाज उठाने का और जनता से सीधे जुड़ने का यह माध्यम है इसलिए कांग्रेस के विधायक और पदाधिकारी को इस दिशा में अपनी सक्रियता रखनी चाहिए। राज्यसभा सांसद व कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस राजनीतिक दल ही नहीं विचारधारा वाली संस्था है। भाजपा संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। कांग्रेस सिर्फ वह पार्टी है जिसमें स्वतंत्र भारत की कल्पना की थी। उसने एक अनमोल संविधान देश को दिया है। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि इस नव संकल्प शिविर में हमने जो प्रण किए हैं और समूह चर्चा हुई है वह हमारे कार्यकर्ताओं और गांव-गांव तक कैसे पहुंचे इसे लेकर हमें काम करना है। विधानसभा में मुद्दों को उठाकर कांग्रेस का राजनीतिक संदेश हमें जन-जन तक पहुंचाना है। भाजपा हमेशा मुद्दों पर बहस करने से बचती है और साजिश के तहत खत्म कर देती है ऐसा नहीं होना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि हम सबको एकजुट रहकर एक दूसरे का सम्मान बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ओबीसी एसटी एससी और सामान्य वर्ग सभी का पूरा ख्याल रखती है और हमारे नेता राहुल गांधी सभी के अधिकारों की बात करते हैं। कांग्रेस जनता के मुद्दों को लेकर बड़ी रणनीति बना रही है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

**सुप्रीम कोर्ट में मंत्री शाह ...**
कोर्ट के निर्देश पर मंत्री विजय शाह के विरुद्ध जांच अभी भी चल रही है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में 28 मई को मामले की सुनवाई के दौरान कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने कैविएट दायर की थी। उनके अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने एसआईटी जांच पर सवाल उठाया था। उन्होंने बताया था कि एसआईटी ने शाह के बयान के वीडियो की जांच कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट से समय मांगा है। वहीं विजय शाह ने अभी तक मंत्री पद से इस्तीफा भी नहीं दिया है। यह सवाल उठाने पर कोर्ट ने अलग से याचिका दायर करने कहा था। लिहाजा, जया ठाकुर ने नई याचिका दायर कर दी।

**तालाबंदी से सीएम नाराज...**
इस आदेश में प्रमुख सचिव नवनीत मोहन कोठारी को राज्यपाल का पीएस बनाया गया है। इसी तरह कार्यपालन संचालक पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) के अतिरिक्त प्रभार से उमा महेश्वरी आर को मुक्त कर दिया गया है। उनके स्थान पर आईएएस (2012)दीपक आर्य सीईओ एमपीआरडीसी को अतिरिक्त प्रभार के रूप में ईडी एप्को का दायित्व सौंपा गया है। उमा महेश्वरी वि.क.अ.-सह-आयुक्त भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी के पद पर अपना दायित्व निभाती रहेंगी। आदेश में १९९२ बैच के आईएएस एसीएस केसी गुप्ता को एसीएस कुटीर एवं ग्रामोद्योग बनाया गया है। गुप्ता अभी तक राज्यपाल के एसीएस थे।

**वर्णवाल को फिर अतिरिक्त जिम्मेदारी :** जीएडी के आदेश में एसीएस सचिव अशोक वर्णवाल को फिर से एक और विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वर्णवाल को कुछ दिनों पहले ही सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी से मुक्त किया गया था। एसीएस पर्यावरण विभाग, पर्यावरण आयुक्त और डीजी एप्को का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इधर, आईएएस अमित राठौर, केसी गुप्ता के प्रभार लेने के बाद प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर कुटीर व ग्रामोद्योग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

**एक घंटे में 9.4 किमी...**
मामले का खुलासा करने वाले आरटीआई एक्टिविस्ट अजय दुबे की मानें तो वीडियो फोटो देखने से पता चलता है कि आयोजन में इतनी मोटर साइकिल शामिल नहीं हुई हैं, जितनी जानकारी वन विभाग द्वारा दी गई है।

**3500 बाइकर्स हुए थे शामिलः** वन विभाग की मानें तो आयोजन में करीब 3500 बाइक सवार जुटे थे। बाइक सवारों ने रातापानी टाइगर रिजर्व के झिरी गेट से लेकर कोलार के गोलजोड़ तक 9.4 किमी तक मोटर साइकिल चलाई थी। इस दौरान प्रति बाइक एक लीटर पेट्रोल दिया गया था, जिसके चलते 6644 लीटर पेट्रोल खर्च हुआ था।



# मस्क का स्पेसशिप जैसा रेस्त्रां

## ▸▸ रोबोट सर्व करेगा पॉपकॉर्न ▸▸ ड्राइव इन मूवी थियेटर ▸▸ कार की स्क्रीन से कर सकेंगे आर्डर

**लॉस एंजिल्स, जेएनएन।** एलन मस्क ने लॉस एंजिलिस में डायनर यानी रेस्त्रां खोला है। एलन मस्क का प्लान इस नए डायनर की ब्रांच दुनिया भर में खोलने का है। मस्क ने साउथ टेक्सास में स्टारबेस पर दूसरा टेस्ला डायनर खोलने का भी ऐलान किया। मस्क ने भी यहां डिनर किया। ये डायनर ऐसा एक्सपीरियंस है जो पुराने जमाने की अमेरिकी डायनर संस्कृति को भविष्य की तकनीक के साथ जोड़ता है।

- **रोबोट ऑप्टिमस:** टेस्ला का ह्यूमनॉइड रोबोट ऑप्टिमस इस डायनर का स्टार है। ऑप्टिमस ने प्री-लॉन्च इवेंट में पॉपकॉर्न सर्व किया था। ऑप्टिमस का रोल ज्यादातर शोकेस और टेक्नोलॉजी डेमो तक सीमित है।
- **ड्राइव-इन मूवी थिएटर:** डायनर में 66 फीट की दो स्क्रीन हैं। टेस्ला कार वालों के लिए खास बात ये है कि मूवी का ऑडियो उनकी कार के साउंड सिस्टम से सिंक हो जाता है।
- **खाना और मेन्यू:** मेन्यू में अमेरिकी खाना है, जैसे बर्गर, हॉट डॉग, चिकन विंग्स और हैंड-स्पन मिल्कशेक। ये खाना साइबरट्रक-थीम वाले बॉक्सेज़ में सर्व किया जाता है।
- **मशहूर शेफ एरिक का मैन्यू:** यहां एरिक ग्रीनस्पैन ने मेन्यू तैयार किया है।
- **सुपरचार्जर स्टेशन:** यहां 80 ईवी सुपरचार्जर स्टॉल्स हैं। ये सभी ईवी के लिए खुले हैं।

### डायनर दिखता है उड़नतश्तरी जैसा

ये डायनर बाहर से देखने में किसी उड़नतश्तरी जैसा लगता है। इसे बनाने में इंजीनियरिंग फर्म स्टैनटेक ने मदद की है। इमारत दो मंजिला है, जिसमें नीचे करीब 3,800 स्क्वायर फीट का रेस्तरां और ऊपर 5,500 स्क्वायर फीट की रूफटॉप डाइनिंग एरिया है।

# मिग-21 की विदाई: आसमान पर 62 साल तक किया राज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 19 सितंबर 2025 को भारतीय वायुसेना अपने सबसे पुराने और ऐतिहासिक लड़ाकू विमान मिग-21 को अलविदा कहने जा रही है। चंडीगढ़ एयरबेस पर 23 स्क्वाड्रन (पैंथर्स) एक खास समारोह में इस विमान को विदाई देगा। 1963 में पहली बार शामिल हुआ मिग-21 भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था, जिसने 62 साल तक देश की हवाई ताकत को मजबूत किया। उम्र और बार-बार होने वाले हादसों की वजह से इसे उड़ता ताबूत भी कहा जाने लगा था। अब इसके रिटायर होने से वायुसेना की ताकत 29 स्क्वाड्रनों तक सिमट जाएगी, जो 1965 के युद्ध के समय से भी कम है।




**उड़ता ताबूत:** मिग-21 का रिकॉर्ड शानदार रहा, लेकिन पिछले कुछ दशकों में इसके हादसों ने इसे बदनाम कर दिया। पिछले 60 सालों में 400 से ज्यादा मिग-21 क्रैश हुए, जिनमें 200 से ज्यादा पायलट्स की जान गई।

### जंग जिनमें लिया

**1965 का भारत-पाक युद्ध :** मिग-21 ने पहली बार जंग में हिस्सा लिया और पाकिस्तानी विमानों को टक्कर दी।

**1971 का युद्ध :** पूर्वी पाकिस्तान की आजादी में मिग-21 ने अहम भूमिका निभाई। इसने पाक के ठिकानों पर सटीक हमले किए।

**1999 का कारगिल युद्ध :** दुश्मन की ताकत को तोड़ा। उस समय पायलट्स ने साधारण जीपीएस और स्टॉपवॉच के सहारे हमले किए।

**2019 का बालाकोट हमला :** पाकिस्तानी एफ-16 को मार गिराया। ग्रुप कैप्टन अभिनंदन ने मिग-21 उड़ाकर ये कारनामा किया।

**2025 का ऑपरेशन सिंदूर:** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में मिग-21 ने आखिरी बार हिस्सा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

**कावड़ यात्रा**

### उप्र-उत्तराखंड में क्यूआर कोड पर रोक नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उप्र, उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों के लिए 'क्यूआर' कोड संबंधी निर्देश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इस मार्ग पर मौजूद सभी होटल मालिकों को निर्देश दिया कि वे वैधानिक आवश्यकताओं के अनुरूप लाइसेंस पत्र प्रदर्शित करें। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, वह होटल या ढाबा मालिक का नाम और क्यूआर कोड प्रदर्शित करने के अन्य मुद्दों पर विचार नहीं कर रही, क्योंकि मंगलवार को कांवड़ यात्रा का अंतिम दिन है। पीठ ने कहा, 'हमें बताया गया है कि यात्रा का आज अंतिम दिन है.. इसलिए इस स्तर पर हम केवल यह आदेश पारित कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने शिक्षाविद अपूर्वानंद झा और अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया।

### ऊर्जा जरूरतें हमारी प्राथमिकता: विक्रम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिटेन का दौरा से पहले यूरोपीय यूनियन की ओर से रूस के तेल पर लगाए गए प्रतिबंधों पर भारत ने अपना रुख साफ कर दिया है। दरअसल, 22 जुलाई को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत पर बढ़ रहे पश्चिमी दबाव के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब दिए। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि भारत की ऊर्जा जरूरतें सबसे पहले आती हैं। उन्होंने कहा, जहां तक ऊर्जा का सवाल है तो हम इस बात पर बहुत स्पष्ट हैं कि भारत के लोगों को ऊर्जा देना भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस संबंध में जो करने की जरूरत होगी, वही करेंगे। ऊर्जा से जुड़े मुद्दों पर भी, जैसा कि हमने पहले भी कहा है, दोहरे मापदंड न अपनाना और व्यापक ऊर्जा बाजार के संदर्भ में वैश्विक स्थिति के बारे में स्पष्ट दृष्टिकोण रखना जरूरी है। हम समझते हैं कि यूरोप एक महत्वपूर्ण और गंभीर समस्या से जूझ रहा है, लेकिन बाकी दुनिया भी इससे जूझ रही है और मुझे लगता है कि इन मुद्दों पर बात करते समय संतुलन और दृष्टिकोण बनाए रखना जरूरी है।

## आमिर नहीं बनाएंगे राजा मर्डर केस पर फिल्म

**मुंबई, जेएनएन।** पिछले 2 महीने से मेघालय हनीमुन मर्डर केस की चर्चा पूरे देश में हुई। इंदौर के रहने वाली सोनम ने अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या की साजिश रची। 23 मई को राजा और सोनम मेघालय से लापता हुए थे और 2 जून को राजा का शव मिला था। बाद में सोनम की गिरफ्तारी हुई थी और पूरा मामला सामने आया। एसआईटी इस मामले की जांच कर रही है। इस बीच, पिछले 24 घंटों में सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई है आमिर खान 'सितारे जमीन पर' के बाद इस वीभत्स घटना पर फिल्म बना रहे हैं। फिल्म में सोनम नाम की महिला ने कथित तौर पर अपने प्रेमी की मदद से अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या कर दी थी। हालांकि, जब इस बारे में कंफर्मेशन के लिए आमिर खान से संपर्क किया गया, तो उन्होंने पूरी तरह से खारिज कर दिया। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, आमिर खान ने कहा, इसमें बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है। आमिर खान अब सुपरस्टार रजनीकांत के साथ फिल्म 'कुली' में दिखाई देंगे। फिल्म से उनका रफ्ड लुक भी हाल में जारी किया गया था। उनके इस लुक ने फैंस को हैरान कर दिया था। 'कुली' के लुक में आमिर को सिगार पीते और आंखों पर स्टाइलिश चश्मा पहने दिखाई दिए। वह किसी राउडी की तरह लग रह थे। मेकर्स ने आमिर का लुक शेयर करते हुए लिखा था, आमिर खान ने 'कुली' के बारे में बताया, मेरा एक कैमियो है एक तमिल एक्शन थ्रिलर में, जिसका निर्देशन लोकेश कनागराज कर रहे हैं।



# बिलों की टाइमलाइन: कानूनी वैधता पर कोर्ट ने पूछे सवाल

## केंद्र और राज्य सरकारों को भेजे नोटिस, राष्ट्रपति ने पूछे थे रेफरेंस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 143 के तहत भेजे गए रेफरेंस मामले पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। यह रेफरेंस राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की ओर से भेजे गए एक पत्र के संदर्भ में जवाब मांगा है जिसमें पूछा गया है कि कानूनी वैधता को लेकर है कि क्या राज्य विधेयकों (स्टेट बिल्स) पर फैसला लेने के लिए गवर्नरों और राष्ट्रपति पर कोई टाइमलाइन तय की जा सकती है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की पांच न्यायाधीशों



(संवैधानिक) पीठ ने मामले की सुनवाई अगले मंगलवार के लिए लिस्ट की है। नियम के अनुसार, राष्ट्रपति की ओर से भेजे गए रेफरेंस पर सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ही सुनवाई करती है और अपनी राय राष्ट्रपति को देती है। जो पीठ मामले पर मंगलवार को सुनवाई करेगी, उसमें प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा तथा जस्टिस एएस चंदुरकर शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आठ अप्रैल को तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा विधेयकों को लंबे समय तक रोके रखने के मामले में दिए फैसले में राज्य के विधेयकों पर मंजूरी के लिए राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए समय सीमा तय कर दी थी।

### राष्ट्रपति ने मांगी थी रेफरेंस पर कोर्ट की राय

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस संबंध में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत प्राप्त शक्तियों में सुप्रीम कोर्ट को रिफरेंस (राष्ट्रपति प्रपत्र) भेज कर राय मांगी है। राष्ट्रपति ने भेजे गए रेफरेंस में कुल 14 सवालों पर सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी है। रेफरेंस में पूछा है कि जब संविधान में विधेयकों पर मंजूरी के लिए कोई समय सीमा तय नहीं है तो क्या न्यायिक आदेश के जरिये समय सीमा लगाई जा सकती है। इतना ही नहीं, न्यायिक आदेश के जरिये विधेयक को कानून घोषित करने पर सवाल उठाते हुए राष्ट्रपति ने पूछा है कि क्या राज्य विधानमंडल की ओर से बनाया गया कानून संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की मंजूरी मिले बगैर लागू होगा। राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से पूछा है कि जब राज्यपाल के समक्ष अनुच्छेद 200 के तहत कोई विधेयक मंजूरी के लिए पेश किया जाता है तो उनके पास क्या-क्या संवैधानिक विकल्प होते हैं। क्या राज्यपाल मंजूरी के लिए पेश किए गए विधेयकों में संविधान के तहत उपलब्ध सभी विकल्पों का प्रयोग करते समय मंत्रिपरिषद द्वारा दी गई सलाह और सहायता से बंधें हैं।

**मार्टिन लूथर जूनियर हत्याकांड**

## 50 साल तक छिपाई गईं फाइलें ट्रंप ने की सार्वजनिक

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका और दुनियाभर में मार्टिन लूथर किंग जूनियर की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं रही। वह अमेरिका के नागरिक अधिकार आंदोलन का प्रमुख चेहरा थे। 1960 के दशक में अमेरिका में नस्लीय समानता और सामाजिक न्याय के लिए उनका योगदान भी जग जाहिर रहा है। 18 अप्रैल 1968 को मार्टिन लूथर किंग जूनियर की अमेरिका के टेनेसी के मेम्फिस में गोली मारकर हत्या कर दी थी। उनकी हत्या के 57 साल बाद आज उनकी हत्या से जुड़ी फाइलों को सार्वजनिक कर दिया गया है। मार्टिन लूथर किंग की हत्या को लेकर कई कॉन्सिपिरेसी थ्योरी सामने आती रही हैं। 21 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कार्यकारी आदेश के तहत मार्टिन लूथर किंग जूनियर की हत्या से जुड़े दो लाख से अधिक पेजों के दस्तावेजों को सार्वजनिक कर दिया है। यह कदम जॉन एफ. कैनेडी और रॉबर्ट एफ. कैनेडी की हत्याओं से जुड़े दस्तावेजों के खुलासे का हिस्सा है।



### क्या है फाइलों में?

इन दस्तावेजों में मार्टिन लूथर किंग की हत्या की जांच, उनकी हत्या के लिए दोषी ठहराए गए जेम्स अर्ल रे के बारे में जानकारी और एफबीआई की सर्विलांस से संबंधित रिकॉर्ड शामिल हैं। इनमें एफबीआई की आंतरिक मेमो, जांच के दौरान अपनाए गए तरीके और जेम्स अर्ल रे की तलाश के लिए की गई कार्रवाइयों का ब्योरा शामिल है। जेम्स अर्ल रे अपराधी था और वह मिसौरी स्टेट जेल से भागा हुआ था।

## दान में मिले 199 करोड़ पर कांग्रेस को देना होगा टैक्स

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस को पार्टी फंड में पड़े 199 करोड़ रुपये पर इनकम टैक्स देना होगा। इसके लिए पार्टी को राहत नहीं मिली है। आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण या आईटीएटी ने आयकर रिटर्न देर से दाखिल करने और नकद दान सीमा के उल्लंघन के कारण पार्टी के छूट के दावे को खारिज कर दिया है। आईटीएटी ने कहा, 2.02.2019 को दाखिल किया गया करदाता का रिटर्न, छूट के लिए पात्र बनाने हेतु निर्धारित तिथि के भीतर नहीं है। कांग्रेस ने 31 दिसंबर, 2018 की निर्धारित तिथि से काफी पहले 2 फरवरी, 2019 को अपना आयकर रिटर्न दाखिल किया था और शून्य आय घोषित की थी। साथ ही, उसने 199.15 करोड़ रुपये की कर छूट का दावा भी किया था। जब कांग्रेस ने छूट मांगी तो आईटी विभाग ने 2021 में दावे को अस्वीकार कर दिया। मार्च 2023 में आयकर आयुक्त ने निर्णय को बरकरार रखा। ट्रब्यूनल के पास कांग्रेस ने तब अपील की थी, जब पिछले साल कोई भी अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया गया था। सितंबर 2019 में, मूल्यांकन अधिकारी को जांच के दौरान पता चला कि पार्टी ने 14.49 लाख रुपये के नकद दान स्वीकार किए थे, जिनमें से कई दान कानून के तहत प्रति दाता 2,000 रुपये की सीमा से अधिक थे।

## तिरंगे जैसे पार्टी झंडों के इस्तेमाल पर रोक नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा तिरंगे से मिलते-जुलते झंडों के इस्तेमाल को चुनौती दी गई थी। इन झंडों में राष्ट्रीय ध्वज के अशोक चक्र की जगह पार्टी चिन्ह लगाए जाते हैं। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस एजी मसीह व जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने सुनवाई की, जिसमें व्यक्तिगत रूप से दायर याचिका में तर्क दिया गया था कि खासतौर पर कांग्रेस लंबे समय से तिरंगे जैसे झंडों का राजनीतिक अभियानों में इस्तेमाल कर रही है, जो 'राष्ट्र गौरव अपमान निवारण अधिनियम' का उल्लंघन है। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, 'कब से ऐसा हो रहा है? कुछ पार्टियां तो यह आजादी से पहले से कर रही हैं', और मामले को यहीं खारिज कर दिया। याचिका में कांग्रेस, एनएसीपी (शरद पवार गुट), एनसीपी, भारत निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार को पक्षकार बनाया गया था।

**अहमदाबाद विमान हादसा**

## बोइंग विमानों की जांच पूरी, पेश की रिपोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एयर इंडिया ने अपने बोइंग 787 और बोइंग 737 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच के लॉकिंग मैकेनिज्म की छानबीन पूरी कर ली है। 12 जून को अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना के बाद एयर इंडिया ने अपने स्तर पर इस तरह की जांच शुरू की थी। यह जांच डीजीसीए के सुरक्षा निर्देशों के अनुसार की गई है। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता के मुताबिक उसकी ओर से की गई जांच में लॉकिंग मैकेनिज्म में कोई समस्या नहीं पाई गई है। एयर इंडिया ने डीजीसीए से मिले औपचारिक निर्देशों से भी पहले 12 जुलाई से ही स्वैच्छिक निरीक्षण शुरू कर दिया था। 12 जून को यह विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद एक मेडिकल कॉलेज होस्टल की इमारत से टकरा गया। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोगों की जान चली गई और जमीन पर मौजूद 19 लोग भी मारे गए। विमान हादसे की जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इंवेस्टिगेशन ब्यूरो कर रही है। इसकी प्रारंभिक रिपोर्ट आने और उससे पहले से भी विमानन क्षेत्र में सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर सवाल उठ रहे हैं। एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद हादसाग्रस्त विमान एआई-171 बोइंग-787 ड्रीमलाइनर के दोनों इंजन फेल होने को उसके फ्यूल कंट्रोल स्विच मेकेनिज्म से जोड़ा जा रहा है। ब्लैक बॉक्स से दोनों पायलटों के बीच बातचीत जो डिकोड की गई है, उसमें एक पायलट दूसरे से कह रहा है कि फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद क्यों किया? इसके जवाब में दूसरे पायलट ने कहा कि उसने फ्यूल कंट्रोल स्विच नहीं बंद किया है। अब एयर इंडिया ने फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच के बाद कहा है,एयर इंडिया ने अपने सारे बोइंग 787- बोइंग 737 विमानों की जांच पूरी कर ली है। यह जांच फ्यूल कंट्रोल स्विच के लॉकिंग सिस्टम को लेकर की गई। कंपनी ने सावधानी बरतते हुए यह कार्रवाई की। जांच में स्विच लॉकिंग सिस्टम में कोई दिक्कत नहीं मिली।



**डीजीसीए के भी निर्देश थे कि स्विच लॉकिंग सिस्टम की जांच हो :** 12 जुलाई को एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट आने के बाद डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने दो दिन बाद ही यानी 14 जुलाई को एक निर्देश जारी किया था,जिसमें सभी विमान कंपनियों को फ्यूल कंट्रोल स्विच के लॉकिंग मैकेनिज्म की जांच करने को कहा गया था। एयर इंडिया लंबी दूरी की उड़ानों के लिए बोइंग-787 ट्विन-ऑइल जेट का इस्तेमाल करती है। जबकि, कम लागत वाली उसी की एयर इंडिया एक्सप्रेस बोइंग- 737 सिंगल-ऑइल जेट चलाती है।

**अध्ययन** | पूरी नींद के बाद भी क्यों रहती है थकान, वैज्ञानिकों ने खोजी वजह

# मस्तिष्क की सक्रियता के लिए सोने से ज्यादा जरूरी है जागना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** क्या आपने कभी 8 घंटे की नींद लेने के बाद भी सुबह खुद को थका हुआ महसूस किया है? क्या आप सोचते हैं कि नींद का समय पर्याप्त था, फिर भी शरीर और दिमाग तरोताजा क्यों नहीं है? अब वैज्ञानिकों ने इस रहस्य से पर्दा उठाना शुरू कर दिया है। नीदरलैंड्स इंस्टीट्यूट फॉर न्यूरोसाइंस के एक नए अध्ययन में पाया गया है कि थकान का कारण नींद की अवधि नहीं, बल्कि जागने के समय मस्तिष्क का दोबारा सक्रिय होना है। यह अध्ययन प्रसिद्ध पत्रिका 'करंट बायोलॉजी' में प्रकाशित हुआ है। इसमें वैज्ञानिकों ने यह समझने की कोशिश की कि जब हम सोकर उठते हैं, तो मस्तिष्क किस तरह से 'ऑन' होता है और यह प्रक्रिया हमारी जागने की स्थिति को कैसे प्रभावित करती है।

यह अध्ययन खासतौर पर आईईएम और नॉन-आरईएम नींद के दौरान जागने के अनुभव पर केंद्रित था। आरईएम (रेपिड आई मूवमेंट) नींद, में हम सपने देखते हैं। इस दौरान जागने पर लोगों ने खुद को ज्यादा थका हुआ, सुस्त और मानसिक रूप से धीमा महसूस किया। इसका कारण यह है कि आरईएम नींद से उठने पर मस्तिष्क का फ्रंटल हिस्सा, जो निर्णय लेने और सोचने में मदद करता है, पहले सक्रिय होता है, जबकि दृश्य प्रक्रिया वाला पिछला हिस्सा धीरे-धीरे सक्रिय होता है। इस क्रम से मस्तिष्क की पूरी सक्रियता में समय लगता है, जिससे थकावट का अनुभव होता है। इसके विपरीत, नॉन-आरईएम नींद से उठने पर मस्तिष्क की सक्रियता मध्य भाग से शुरू होकर उसी दिशा में बढ़ती है, लेकिन प्रक्रिया ज्यादा सहज होती है और व्यक्ति अपेक्षाकृत अधिक तरोताजा महसूस करता है।

**नींद की गुणवत्ता और मात्रा:** शोध का एक बड़ा निष्कर्ष यह है कि नींद की गुणवत्ता और नींद की मात्रा में स्पष्ट फर्क होता है। हो सकता है कि आपने 7-8 घंटे सोया हो, लेकिन अगर आप नींद के उस चरण से उठते हैं जहां मस्तिष्क पूरी तरह से तैयार नहीं है, तो आप थकान महसूस कर सकते हैं।

### 20 लोगों को 1,000 बार जगाया



अध्ययन में 20 स्वयंसेवकों को शामिल किया गया, जिनके मस्तिष्क की गतिविधियों को 256 सेंसर्स वाली एक विशेष टोपी की मदद से रिकॉर्ड किया गया। वैज्ञानिकों ने इन लोगों को कुल मिलाकर 1,000 बार जगाया। ये कई बार स्वाभाविक रूप से जागे तो कई बार इन्हें अलार्म की सहायता से जगाया गया। हमारे लिए सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि हर जागरण में मस्तिष्क की गतिविधियों का एक खास पैटर्न बहुत समान रहा, और यह उस व्यक्ति के महसूस किए गए अनुभव से भी मेल खाता था।

### इसलिए अहम है यह शोध

अध्ययन की प्रमुख वैज्ञानिक फ्रांसेस्का सिकलारी कहती हैं, 'अगर हमें पता चल जाए कि सामान्य जागरण के दौरान मस्तिष्क की गतिविधि कैसी होती है, तो हम नींद में होने वाले विकारों या असामान्य जागरण की स्थिति को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं।' उन्होंने अभी और शोध की आवश्यकता है, खासकर यह देखने के लिए कि शरीर की गतिविधि नींद की गुणवत्ता को कैसे प्रभावित करती है। यह शोध इस बात को समझने में मदद कर सकता है कि क्यों कुछ लोग नींद से उठने के बाद ऊर्जा से भरपूर महसूस करते हैं, जबकि कुछ लोग दिनभर सुस्त रहते हैं। भले ही दोनों ने एक जैसा सोने का समय लिया हो। अध्ययन भविष्य में नींद चिकित्सा, नींद की दवाओं, और यहां तक कि स्मार्ट अलार्म सिस्टम के लिए उपयोगी हो सकता है, जो मस्तिष्क की गतिविधि के अनुकूल समय पर व्यक्ति को जगा सके।

## इन्टरनेशनल वैश्य फेडरेशन देश में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला

**भोपाल।** इन्टरनेशनल वैश्य फेडरेशन की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्ष की बैठक भोपाल के एक होटल में संपन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि देश और विदेश में वैश्य समाज की सबसे बड़ी संस्था हमारी है। देश के सभी राज्यों में हमारी संस्था कार्यशील है और विदेश में भी जैसे- दुबई, हांगकांग, थाइलैंड आदि देशों में हमारी संस्था के चैप्टर हैं। वैश्य समाज देश में सबसे ज्यादा 75प्रतिशत सरकार को राजस्व देता है तथा अब हमने जो रक्तदान का कार्यक्रम किया है उसमें भी वैश्य समाज सबसे ज्यादा रक्तदान करने वाला बन रहा है। डॉ अग्रवाल ने कहा कि इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन को अपने-अपने जिलों में विभिन्न घटकों के सदस्यों को जोड़कर वैश्य समाज को संगठित कर मजबूत करना चाहिए। हमारी संस्था ने वैश्य व्यापारिक ऐप बनाया है जिसमें वैश्य समाज के लोग जुड़ेंगे तो अधिक से अधिक व्यापार एवं उद्योग के विकास में मदद होगी प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द गोयल ने बताया वैश्य समाज युवक-युवती विवाह के लिये अच्छे वर-वधु को ढूढ़ने में पूर्ण सहयोग करेगा तथा पूरे प्रदेश में पूर्ण जोश से संगठन की मजबूती से कार्य करने एंव इन्टरनेशनल वैश्य फेडरेशन के अन्य कार्यकर्मों में पर्यावरण संरक्षण में योगदान हेतु एक पेड़ मां के नाम एंव प्रत्येक जिलों में जगह-जगह प्याऊ लगवाने का संकल्प लिया गया। विशिष्ट अतिथि संस्था के संरक्षक सदस्य नितिन अग्रवाल ने एक-दूसरे के साथ मिलकर व्यवसाय वृद्धि पर जोर देते हुए संगठन को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। संगठन के वरिष्ठ कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप धारिया ने प्रदेशभर से आये वैश्य बंधुओं का अभिवादन करते हुए प्रदेश में चल रही गतिविधियों से सदन को अवगत कराया। जबलपुर से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजय अग्रवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष पोरवाल समाज गोपाल कृष्ण गंगराड़े, मुकेश जैन, हरिओम जैन (शिवपुरी), संगीता पलोड़, रश्मि अग्रवाल, मंजरी जैन सहित प्रदेशभर से आये हुये वैश्य समाज के पदाधिकारी गण शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष मुकेश जैन एवं कार्यालय सचिव ब्रजमोहन गुप्ता ने किया।



# गाय की मौत से सड़क जाम, अवैध रेत खनन रोकने गई वन विभाग की टीम पर हमला

## बड़माड़ई बीट में दो बड़ी घटनाएं विभागीय कर्मचारी भी संदेह के घेरे में



**टीकमगढ़।** जिले के मधुवन वन क्षेत्र अंतर्गत बड़माड़ई गांव में मंगलवार देर रात और बुधवार दिन में वन विभाग से जुड़ी दो बड़ी घटनाएं सामने आईं, जिसने न केवल विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि पूरे प्रशासनिक अमले को सतर्क कर दिया है। एक ओर जहां विभाग की गाड़ी की टक्कर से एक गाय की मौत हो गई और ग्रामीणों ने आक्रोश में सड़क पर चक्काजाम कर दिया, वहीं दूसरी ओर अवैध खनन रोकने गई टीम पर खनिज माफियाओं ने हमला बोलकर जब्त ट्रैक्टर को छीन लिया।

### पहली घटना-डीएफओ की सरकारी गाड़ी से गाय की मौत, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

मंगलवार रात बड़माड़ई गांव के पास वन विभाग की सरकारी गाड़ी एमपी02जेडए1255 की टक्कर से एक गाय की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक अन्य गाय घायल हो गई। यह गाड़ी डीएफओ राजाराम परमार के अधीन है। घटना के विरोध में बुधवार सुबह ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया और वन विभाग के खिलाफ आक्रोश जताया। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए लगभग आधे घंटे के भीतर जाम खुलवाया। पुलिस को घटनास्थल से डीएफओ की नेम प्लेट और वाहन की नंबर प्लेट मिली, जिसे जब्त कर लिया गया है। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि लक्ष्मण आदिवासी की शिकायत पर वाहन चालक के खिलाफ तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में बीएनएस की धारा 281 व 325 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। डीएफओ राजाराम परमार ने सफाई देते हुए कहा कि वे स्वयं गाड़ी में मौजूद नहीं थे। उन्हें रात में अतिक्रमण की सूचना मिली थी, जिस पर टीम को भेजा गया। टीम के लौटते वक्त यह हादसा हुआ।

### दूसरी घटना-अवैध रेत खनन रोकने गई टीम पर हमला, ट्रैक्टर छीन ले गए माफिया

बुधवार दोपहर 12 बजे वन विभाग की टीम बड़माड़ई बीट में अवैध रेत खनन की सूचना पर कार्रवाई के लिए पहुंची। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात माफिया रेत भरकर भाग गए थे, लेकिन उनका ट्रैक्टर कीचड़ में फंस गया था। विभाग ने जेसीबी मंगवाकर ट्रैक्टर बाहर निकाला और जब्ती की प्रक्रिया शुरू की। जब टीम ट्रैक्टर को कार्यालय की ओर ला रही थी, तभी बाइक पर सवार करीब एक दर्जन खनिज माफिया मौके पर पहुंचे और वन कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जबरदस्ती छीनकर ले गए। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तुरंत कोतवाली पहुंचे और 11 आरोपियों के खिलाफ नामजद शिकायत का लिखित आवेदन सौंपा। हालांकि, इन आरोपियों के खिलाफ अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। एफआईआर की प्रक्रिया प्रचलन में है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। वन रेंज ऑफिसर सौरभ जैन ने बताया कि विभागीय जांच में एक सुरक्षा श्रमिक महेंद्र सिंह ठाकुर की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। उसके खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है और पुलिस में भी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विभाग अवैध खनन के मामलों में किसी को नहीं बख्शेगा, चाहे वह विभाग का अपना कर्मचारी ही क्यों न हो। इस पूरी घटना का वीडियो भी विभाग द्वारा रिकॉर्ड किया गया है, जो माफियाओं की पहचान और गिरफ्तारी में मदद करेगा।

### प्रशासनिक तंत्र सवालों के घेरे में

इन दोनों घटनाओं ने वन विभाग की कार्यप्रणाली और स्थानीय प्रशासन की सजगता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। एक तरफ जहां विभाग की गाड़ी से हुई दुर्घटना में निरीह गाय की मौत ने संवेदनशीलता की कमी उजागर की, वहीं दूसरी ओर अवैध रेत खनन जैसे गंभीर अपराध में माफियाओं की खुलेआम गुंडागर्दी और विभागीय कर्मचारी की संलिप्तता ने विभाग की छवि धूमिल की है। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच और कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वन विभाग भी आंतरिक स्तर पर सख्त रुख अपनाते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की बात कर रहा है।

# नशे से दूरी, है जरूरी अभियान- केंद्रीय विद्यालय में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**टीकमगढ़।** नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी, है जरूरी अभियान के अंतर्गत बुधवार को केंद्रीय विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर मंडलोई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी मंडलोई ने कहा कि अभियान का मूल उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से जागरूक करना है, साथ ही नशामुक्त समाज की स्थापना हेतु जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों को नशे के सामाजिक, मानसिक और शारीरिक दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रेरणादायक लघु फिल्में और वीडियो भी प्रस्तुत किए गए। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और नशामुक्ति संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने नशे से बचाव एवं उपचार के उपाय साझा किए। एसपी मंडलोई ने यह भी बताया कि नशे की लत हिंसात्मक प्रवृत्तियों को जन्म दे सकती है और यह मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डालती है। उन्होंने चेताया कि नशे से कई परिवार टूट जाते हैं और घर की आर्थिक स्थिति भी प्रभावित होती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, युवाओं और विद्यालय स्टाफ ने नशा न करने की शपथ ली। साथ ही शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों और थाना परिसरों में हस्ताक्षर अभियान भी जारी है, जिसके माध्यम से लोग नशा मुक्त समाज के समर्थन में अपनी भागीदारी दर्ज कर रहे हैं।

## तत्कालीन पंचायत सचिव पर फर्जी नियुक्ति और 10 लाख से अधिक के गबन का आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

**टीकमगढ़।** जिले की ग्राम पंचायत छिदारी, जनपद पंचायत बल्देवगढ़ में पदस्थ रहे तत्कालीन पंचायत सचिव सत्य प्रकाश दीक्षित एक बार फिर विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। दीक्षित पर फर्जी अनुकंपा नियुक्ति, वरिष्ठता सूची में हेरफेर और शासन की राशि के गबन जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायतकर्ता पुष्पेंद्र दीक्षित ने इस संबंध में जिला कलेक्टर को विस्तृत शिकायत सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

**फर्जी अनुकंपा नियुक्ति का आरोप :** शिकायत में पुष्पेंद्र दीक्षित ने आरोप लगाया है कि सत्य प्रकाश दीक्षित पिता केशव प्रसाद दीक्षित ने नियमों की अनदेखी कर और वरिष्ठता सूची में अवैध फेरबदल कर फर्जी अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त की थी। उस समय वे वरिष्ठता सूची में 5वें क्रमांक पर थे, लेकिन अधिकारियों से मिलीभगत कर उन्हें सचिव पद पर नियुक्ति दे दी गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता से परे थी और परिवारिक रसूख का दुरुपयोग करते हुए नियमों की धज्जियां उड़ाई गईं।

**10 लाख से अधिक की वसूली के आदेश, पर कार्रवाई नहीं:** इतना ही नहीं, शिकायत में यह भी बताया गया है कि सत्य प्रकाश दीक्षित के कार्यकाल के दौरान आर्थिक अनियमितताओं के चलते जिला पंचायत टीकमगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा दिनांक 11 दिसंबर 2024 को ?10,07,385 की वसूली के आदेश जारी किए गए थे। यह राशि तीन वर्षों के भीतर सरकारी खाते में जमा की जानी थी, लेकिन आज तक राशि की वसूली नहीं की गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि प्रशासनिक लापरवाही के चलते दोषी के विरुद्ध ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

**मौजूदा पदस्थापना जतारा जनपद की ग्राम पंचायत खरोंई में :** विवादों के बावजूद सत्य प्रकाश दीक्षित वर्तमान में जनपद पंचायत जतारा अंतर्गत ग्राम पंचायत खरोंई में पदस्थ हैं। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि इनकी वर्तमान नियुक्ति भी नियमविरुद्ध बनी हुई है और यदि पूर्व नियुक्ति की निष्पक्ष जांच की जाए तो कई अनियमितताएं उजागर हो सकती हैं।

# पन्ना दक्षिण वनमण्डल में पाया गया एक रोचक जीव



**पन्ना ।** दक्षिण वनमंडल पन्ना के मोहन्द्रा परिक्षेत्र अंतर्गत मोतीडोल बीट में कार्यरत वनकर्मी अरविंद कुमार विश्वकर्मा द्वारा एक रोचक और दुर्लभ जीव का अवलोकन किया गया, जिसे आम बोलचाल की भाषा में 'घोड़े के बाल जैसे कीड़ा' (हेयर वार्म) कहा जाता है। यह जीव वैज्ञानिक वर्गीकरण में ह्द्रद्वड्डह्लश्वद्वश्रह्म्श्चद्धड्ड नामक जीवसमूह से संबंधित होता है। यह कीड़ा अत्यंत पतला, सफेद या हल्के भूरे रंग का धागे जैसा होता है और प्रायः गीली मिट्टी या पानी के आसपास उलझे हुए समूह में पाया जाता है। इसकी उपस्थिति अक्सर ग्रामीणों में भ्रम पैदा कर सकती है, परंतु यह पूरी तरह से निरापद है और न तो मनुष्यों को और न ही अन्य बड़े प्राणियों को कोई हानि पहुंचाता है। हॉर्सहेयर वॉर्म का जीवन चक्र अत्यंत रोचक होता है। ये कीड़े प्रारंभिक अवस्था में झिंगुर, टिड्डा, या भृंग जैसे कीटों के शरीर के भीतर परजीवी के रूप में निवास करते हैं। परिपक्व होने पर यह कीट के मस्तिष्क को प्रभावित कर उसे पानी की ओर आकर्षित करते हैं, जहां से यह जीव बाहर निकल आता है और कुछ समय के लिए स्वतंत्र रूप से जल या गीले वातावरण में जीवन व्यतीत करता है। इस प्रक्रिया को देखकर ऐसा प्रतीत होता है जैसे यह कीड़ा अचानक जमीन या पानी से उत्पन्न हो गया हो, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक प्रकार के मिथक और अंधविश्वास जुड़ जाते हैं। इस जीव का व्यवहार न केवल जैविक दृष्टि से रोचक है, बल्कि यह पारिस्थितिकी तंत्र की समृद्धता का भी परिचायक है। ऐसे कीड़े जैव विविधता के अच्छे संकेतक माने जाते हैं और यह दर्शाते हैं कि उस क्षेत्र में कीट जीवन और आर्द्र परिस्थितियों का अच्छा संतुलन मौजूद है। हॉर्सहेयर वॉर्म कीटों की संख्या को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित करने में भी सहायक होते हैं, जिससे यह एक प्रकार के प्राकृतिक जैव नियंत्रक के रूप में कार्य करता है। दक्षिण पन्ना वन विभाग का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में ऐसे जीवों के बारे में सही वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना है, जिससे अंधविश्वास और अनावश्यक भय को दूर किया जा सके। विभाग आमजन से अपील करता है कि ऐसे जीवों को देखकर घबराएं नहीं, इन्हें नुकसान न पहुंचाएं, बल्कि इनके प्रति जिज्ञासा रखें और प्रकृति की इस विलक्षण रचना का सम्मान करें। मोतीडोल बीट में हॉर्सहेयर वॉर्म की यह उपस्थिति न केवल जैव विविधता का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि हमारे वन क्षेत्र किस प्रकार संतुलित और जीवंत हैं।

# कलेक्टर ने श्री जुगल किशोर मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया



**पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा के साथ बुधवार को पन्ना नगर के श्री जुगल किशोर मंदिर पहुंचकर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा वर्तमान श्रावण माह में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों तथा आगामी 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में मंदिर पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान, एसडीओपी एस.पी.एस. बघेल, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति, थाना प्रभारी कोतवाली रोहित मिश्रा, यातायात प्रभारी नीलम लक्षकार भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान अधिकारीद्वय ने विभिन्न दिवसों पर श्रद्धालुओं के आवागमन के दृष्टिगत सुलभ दर्शन व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस बल की तैनाती, पार्किंग व्यवस्था व बेहतर आवागमन व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया गया। इस दौरान कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जे.पी. सोनकर को भी विभाग स्तर पर समय पूर्व जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए कहा।

## अजयगढ़ तहसील की ग्राम पंचायतों में लगाया विधिक साक्षरता शिविर

**पन्ना ।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड व प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन द्वारा बुधवार को अजयगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत बनहरी कलां, सिंहपुर, भसूड़ा एवं प्रतापपुर में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस मौके पर ग्रामीणजनों को इन शिविरों की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही प्राधिकरण द्वारा संचालित निःशुल्क योजनाओं के जरिए गरीब, पिछड़े, महिला व आदिवासी वर्ग के व्यक्तियों को लाभांवित करने संबंधी जानकारी दी गई। प्राधिकरण के सचिव ने शिविर में निःशुल्क अधिवक्ता सेवा उपलब्ध कराने की पात्रता और प्रक्रिया की जानकारी प्रदान कर ग्रामीणजनों को प्राधिकरण एवं शासन की योजनाओं का लाभ न मिलने की स्थिति में सरपंच व सचिव से संपर्क करने की सलाह दी गई। इसके बावजूद समस्या का निराकरण नहीं होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क करने के बारे में अवगत कराया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने शिविर में ग्रामीणजनों को पॉक्सो अधिनियम, दहेज प्रतिषेध व घरेलू हिंसा अधिनियम तथा म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना एवं नालसा पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। रोहित नायक ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रक्रिया के विषय में जानकारी दी। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक भी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक पन्ना की उपस्थिति में यातायात ट्रैफिक वार्डन सदस्यों की बैठक आयोजित



**पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह चौहान की उपस्थिति में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार के द्वारा पुलिस काफ्रेंस हाल पन्ना में यातायात ट्रैफिक वार्डन सदस्यो की बैठक आयोजित की गयी बैठक में राहबीर योजना, कैशलेस योजना तथा जिले में संचालित नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के प्रति जागरूक किया गया । तथा शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त व सृदढ बनाने हेतु समझाईश दी गयी तथा नशे से दूर रहने की अपील की गयी । एंव राहवीर योजना के तहत वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को गोल्डन आवर में नजदीकी अस्पताल, ट्रामा सेंटर पहुंचाकर मदद करने वाले व्यक्तियों को सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्रालय द्वारा 25 हजार रुपए नगद राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिए जाने के प्रावधान है । तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी ट्रैफिक वार्डन को यातायात ट्रैफिक व्यवस्था ड्यूटी हेतु टी शर्ट , कैप वितरण की गयी ।

# राष्ट्रीय कार्यशाला का छत्रसाल महाविद्यालय, पन्ना में सीधा प्रसारण





**पन्ना।** पन्ना मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में और माननीय राज्यपाल श्री मंगुभाई छगनभाई पटेल की अध्यक्षता में विकसित मध्यप्रदेश ञ्च2047 अंतर्गत रोजगार आधारित शिक्षा रूझान एवं नए अवसर विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला का कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे हॉल, भोपाल में पूर्वाह्न 10¬30 बजे शुरू हुआ। कार्यक्रम का उचित प्रशासकीय सहयोग,उच्च शिक्षा मंत्री सहित अन्य गणमान्यों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, फेसबुक लाइव, ट्विटर और यूट्यूब इत्यादि माध्यमों से राज्यभर में संचालित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आयोजन को एक महत्वपूर्ण पहल करार देते हुए कहा कि यह कार्यशाला रोजगार-केंद्रित शिक्षा को नये दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने का प्रयास है। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने 'मिशन कर्मयोगी' के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञों की कमेटी गठित करने का आश्वासन भी दिया । राज्यपाल श्री मंगुभाई छगनभाई पटेल ने कहा शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्ति को उपयोगी बनाना है। युवाओं को प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा लेनी चाहिए । उच्च शिक्षा मंत्री ने भी शिक्षा के व्यावसायिक स्वरूप और रोजगार-उन्मुख पाठ्यक्रमों पर जोर दिया तथा कहा कि उनका मंत्रालय ऐसे शिक्षण पैकेज विकसित कर रहा है जो उद्योगों के साथ तालमेल रखते हैं। छत्रसाल महाविद्यालय, पन्ना में इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी. पी. मिश्रा, गणित विभागाध्यक्ष डॉ. जे. के वर्मा, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल एवं डॉ. आनंद चौरसिया सहित अनेक प्राध्यापकगण ङ्क डॉ. आर. एम. दत्ता, डॉ राजीव सिंह, , डॉ राम मोहन तिवारी, डॉ. सचिन गोयल, डॉ. एम. के. शुक्ला, डॉ. नंद कुमार पटेल, डॉ धरमू कुशवाहा, डॉ सतीश त्रिपाठी, श्री धर्मेंद्र यादव, डॉ. पियूषा शर्मा, डॉ अमिता सिन्हा, डॉ राजेश शर्मा, डॉ. अरविंद मंडेलिया, डॉ. अरविंद निषाद, डॉ. रचना गुप्ता, डॉ. निशांत खरे. बरदानी प्रजापति, श्री विपिन सिंह एवं श्री जय चौरसिया ङ्क की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की और रोजगार परक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर वक्ताओं के विचारों को सुना। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य के लिए नए अवसरों की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

यह कार्यक्रम न केवल शिक्षा के व्यावसायिक स्वरूप की ओर ध्यान केंद्रित करता है, बल्कि मध्यप्रदेश को विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में किशोर न्याय अधिनियम एवं पॉक्सो एक्ट का संपन्न हुआ प्रशिक्षण



**पन्ना ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गत दिवस स्थानीय पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015, आदर्श नियम 2016 एवं पॉक्सो एक्ट 2012 सहित गैर संस्थागत सेवाओं के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान, जिला विधिक सेवा अधिकारी अतुल सेन, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह सहित विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं जे.जे. बोर्ड सदस्य, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल गृह, शिशु गृह और वन स्टॉप सेंटर के प्रबंधक भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यतः विशेष किशोर पुलिस इकाई और बाल कल्याण समिति संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बालकों को दी जाने वाली गैर संस्थागत सेवाओं के बारे में अवगत कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से विजयलक्ष्मी ने पॉक्सो एक्ट 2012 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान कर सभी 9 अध्याय एवं धाराओं संबंधी जानकारी प्रदान की गई। बताया गया कि पॉक्सो एक्ट का मुख्य उद्देश्य बच्चों को यौन शोषण, उत्पीड़न और अश्लीलता से सुरक्षा प्रदान करना है। इसमें दोषियों को कठोर सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम के दौरान पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए केस को विधिक रूप से प्रस्तुत करने के तरीके भी बताए गए। साथ ही पीड़िता को क्षतिपूर्ति दिलाने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया।

कार्यशाला में किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि बच्चों से मारपीट करने वाले अभिभावकों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अतिरिक्त जे.जे. एक्ट के तहत भी केस बन सकता है। स्कूल में बच्चों के साथ क्रूरता होने पर अथवा पड़ोस में किसी माता-पिता द्वारा बच्चे के साथ क्रूरता करते पाए जाने पर तत्काल इसकी शिकायत पुलिस थाना अथवा नेशनल कमिशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स या जिले में बाल कल्याण समिति एवं महिला बाल विकास विभाग में कर सकते हैं। कार्यशाला में बाल कल्याण समिति के सदस्य आशीष बोस द्वारा भी किशोर न्याय अधिनियम के तहत बालकों की देखरेख और संरक्षण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त सहभागीजनो से जरूरी समन्वय स्थापित कर बच्चों की सुरक्षा के लिए कार्य करने का आग्रह किया गया।

## जिला रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्यों की सूची प्रकाशित

**पन्ना ।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी पन्ना द्वारा जिला शाखा के आजीवन सदस्यों की सूची प्रकाशित की गई है। आगामी 31 जुलाई को दोपहर 3 बजे तक कार्यालयीन दिवसों में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक पन्ना कार्यालय में सूची का अवलोकन किया जा सकता है।

# पांच दिवसीय नवांकुर सखी हरियाली कार्यक्रम 24 जुलाई से




**पन्ना ।** पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण कार्यक्रम में सतत् एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनअभियान परिषद द्वारा समस्त विकासखण्ड के सेक्टरों में हरियाली अमावस्या के अवसर पर 24 जुलाई से आगामी 5 दिवस तक नवांकुर सखी हरियाली कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के तहत प्रत्येक सेक्टर में 100 महिलाएं नवांकुर सखी के रूप में पंजीकृत की गई हैं। ये नवांकुर सखियां 11 बीज रोपित एवं अंकुरित पौधरोपित थैलियों के माध्यम से अपने घर की बगियां में पौधे विकसित करेंगी। जन अभियान परिषद की इस नवाचारी पहल से हर विकासखण्ड में 5500 पौधे तैयार होंगे। विकसित पौधों को रोपण लायक होने की स्थिति में एक पेड़ मां के नाम अभियान में शासकीय या निजी भूमि में परिवार महत्व के अवसरों पर रोपित किया जाएगा। ये पौधे अभियान अंतर्गत आगामी वर्षों में भी रोपित होगे। जनअभियान परिषद की जिला समन्वयक अनीता जाटव ने बताया कि गत दिवस मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के पोस्टर का विमोचन भी किया गया है। पर्यावरण संरक्षण के साथ नवांकुर सखी नशामुक्ति, परिवार संस्कार विकसित करने और स्वरोजगार की दिशा में भी कार्य करेंगी।

## जिला पंचायत सीईओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**पन्ना ।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा आज ग्राम पंचायत रहुनिया एवं सिरस्वाहा में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिपं सीईओ ने रहुनिया के आंगनवाड़ी केन्द्र का अवलोकन कर बच्चों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। खेत तालाब के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण भी किया। साथ ही सिरस्वाहा के निर्माणाधीन अटल सुशासन भवन का भ्रमण कर कार्य की गुणवत्ता व अद्यतन प्रगति संबंधी जानकारी ली। इस दौरान परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित रहे।

## प्रदेश सहित जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त

# खाद की कमी के कारण किसानों की फसल हो रही है खराब

### स्थानीय व्याप्त जन समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा 13 सूत्रीय ज्ञापन

जागरण, बैढ़न

प्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला प्रभारी श्रीमती कविता पांडे एवं सह प्रभारी प्रदीप सिंह के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल एवं ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी के संयुक्त नेतृत्व एवं जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश एवं सिंगरौली की कई स्थानीय व्याप्त जन समस्याओं को लेकर हजारों की संख्या में पैदल यात्रा कर विरोध प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में प्रदेश भर में खाद की कमी के कारण किसानों की फसल खराब हो रही है लगभग सभी जिलों में कतार में खड़े किसानों को 2–.2 दिनों तक बारिश में खाद के लिए इंतजार करने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही किसान विवश होकर बाजार से ऊंचे दामों पर नकली खाद खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है प्रदेश के भाजपा सरकार का किसान विरोधी मानसिकता उचित नहीं है किसानों को सभी जिलों की सरकारी समितियों से पर्याप्त खाद बीज उपलब्ध कराई जाए। समितियों को भी नगद लेन.देन कर केसीसी किसान के अलावा खाद बीज विक्रय का अधिकार दिलाया जाए ताकि गोदाम पद होने वाली भीड़ को नियंत्रित किया जा सकें। प्रदेश सहित जिले में भी कानून व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त है जिले में चोरी मारपीट हत्या और महिलाओं के साथ अत्याचार में बेतहाशा वृद्धि हुई है अपराध नियंत्रण करने में पुलिस लगभग असफल है।



अभियान चलाकर अपराधों पर नियंत्रण की ठोस कार्रवाई की जाए। प्रदेश के अन्य जिलों के साथ ही जिले में भी अवैध नशे का कारोबार चैतरफा बढ़ा है जिसे नियंत्रित किया जाए। जिले में शहर से गांव तक सड़के चलने लायक नहीं बची सड़क मरम्मत के प्रति शासन प्रशासन की रुचि दिखाई नहीं दे रही है सीधी सिंगरौली जिले के एकमात्र नेशनल हाईवे एनएच 39 पिछले 20 वर्षों से बन रही है लेकिन अभी तक नहीं बन पाई है जो कुछ बनी भी है उसमें भी बड़े.बड़े जानलेवा गड्ढे बन चुके है प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं परन्तु प्रशासन उदासीन है तत्काल एनएच 39 सहित सभी शहर एवं ग्रामीण सड़कों का मरम्मत एवं निर्माण सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश में बिजली के दाम दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं जिले में सर्वाधिक बिजली उत्पादन के बाद भी जिले वासियों को बार.बार बिजली आने जाने के खेल से घरेलू उपयोग के सभी विद्युत उपकरण बार बार खराब हो रहे हैं धान रोपाई समय बिजली के ट्रांसफार्मर जले हैं ट्रांसफार्मर न तो मरम्मत किए जा रहे नहीं बदले जाते है ट्रांसफार्मर के ओवरलोड की समस्या का समाधान भी नहीं हो रहा है बिजली की कीमत कम की जाए कटौती बंद की जाए ट्रांसफार्मर बदलने की समय सीमा निश्चित की जाए। जिले में प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटना के कारण असमय मौतें हो रही हैं जिसका प्रमुख कारण आम ग्रामीण सड़को से विभिन्न कंपनियों का कोल परिवहन किया जाना है किसी भी परिवार के व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होना परिवार जनों के असहय दुख और अंधकारमय भविष्य का परिचायक है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के लिए यह विवादास्पात विषय चिंताजनक है आम सार्वजनिक एवं ग्रामीण सड़कों से कोल परिवहन के उपयोग में आने वाले सभी मार्गों का चौड़ीकरण किया जाए परिवहन के निर्धारित समय का कड़ाई से पालन किया जाए कोल परिवहन मार्गों पर पर्याप्त रोशनी के लिए विद्युतीकरण कराई जाए। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल एवं ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी द्वारा राज्यपाल को 13 सूत्रीय मांग पत्र ज्ञापन प्रस्तुत कर अनुरोध किया गया कि सभी बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार कर शीघ्र सकारात्मक समाधान करने का कष्ट किया जाए अन्यथा कांग्रेस पार्टी को आक्रामक आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

#### निम्न की रही उपस्थिति

उक्त अवसर पर राम अशोक शर्मा रामशिरोमणि शाहवाल बालमुकुंद सिंह परिहार रविंद्र द्विवेदी रमाशंकर शुक्ल भास्कर मिश्रा रूपेशचंद्र पांडेय मनोज दुबे अनिल सिंह के डी सिंह मनोज दुबे राजकुमार दीपंकर केपी सिंह बीएन त्रिपाठी चन्द्रप्रकाश शुक्ला रामकृपाल शाह लखनलाल शाह अशोक सिंह पैगाम शेखर सिंह रमेश कुशवाहा रामनिवास तिवारी राघवेंद्र सिंह भोले रामगोपाल पाल परमेश्वर पटेल आशीष गुप्ता सिल्लू अनिल वैश्य चंद्रिका प्रसाद वर्मा जेपी सिंह विद्यापति शाह तुला कुशवाहा राघवेंद्र श्रीवास्तव मुनकु बीके श्रीवास्तव राजू सिंह सुदामा प्रसाद कुशवाहा सूर्यकुमार द्विवेदी मनोज सिंह पंकज पांडेय अजय सिंह डब्बू मणिराज सिंह ललित सिंह मधु शाह अतुल शुक्ला इस्लामुद्दीन अंसारी सुरेंद्र साकेत अनिल वर्मा संदीप शाह शिवेंद्र प्रताप सिंह नंदकिशोर सिंह राजीव सिंह दीपेंद्र सिंह मकसूद रजा बीरबल शाह रवि यादव मुनीलाल सोनी रामाधार कुशवाहा शिवसागर विश्वकर्मा शंकर प्रसाद वर्मा सूर्य प्रकाश सिंह आलोक शुक्ला पुष्पराज सेन कुंदन पांडेय राघवेंद्र शर्मा रामदयाल साह बीके भाटिया सोनू शेख आजाद गौरव चौरसिया अनिल शाह ब्रिजेंद्र शर्मा राजराखन सिंह प्रभांशु दुबे धर्मराज पनिका इत्यादि सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हर कार्यकर्ता को उसकी योग्यता के अनुसार दायित्व दिया जाएगा : प्रभारी मंत्री



### कार्यकर्ता बैठक के साथ ही सम्पन्न हुई प्रबंध समिति की महत्वपूर्ण बैठक

**जागरण बैढ़न।** मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिक मंत्री एवं जिले की पालक मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके प्रवास मे जिले मे पहुंची। अपने प्रथम दिवस के प्रथम कार्यक्रम मे मंत्री ने सूर्य भवन विंध्यनगर के सभागार मे जिले भर के भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। एक औपचारिक बैठक में प्रभारी मंत्री ने समस्त कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से संवाद किया बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने की। स्वागत उद्बोधन में सर्व प्रथम जिलाध्यक्ष ने काफी अंतराल बाद जिले मे प्रभारी मंत्री के आगमन पर उनका अभिनंदन किया तथा कार्यकर्ताओं को बताया कि प्रभारी मंत्री ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए सबसे पहले कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने का कार्यक्रम निर्धारित किया जिस निमित्त यह बैठक आयोजित हुई है। जिलाध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री को बताया कि जिले के ज्यादातर मंडलों के नये अध्यक्ष नियुक्त हो गये हैं तथा उनकी कार्यकारिणी नई ऊर्जा के साथ काम कर रही है। प्रभारी मंत्री ने कार्यकर्ताओं से सबसे पहले परिचय प्राप्त किया तथा अपने उद्बोधन मे कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक परिवार है और हम सभी इस परिवार के सदस्य हैं। हर सदस्य का दायित्व समयानुसार बदलता रहता है परन्तु महत्व हर सदस्य का बराबर का रहता है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मंडलों की नई कार्यकारिणी आ गई है और वो पूरी ऊर्जा के साथ काम कर रही है। अब जिले में भी नई कार्यकारिणी आयेगी तथा उसके पश्चात मोर्चा एवं प्रकोष्ठों की भी कार्यकारिणी का गठन होगा। हर प्रतिभावान कार्यकर्ता को उसकी योग्यतानुसार दायित्व दिया जाएगा तथा उसको कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। समस्त वरिष्ठ और जनप्रतिनिधियों से विचार.विमर्श कर जिलाध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी की रूप रेखा तय करेंगे तथा प्रदेश संगठन के अनुमोदन पश्चात कार्यकारिणी की घोषणा होगी। इसी प्रकार अन्य मोर्चे तथा प्रकोष्ठों के जिला प्रमुखों की नियुक्ति होगी तथा उनकी जिले तथा मंडलों की कार्यकारिणी गठित होगीं। जिले के प्रत्येक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को कार्य का अवसर दिया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि संगठन मे कार्य करने के लिये समय देना पड़ता है इसलिए समय का दान संगठन में सबसे बड़ा माना जाता है। कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद प्रभारी मंत्री के नेतृत्व मे पार्टी की सबसे महत्वपूर्ण मानी जाने वाली प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न हुई। प्रबंध समिति की बैठक में सांगठनिक तथा प्रशासनिक विषयों पर चर्चा हुई तथा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रबंध समिति मे पार्टी के वरिष्ठ तथा जनप्रतिनिधि होते हैं इसलिए इस समिति की बैठक सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण मानी जाती है इस बैठक मे सभी महत्वपूर्ण प्रशासनिक तथा सांगठनिक विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं।

## डीपीएस विन्ध्यनगर में विज्ञान ओलंपियाड फाउंडेशन प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन




**जागरण, विंध्यनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर में सत्र 24.–25 हेतु आयोजित विज्ञान ओलंपियाड फाउंडेशन की विभिन्न परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों को उत्कृष्टता हेतु मेडल जारी कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि विज्ञान ओलंपियाड फाउंडेशन की विषय आधारित चरणबद्ध प्रतियोगी परीक्षाएँ प्रतिवर्ष आयोजित की जाती हैं तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर के विद्यार्थी बड़ी संख्या में इन प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होते हैं। सत्र 24–.25 में गणित विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों में विद्यालय की कक्षा 3 से कक्षा 12 तक के अनेक शिक्षार्थी इन प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हुए तथा इनमें से कुल 200 विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता का श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्टता के स्वर्ण पदक हासिल किये। इसी क्रम में अन्य 100 अभ्यर्थियों ने विशिष्टता स्वर्ण पदक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवांवित किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनार्दन पाण्डेय ने इन सभी सफल अभ्यर्थियों को मेडल प्रदत्त कर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता पर अपार हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा अग्रिम सफलताओं हेतु शुभकामनाएँ दीं। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि बिना कड़े संघर्ष के सफलता नहीं मिलती। अतः सभी विद्यार्थियों को कठोर श्रम करने में विश्वास रखना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय में अध्ययरनरत सभी विद्यार्थी विद्यालय के स्वर्ण हैं अतः सभी को कठोर श्रम करते हुए सफलता के उच्चस्थ शिखर पर विराजमान होने का प्रयास करना चाहिए। अंत में प्राचार्य डॉ.पांडेय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु एसओएफ परीक्षा प्रभारी श्रीमती शुभा महाजन का भी आभार व्यक्त किया।

## एनटीपीसी विंध्याचल राजभाषा अनुभाग द्वारा आंचलिक काव्य गोष्ठी का आयोजन



**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी–विंध्याचल के मानव संसाधन.राजभाषा अनुभाग द्वारा परियोजना के प्रशासनिक भवन के सीवी रमन सभागार में आंचलिक काव्य–गोष्ठी का आयोजन किया गया। परियोजना के राजभाषा अनुभाग द्वारा वर्ष भर इस प्रकार की अनेक काव्य.गोष्ठियों का आयोजन राजभाषा हिन्दी के प्रचार.प्रसार एवं परियोजना में साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जाती हैं। इन काव्य.गोष्ठियों के माध्यम से परियोजना के कर्मचारी कवियों एवं शिक्षकों की काव्य.प्रतिभा को सिंचित करने एवं उन्हें एक उचित मंच प्रदान करने की कोशिश की जाती है। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य.अतिथि परियोजना प्रमुख विंध्याचल संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ए जे राजकुमार मुख्य चिकित्साधिकारी विंध्य चिकित्सालय विनोद कुमार भराली महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री डी के अग्रवाल महाप्रबंधक स्टोर दीपु ए महाप्रबंधक प्रचालन व एफएम सत्येंद्र कुमार सिन्हा महाप्रबंधक मेंटीनेंस व एडीएम मनिकयन सुरेश एवं उपस्थित कविगणों का मानव संसाधन प्रमुख विन्ध्याचाल राकेश अरोड़ा द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर अभिनंदन किया गया। परियोजना प्रमुख विंध्याचल संजीब कुमार साहा नें अपने उद्बोधन में राजभाषा अनुभाग द्वारा किए गए इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए सभी कवि एवं कविगणों के काव्य.पाठ को सराहा तथा आगे भी इस तरह का आयोजन किए जाने हेतु बल दिया। इस काव्य गोष्ठी में विंध्याचल कर्मचारी. रवीद्र कुमार मिश्रा श्रीमती राज भारती जितेंद्र सिंह रावत श्रीमती पुर्णिमा चतुर्वेदी अश्वनी श्रीवास्तव सुश्री आभा धीर सिंह चौहान डॉ.विपिन कुमार उपाध्याय के साथ.साथ शिक्षक डीपीएस स्कूल विंध्यनगर राहुल द्विवेदी एवं रविश कुमार दुबे नें भी अपनी.अपनी कविता सुनाकर सभी दर्शकों का दिल जीत लिया और तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर भारी संख्या मे कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अंत मे मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरष्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन उप महाप्रबंधक मानव संसाधन श्रीमती कामना शर्मा एवं धन्यवाद.ज्ञापन अपर महाप्रबन्धक मानव संसाधन श्रीमती मृणालिनी द्वारा किया गया।

## एनसीएल की झिंगुरदा परियोजना में यंग अचीवर्स टॉक् कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जागरण सिंगरौली।** आज एनसीएल की झिंगुरदा परियोजना में छात्रों को अभिप्रेरित करने के उद्देश्य से यंग अचीवर्स टॉक् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर प्रसूति एवं स्त्री रोग मेडिकल कॉलेज सिंगरौली एवं डीएवी झिंगुरदा की पूर्व छात्रा डा. सरिता शाह ने शिरकत की एवं उपस्थित छात्रों को सफलता के मंत्र दिये। इस दौरान डॉण् शाह ने विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन के संघर्षों अनुभवों और उपलब्धियों को साझा किया एवं उन्हें स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण और मजबूत इच्छाशक्ति के साथ अपने लक्ष्यों को पूरा करने का संदेश दिया। साथ ही उन्होने उपस्थित छात्रों को पढ़ाई के साथ.साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने हेतु आह्वान किया। इसके अतिरिक्त डॉ. सरिता शाह ने छात्राओं को मजबूत आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक झिंगुरदा राजेन्द्र वर्मा ने अपने उद्बोधन में उपस्थित छात्रों को खुली आंखों से सपने देखने एवं उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर कोशिश करते रहने का संदेश दिया । कार्यक्रम में डीएवी झिंगुरदा एवं सरस्वती शिशु मंदिर के 150 छात्र.छात्राओं ने भाग लिया एवं प्रश्न पूछे।

## झेलम सदन विजेता, सतलुज सदन को उपविजेता का पुरस्कार

### अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने वक्तृत्व एवं अभिव्यक्ति कौशल से सभी को किया हतप्रभ

**जागरण, विंध्यनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर के प्रेक्षागृह में सीनियर वर्ग के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों हेतु अंग्रेज़ी वाद.विवाद का आयोजन किया गया। अंतर्सदनीय इस प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी छः सदनों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में एनटीपीसी अस्पताल की वरिष्ठ चिकित्सक श्रीमती वर्तिका कुलश्रेष्ठ एवं एनटीपीसी विंध्याचल के आरएलआई में एजीएम राघवेन्द्र प्रसाद ने निर्णायक की भूमिका का निर्वाह किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ निर्णायक मंडल के सदस्यों एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनार्दन पांडेय को पुष्प.गुच्छ भेंट करने के साथ किया गया। अंग्रेज़ी वाद.विवाद प्रतियोगिता हेतु चयनित विषय था. इन द एज का डिस्ट्रक्शन कंसंट्रेशन ऑफ़ सुपर पावर वाद.विवाद में प्रतिभाग कर रहे सभी सदनों के प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष.विपक्ष में अकाट्य तर्क प्रस्तुत करते हुए प्रतियोगिता को अत्यंत रोचक बना दिया। प्रतियोगिता में अन्य सभी सदनों की अपेक्षा अधिक अंक




हासिल कर झेलम सदन ने विजेता का तथा सतलुज सदन ने उपविजेता का स्थान अर्जित किया साथ ही शिफ.ा तरन्नुम एवं अंश कुमार सिंह को क्रमशः विषय के पक्ष एवं विपक्ष के अनुसार श्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार प्राप्त हुआ। वहीं प्रक्षेपक पुरस्कार के अंतर्गत अनुराग एवं अक्षिता श्रीवास्तव ने भी क्रमशः विषय के पक्ष एवं विपक्ष के अनुसार विजेता पुरस्कार अर्जित किए। प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं संचालन में सीनियर वर्ग की गतिविधि समन्वयक श्रीमती अलका गौड़ की भूमिका प्रशंसनीय रही। प्रतियोगिता के समापन से पूर्व निर्णायक डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों के वक्तृत्व कौशल की प्रशंसा करते हुए उनके चिंतन एवं अभिव्यक्ति की श्रेष्ठता पर उन्हें बधाई दी। वहीं अन्य निर्णायक श्री राघवेन्द्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि कई बार इतने चिंतन बोध के साथ स्वयं को अभिव्यक्त कर पाना हम वयस्कों के लिए भी अत्यंत कठिन प्रतीत होता है किंतु इन सभी वक्ताओं ने उसे अत्यंत सहजता के साथ प्रस्तुत कर हम सभी को अचरज में डाल दिया है। अंत में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनार्दन पाण्डेय ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भाषायी कौशल एवं वैचारिक क्षमता के संवर्द्धन हेतु वाद.विवाद जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और डीपीएस विंध्यनगर अपने विद्यार्थियों में इन अनिवार्य कौशलों के विकास हेतु प्रतिबद्ध है।

## प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

### एनटीपीसी सिंगरौली में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता

**जागरण, शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में 25 सत्र के विश्व जल दिवस पृथ्वी दिवस एवं विश्व पर्यावरण दिवस के तहत कर्मचारियों संविदा कर्मचारियों एवं आम जनमानस में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए। इस संबंध में आज स्थानीय कर्मचारी विकास केंद्र के सरस्वती सभागार में उल्लेखित सभी अवसरों पर हुए तमाम प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें सभी विजेता एवं उप विजेता प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बतौर राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इन प्रतियोगिताओं में मुख्यतः निबंध सुझाव फोटोग्राफी नारा एवं क्विज़ आयोजित किए गए जिसमें सभी प्रतिभागियों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया जिसमें पहला कर्मचारी वर्ग दूसरा संविदा कर्मी वर्ग तथा तीसरा कर्मचारियों की हाउस वाइफ़ का वर्ग रखा गया। बता दें की यह पर्यावरण हितैषी तमाम कार्यक्रम एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के ईएमजी डिपार्टमेन्ट द्वारा आयोजित किया गया। जिसका मूल उद्देश्य सभी कर्मचारी तथा आम जनमानस को पूरे



उत्साह के साथ पर्यावरण के प्रति प्रेम एवं संरक्षण हेतु जागरूक कराना था। एनटीपीसी सिंगरौली में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर राजीव अकोटकर ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी को सार्थक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया उन्होने सभी से आग्रह किया की प्रत्येक जन अपने घरए मकान दुकान आदि के आस.पास पौधरोपण कर हरित पृथ्वी बनाने का संकल्प लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए जागरूकता बढ़ाएँ। ज्ञात हो किए एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न कदम उत्सर्जन के नये मानकों के पालन हेतु एफ़जीडी सिस्टम की स्थापना वास्तविक रूप अर्जित करने हेतु अग्रसर एसपीएम उत्सर्जन कम करने हेतु सभी सात ईकाइयों का ईएसपी का नवीनीकरण जल संरक्षण के लिए ऐश वाटर रिसायक्लींग सिस्टम पर्यावरण संरक्षण हेतु लिक्वीड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट से पुनः चक्रीकरण एवं डस्ट इक्स्ट्रेशन एण्ड सेपरेशन सिस्टम का निर्माण 21 लाख से अधिक वृक्षारोपण आस पास के वातावरण को ध्यान में रखते हुए शक्तिनगर टाउनशिप के साथ.साथ अनपरा क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक के उपयोग की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान राख उपयोग वृद्धि हेतु एनएच के निर्माण एवं ऐश ब्रिक के निर्माण हेतु राख का प्रेषण पर्यावरण अनुकूल हेतु 50 लाख राख ईंट का निर्माण सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट का नवीनीकरण आवासीय परिसर एवं आस पास के क्षेत्र से अपशिष्ट कुल 18 किलो प्लास्टिक को एकत्रित और पृथक कर अल्ट्राटेक और डाला सीमेंट फैक्ट्री में सीमेंट निर्माण के लिए भेजे जाने जैसे अनेकों सार्थक कदम उठाए गए हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती दीपिका सिंह वरिष्ठ प्रबन्धक ईएमजी एवं सुश्री आयुषी शर्मा सहायक अधिकारी ईएमजी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के जोसफ बास्टियन मुख्य महाप्रबंधक ऑपरेशन एंड मेंटेनेन्स सी.एच.किशोर कुमार महाप्रबंधक मेंटेनेंस एंड एडीएम रश्मि रंजन मोहंती महाप्रबंधक प्रोजेक्ट पीयूष श्रीवास्तव महाप्रबंधक बीई एंड रसायन नीरज यादव अपर महाप्रबंधक ईएमजी सिद्धार्थ मण्डल अपर महाप्रबंधक मानव संसाधननरेश कुमार उप महाप्रबंधक मानव संसाधन डॉ ओम प्रकाश उप महाप्रबंधक मा.स. एवं राजभाषा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं एनटीपीसी कर्मचारियों के परिवार जन आदि सम्मिलित रहे।

# भारत ने इंग्लैंड में जीती लगातार दूसरी वनडे सीरीज

## हरमनप्रीत का शतक, क्रांति ने झटके छह विकेट, तीन मैचों की सीरीज टीम इंडिया ने 2-1 से अपने नाम की

जेएनएन, चेस्टर ली स्ट्रीट

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में 13 रन से जीत दर्ज करके सीरीज 2-1 से अपने नाम की। टीम इंडिया ने यह लगातार दूसरी बार इंग्लैंड में वनडे सीरीज जीती। इससे पहले उसने 2022 में तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम की थी। भारत की इस जीत में कप्तान हरमनप्रीत कौर (102) और युवा तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ (6 विकेट) की अहम भूमिका रही। कप्तान हरमनप्रीत की 84 गेंदों पर 102 रन की शानदार पारी और जेमिमा रोड्रिग्स (50) के अर्धशतक की बदौलत भारत ने पांच विकेट पर 318 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इस मैच में भारतीय गेंदबाजों ने कमाल दिखाया और इंग्लैंड को 49.5 ओवर में 305 रन पर आउट कर दिया। अपना चौथा वनडे खेल रही गौड़ ने 52 रन देकर 6 विकेट, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी ने 68 रन देकर 2 विकेट लिए। इंग्लैंड की कप्तान नेट साइवर ब्रंट ने 98 और एम्मा लैंब ने 68 रन बनाए। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की। इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम का इंग्लैंड का यादगार दौरा समाप्त हो गया। उसने इससे पहले पांच मैचों की टी-20 सीरीज भी 3-2 से जीती थी। हरमनप्रीत पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी, लेकिन उन्होंने सीरीज के निर्णायक मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया तथा वनडे में अपना सातवां और इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा शतक जड़ा। इस दौरान उन्होंने महिला वनडे में 4000 रन भी पूरे किए। यह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में भारत का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। टीम ने सितंबर 2022 में केंटरबरी में इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट पर 333 रन का सर्वोच्च स्कोर बनाया था। हरमनप्रीत ने उस मैच में भी शतक लगाया था। भारतीय कप्तान ने ऑफ साइड में शानदार शॉट खेले और अपने अधिकतर चौके वहीं मारे। उन्होंने कुछ सीधी बाउंड्री लगाने के अलावा विकेट के पीछे भी एक चौका मारा। हरमनप्रीत ने इस दौरान हरलीन देओल (45) के साथ तीसरे विकेट विकेट के लिए 81 और फिर जेमिमा के साथ सिर्फ 77 गेंद में 110 रन की साझेदारी करके भारत का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। रिचा घोष ने अंत में सिर्फ 18 गेंद में नाबाद 38 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के मारे। भारत को इससे पहले स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल की सलामी जोड़ी ने 64 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। इस साझेदारी के दौरान मंधाना ने आक्रामक रुख अपनाया। भारतीय उप-कप्तान मंधाना पांच चौके लगाकर अच्छी लय में लग रहीं थी, लेकिन 18वें ओवर में सोफी एक्लेस्टोन की शॉर्ट और बाहर की ओर जाती गेंद को पुल करने की कोशिश में मिडविकेट पर सोफिया डंकले को कैच दे बैठीं। मंधाना ने 54 गेंद में 45 रन की पारी खेली। इससे पहले प्रतीका 13वें ओवर में पवेलियन लौटीं जब चार्ली डीन की गेंद पर विकेटकीपर ऐमी जोन्स ने उनका कैच लपका। उन्होंने 26 रन बनाए। जेमिमा शुरुआत से ही अच्छी लय में नजर आईं और उन्होंने 41वें ओवर में डीन पर लगातार तीन चौके मारे। उन्होंने इस स्पिनर के अगले ओवर में भी लगातार दो चौके जड़े। उन्होंने 45 गेंद में सात चौकों से 50 रन की पारी खेली। हरलीन ने भी तेज गेंदबाज लॉरेन बेल की गेंद पर आउट होने से पहले 65 गेंद की अपनी पारी में चार चौके मारे।




प्लेयर ऑफ द मैच
हरमनप्रीत कौर
102 रन
प्लेयर ऑफ द सीरीज
हरमनप्रीत कौर
126 रन

**2025** में भारत ने पांचवीं बार 300 का आंकड़ा पार किया है और वह महिला वनडे में एक कैलेंडर ईयर में ऐसा कारनामा करने वाली पहली टीम बन गई है।

**06** विकेट गौड़ ने झटके। वे महिलाओं के वनडे में भारत की ओर से पांच विकेट लेने वाली दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी बनीं। उनसे कम उम्र में यह उपलब्धि केवल दीप्ति शर्मा ने हासिल की थी।

**महिला वनडे में भारत के लिए सबसे तेज शतक (गेंदों के हिसाब से)**

| खिलाड़ी | गेंद | विरुद्ध | साल |
|---|---|---|---|
| स्मृति मांधना | 70 | आयरलैंड | 2025 |
| हरमनप्रीत कौर | 82 | इंग्लैंड | 2025 |
| हरमनप्रीत | 87 | दक्षिण अफ्रीका | 2024 |
| जेमिमाह रॉड्रिग्स | 89 | दक्षिण अफ्रीका | 2025 |

**इंग्लैंड में महिला वनडे में मेहमान टीम द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर**

| टीम | स्कोर | विरुद्ध | स्थान | साल |
|---|---|---|---|---|
| भारत | 333/5 | इंग्लैंड | कैंटरबरी | 2022 |
| भारत | 318/5 | इंग्लैंड | चेस्टर ली स्ट्रीट | 2025 |
| आयरलैंड | 309/2 | नीदरलैंड्स | मिस्किन | 2005 |
| दक्षिण अफ्रीका | 305/9 | इंग्लैंड | ब्रिस्टल | 2017 |
| न्यूजीलैंड | 296/8 | आयरलैंड | किबवर्थ | 2010 |

**खेल एक नजर**

### आज हो सकती है आईओए के सीईओ की नियुक्ति

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के भीतर लंबे समय से चल रहा विवाद अब खत्म होने की ओर बढ़ता दिख रहा है, क्योंकि कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों के रघुराम अय्यर की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्ति को मंजूरी देने की उम्मीद है। विरोध कर रहे कार्यकारी परिषद के इन सदस्यों ने जनवरी 2024 में आईओए अध्यक्ष पीटी उषा द्वारा की गई अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था, जिसका मुख्य कारण सीईओ के लिए 20 लाख रुपए प्रति माह का वेतन और अन्य भत्ते थे। कार्यकारी परिषद की सितंबर 2024 में हुई बैठक में भी इसका हल नहीं निकला, जिसमें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के एक अधिकारी ने वर्चुअल रूप से भाग लिया था। पता चला है कि खेल मंत्रालय के आग्रह पर सुलह होने वाली है। इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्र ने बताया, कार्यकारी परिषद के सदस्य अय्यर की नियुक्ति पर सहमति जताने के लिए सहमत हो गए हैं और इसकी घोषणा गुरुवार को होने की संभावना है।

### सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने किया मारक्रम को रिलीज

**केपटाउन, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीकी-20 टूर्नामेंट की फ्रेंचाइजी सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने सबको आश्चर्यचकित करते हुए अपने कप्तान एडन मारक्रम को आगामी सीजन के लिए रिलीज कर दिया है। दक्षिण अफ्रीकी-20 की छह फ्रेंचाइजी ने सीजन 2026 की नीलामी से पहले अपने रिटेंशन और प्री-साइनिंग की घोषणा कर दी है। नियमों के तहत प्रत्येक टीम में अधिकतम छह खिलाड़ियों को शामिल किया जा सकता है, तीन दक्षिण अफ्रीकी और तीन अंतरराष्ट्रीय और टीमों को वाइल्डकार्ड अनुबंध की भी अनुमति है, जोकि घरेलू और विदेशी खिलाड़ी हो सकता है। प्रत्येक टीम में 18 सदस्य होने चाहिए।



### टी-20 : न्यूजीलैंड की दक्षिण अफ्रीका पर लगातार दूसरी जीत

**हरारे, जेएनएन।** टिम सीफर्ट के आक्रामक नाबाद अर्धशतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने मंगलवार को त्रिकोणीय टी-20 सीरीज में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया। सीफर्ट ने पहले ही ओवर में मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 48 गेंदों पर नाबाद 66 रन बनाकर न्यूजीलैंड को चार ओवर शेष रहते 135 रनों के लक्ष्य तक पहुंचा दिया। दक्षिण अफ्रीका को इससे पहले बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने का खामियाजा भुगतना पड़ा। कप्तान रासी वैन डेर डूसन (14) का पारी का आगाज करने का फैसला सही साबित नहीं हुआ और उनकी टीम आठ विकेट पर 134 रन ही बना सकी। रीजा हेंड्रिक्स 41 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। जॉर्ज लिंडे ने नाबाद 23 रन बनाए। दोनों टीमें अब शनिवार को होने वाले फाइनल में फिर से भिड़ेंगी। उससे पहले गुरुवार को न्यूजीलैंड के सामने महत्वहीन मैच में मेजबान जिम्बाब्वे की चुनौती होगी। न्यूजीलैंड की इस सीरीज में दक्षिण अफ्रीका पर दूसरी जीत है। सिफर्ट और कॉनवे (14) ने पावरप्ले में टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर बनाया। न्यूजीलैंड ने पहले छह ओवर में एक विकेट पर 55 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज अपनी लाइन और लेंथ से भटके हुए थे और उन्होंने कुल 17 वाइड दिए। सिमेलेन ने हालांकि कॉनवे को आउट कर टीम की वापसी कराई। स्पिनर सेनुरा मुथुसामी (24 रन पर दो विकेट) ने रचिन रविंद्र (तीन) और मार्क चैपमैन (10) के विकेट लिए।

# ऑस्ट्रेलिया ने जीता लगातार दूसरा टी-20 आंद्रे रसेल के विदाई मैच में हारी वेस्टइंडीज

**किंगस्टन, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को दूसरे टी-20 में 28 गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हराकर अंतराष्ट्रीय करियर का आखिरी मैच खेल रहे आंद्रे रसेल को शानदार विदाई देने से रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली। किंग्सटन के सबीना पार्क में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 15.2 ओवर में दो विकेट गंवाकर मुकाबला जीत लिया। 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने दूसरे ओवर में 13 रन के स्कोर पर ग्लेन मैक्सवेल (12) और 42 रन के स्कोर पर कप्तान मिशेच मार्श (21) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद जोश इंगलिस (33 गेंद में नाबाद 78 रन) और कैमरन ग्रीन (32 गेंद नाबाद 56 रन) ने तूफानी अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए रिकॉर्ड 131 रनों की अविजित साझेदारी हुई। वेस्टइंडीज के जेसेन होल्डर और अल्जारी जोसेफ ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले वेस्टइंडीज की शुरुआत सधी हुई रही थी। ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप ने पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी निभाई। किंग ने 36 गेंद में 51 रन बनाए। होप 13 गेंद में नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मध्यक्रम पूरी तरह विफल रहा। शिमरोन हेटमायर (14), रोस्टन चेज (16), रोवमन पॉवेल (12) और शेरफेन रदरफोर्ड (0) जल्द पवेलियन लौट गए। अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे रसेल ने 15 गेंद में दो चौके और चार छक्कों की मदद से 36 रन की पारी खेली और स्कोर 130 के पार पहुंचाया। होल्डर एक रन बनाकर आउट हुए। आखिर में गुडाकेश मोती ने नाबाद 18 रन बनाए और स्कोर 172 तक ले गए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जैम्पा ने तीन विकेट लिए, जबकि नाथन एलिस और मैक्सवेल को दो-दो विकेट मिले।






# चाइना ओपन : सिंधू ने पहली बार मियाजाकी को हराया

## सात्विक सांईराज और चिराग शेट्टी भी आगे बढ़े

**चांग्झू, जेएनएन।** ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू ने बुधवार को जापान की छठी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम 16 में प्रवेश किया। सिंधू ने शानदार शुरुआत की और लगातार सात अंक लेकर पहले गेम में 13-5 की बढ़त बना ली और फिर आसानी से यह गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में मियाजाकी ने शानदार वापसी की और लगातार नौ अंक लेकर 12-8 की बढ़त बना ली। जापान की खिलाड़ी ने यह गेम जीत कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। सिंधू ने तीसरे और निर्णायक गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और लगातार बढ़त बनाए रखकर 62 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू का सामना दूसरी बार मियाजाकी से हो रहा था। पिछले साल स्विस ओपन में वह जापानी खिलाड़ी से हार गई थीं। इस बीच सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व की 15वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को केवल 31 मिनट में 21-13, 21-9 से हराकर दमदार शुरुआत की। रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की महिला युगल जोड़ी हालांकि हांगकांग की नगा टिंग येउंग येउंग और पुई लाम येउंग से 31 मिनट में 12-21, 13-21 से हार गईं।



# भारत-श्रीलंका का ढाका में होने वाली एसीसी की वार्षिक बैठक से किनारा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) की सालाना जनरल बैठक इस बार ढाका में ही होगी, लेकिन समस्या यहीं खत्म नहीं होती। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) के पहले ही इस बैठक को बहिष्कार करने की अफवाह आ चुकी है, ये बैठक 23 और 24 जुलाई को प्रस्तावित है। अब तक ये भी साफ नहीं है कि क्या दोनों ही बोर्ड ऑनलाइन भी शामिल होंगे या नहीं। एसीसी ने भी इस बात की पुष्टि नहीं की है कि इस रीजन के पांच पूर्ण सदस्य में से ये दोनों शामिल हो रहे हैं या नहीं। खबर तो ये भी आ रही है थी कि अफगानिस्तान और ओमान भी इस बैठक में शिरकत नहीं करेंगे, लेकिन इन दोनों देशों ने बैठक में अपनी उपस्तिथि दर्ज करा दी है। इस बैठक में चर्चा का सबसे बड़ा केंद्र एशिया कप होने वाला है। आठ देशों वाला ये टूर्नामेंट इसी साल सितंबर में यूएई में प्रस्तावित है, जबकि मेजबानी का अधिकार भारत के पास है। लिहाजा भारत का इस बैठक में शामिल होने से इंकार करना एशिया कप के होने पर संशय बढ़ा रहा है। बांग्लादेश पहली बार एसीसी की कोई बड़ी बैठक की मेजबानी कर रहा है। बीसीबी के प्रेसिडेंट अमिनुल इसलाम ने कहा कि बोर्ड सिर्फ एसीसी को लॉजिस्टिकल सपोर्ट कर रहा है। उन्होंने बीसीसीआई और एसएलसी के बहिष्कार पर भी कुछ बोलने से इंकार किया। इसलाम ने कहा, एसीसी की सालाना बैठक की मेजबानी के लिए हम लोग तैयार थे। ये एसीसी का कार्यक्रम था और हम उन्हें लॉजिस्टिकल सपोर्ट कर रहे हैं।




# तन्वी, वेन्नाला और रेड्डी एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के अगले दौर में

**सोलो (इंडोनेशिया), जेएनएन।** उभरती हुई भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने बुधवार को एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के महिला एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। इस महीने की शुरुआत में आयोवा में 2025 यूएस ओपन सुपर 300 में उपविजेता रही दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी ने पहले दौर में बाई मिलने के बाद दूसरे दौर में यूएई की वैदेही कालिदासन को 21-6, 21-6 से हराया। 16 साल की यह खिलाड़ी अगले दौर में चीन की शि सी चेन से भिड़ेंगी। वेन्नाला कलागोटला और तन्वी रेड्डी एंडलुरी ने भी शानदार जीत के साथ तीसरे दौर में जगह बनाई। वेन्नाला ने कजाखस्तान की एलिसा कुलेशोवा को 21-6, 21-10 से हराया और फिर इंडोनेशिया की ऑबेर्टा जर्लिना को 21-18, 21-16 से शिकस्त दी। अब उनका सामना मलेशिया की 10वीं वरीयता प्राप्त इंग लेर की से होगा। पहले दौर में बाई हासिल करने वाली तन्वी रेड्डी ने मकाऊ की उंग चेओक इयान को 21-9, 21-10 से हराया। अब उनका सामना तीसरे दौर में थाईलैंड की तीसरी वरीयता प्राप्त यातावीमिन केटक्लिएंग से होगा। पुरुष एकल में अंश नेगी और प्रणव राम नागलिंगम तीसरे दौर में पहुंच गए। पहले दौर में बाई हासिल करने वाले नेगी ने सिंगापुर के डिंग हान जिन को 21-16, 21-15 से हराया। प्रणव भी सीधे दूसरे दौर में खेलने उतरे। उन्होंने म्यांमार के लाल जुइदिका को सीधे गेम में 21-15, 21-7 से हराया।

### मेहता और आडवाणी क्वार्टर फाइनल में, चावला बाहर

**मनामा (बहरीन), जेएनएन।** भारत के दूसरे वरीय आदित्य मेहता ने पाकिस्तान के अहसान रमजान के खिलाफ वापसी करते हुए बुधवार को विश्व 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। बेस्ट ऑफ सेवन फ्रेम के प्री क्वार्टर फाइनल में मेहता 2-3 से पिछड़ रहे थे, लेकिन उन्होंने अगले दो फ्रेम जीत मुकाबला 4-3 से अपने नाम किया। मेहता अब हमवतन मनन चंद्रा से भिड़ेंगे, जिन्होंने कतर के अहमद सैफ को 4-2 से हराया। गत चैंपियन कमल चावला को हालांकि 3-2 की बढ़त बनाने के बावजूद राउंड ऑफ 32 मुकाबले में हांगकांग चीन के फुंग क्वोक वेई से 3-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। राष्ट्रीय चैंपियन पारस गुप्ता और पंकज आडवाणी भी अंतिम आठ में जगह बना चुके हैं।



# एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला बनीं वीनस विलियम्स

## 45 साल की वीनस ने रचा इतिहास, यूटेरस की सर्जरी के बाद मैच जीतकर चौंकाया

जेएनएन, न्यूयॉर्क

सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन अमेरिका की दिग्गज वीनस विलियम्स ने 16 महीनों के बाद डीसी ओवर में पीटन स्टर्न्स को हराकर प्रतिस्पर्धी टेनिस में विजयी वापसी की। 45 साल की वीनस ने मंगलवार रात मुबाडाला सिटी डीसी ओपन 2025 के महिलो एकल मुकाबले में विश्व की 35 नवंबर की खिलाड़ी पीटन स्टर्न्स को सीधे सेटों (6-3, 6-4) में हराया। इसके साथ ही वीनस टूर-स्तरीय सिंगल्स मैच जीतने वाली इतिहास की दूसरी सबसे उम्रदराज महिला बन गईं। वीनस रिकॉर्ड बुक में केवल मार्टिना नवरातिलोवा से पीछे हैं। मार्टिना नवरातिलोवा ने 2004 में 47 साल की उम्र में एक मैच जीता था। वीनस के करियर की 818वीं और 819वीं जीत के बीच लगभग दो साल का अंतर है। यह लगभग दो वर्षों में उनकी पहली एकल जीत थी और अगस्त 2023 में सिनसिनाटी के बाद से उनकी पहली आधिकारिक मैच जीत थी। इस जीत की अहमियत इसलिए भी और बढ़ जाती है, क्योंकि वीनस ने हाल ही में यूटेरस सर्जरी जैसी गंभीर स्वास्थ्य चुनौती का सामना किया था। उन्होंने 2024 में गर्भाशय फाइब्रॉएड को हटाने के लिए सर्जरी कराई थी। वीनस ने 45 वर्ष की उम्र में सिंगल्स और डबल्स दोनों में अपने से आधी उम्र की महिलाओं को हराया। अपने पेशेवर टेनिस करियर में 30 साल पूरे करने के बाद एक मजबूत उभरती हुई खिलाड़ी और दुनिया की 35वें नंबर की खिलाड़ी पीटन स्टर्न्स को हराया। सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस 22 जुलाई 2025 को वाशिंगटन डीसी में सिटी ओपन के स्टेडियम कोर्ट पर जब उतरीं थीं तब सूरज ढल रहा था, लेकिन उन्होंने ऐसा खेला जैसे उनके करियर का सूरज उग रहा हो। वह पूरे कोर्ट में फोरहैंड और बैकहैंड से धमाकेदार प्रदर्शन कर रही थीं। वीनस ने मार्च 2024 के बाद से कोई डब्ल्यूटीए टूर मैच नहीं खेला था। उन्होंने 2023 के बाद से कोई भी मैच नहीं जीता था। डब्ल्यूटीए टूर वेबसाइट पर उनकी कोई रैंकिंग भी नहीं दी गई थी। इससे पहले सोमवार 21 जुलाई 2025 को वीनस विलियम्स ने हेली बैप्टिस्ट के साथ मिलकर सीधे सेटों में डबल्स में जीत हासिल की थी। वीनस ने 2024 में अपने पेशेवर टेनिस करियर के 30 साल पूरे किए थे।

वापसी करना आसान नहीं था। मुझे अपने शरीर पर भरोसा नहीं हो रहा था। लेकिन मैंने खुद से वादा किया था कि फिर से कोर्ट पर उतरूंगी। मैं बस यह सोच रही हूं कि छ्ह.क्र (एक अस्थायी अमेरिकी स्वास्थ्य बीमा) से छुटकारा पाने से पहले मुझे कितनी जीत की जरूरत होगी। मैंने अब तक झ्झ से नहीं पूछा है, लेकिन मुझे तब तक जीतते रहना है जब तक मेरा बीमा वापस नहीं आ जाता, इसलिए। - वीनस विलियम्स

## महाविद्यालय में वृहद वृक्षारोपण 25 जुलाई को

**सतना।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना में 25 जुलाई को प्रातः 11 बजे से नगर निगम और जिला स्तर पर एनएसएस के तत्वाधान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शासकीय महाविद्यालय सतना की एनएसएस जिला संगठक डॉ. क्रान्ति मिश्रा ने बताया कि एक पेड मां के नाम कार्यक्रम में 500 से अधिक पौधे रोपे जायेंगे।

## निरीक्षण में अनुपस्थित मिले तो होगी विधि सम्यक कार्यवाही

**सतना।** शासन के निर्देशों के अनुरूप समस्त कार्यालयों के कार्य दिवस सप्ताह में 5 दिवस सोमवार से शुक्रवार एवं कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक नियत किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने इस संबंध में आदेश जारी कर कहा है कि समस्त शासकीय अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें एवं सक्षम प्राधिकारी के अनुमति के पश्चात ही अवकाश पर प्रस्थान करेंगे।

# बिजली की समस्या से परेशान से किसानो ने किया जल सत्याग्रह

### उचेहरा जनपद क्षेत्र के लालपुर पंचायत का मामला



**जागरण उचेहरा**

जनपद के लालपुर पंचायत के अमिलिया बांध में कई दिनो से जले ट्रांसफार्मा को बदलेने को लेकर दो दर्जन से अधिक ग्रामीण साथ मे महिलाओं ने बिजली विभाग के खिलाफ नारे बाजी करते जल में चले गए इस जल सत्याग्रह के समर्थन में जिला पंचायत सदस्य विमला कोल पूर्व जनपद सदस्य करामत अली ने भी ग्रामीणों के साथ जल सत्याग्रह किया इस घटनाक्रम की जानकारी लगते ही प्रशासनिक अधिकारी भी ग्रामीणों की समस्या को हल कराने का प्रयास किया फिर भी बिजली की समस्या से परेसान ग्रमीण कुछ भी मानने को तैयार नही हुए उनकी एक ही मांग हमे बिजली दो के नारे लगाते जल सत्याग्रह किया जो काफ़ी देर तक चला चूंकि नागौद थाना के पोंडी चौकी अंतर्गत यह जल सत्याग्रह हो रहा था जानकारी लगते ही पोंडी चौकी का पुलिस बल मौके पर पहुंच ग्रामीणों को समझाइस दी फिर भी ग्रामीण अपनी मांग पर डटे रहे।

### पहले दे चुके थे ज्ञापन

जले ट्रांसफार्मा को बदलने लालपुर अमिलिया के ग्रामीण उचेहरा एस डी एम को विष्णु तिवारी आदि ने 18 जुलाईको जले ट्रांसफार्मा को बदलने का ज्ञापन दे दिया था ट्रांसफार्मा जल जाने से खासकर घरेलू बिजली बंद होने से ग्रामीण परेसान है और उस क्षेत्र के लाइन मैन युवराज सिंह सहित विधुत विभाग के सितपुरा के जेई को भी आवेदन के माध्यम से जल सत्याग्रह 23 से करने की जानकारी देने पर भी जब कोई हल नही निकला अंततः ग्रामीणों को अपने हक के लिए यह रास्ता अपनाना पड़ा।

## पंचायत उप निर्वाचन के लिए मतगणना हेतु प्रशिक्षण आज

**जागरण सतना।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वाद्ध) में पंचायतों में रिक्त सरपंच पद के ईव्हीएम से मतों की गणना 26 जुलाई को की जायेगी। ईव्हीएम से मतों की गणना के कार्य हेतु नियुक्त किये गये पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक को 24 जुलाई को दोपहर 3 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन सतना के सभागार में प्रशिक्षण दिया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स डॉ. बीके गुप्ता एवं शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के व्याख्याता डॉ. बीएल बागरी को गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक को ईव्हीएम से मतों की गणना करने के संबंध में प्रशिक्षण देने को कहा है।

## एक आदतन अपराधी जिला बदर

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 धारा-5 के अन्तर्गत जिले के एक आदतन अपराधी को सम्पूर्ण सतना जिला एवं समीपवर्ती जिला पन्ना, रीवा, मैहर की राजस्व सीमा से बाहर चले जाने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा थाना कोलगवां अंतर्गत कोलगवां मोहल्ला निवासी शिब्बू उर्फ श्रेयांश यादव पिता दिन्नी उर्फ दिनेश यादव उम्र 25 वर्ष को उपरोक्त जिलों की सीमाओं से बाहर जाकर अपना आचरण सुधारने के निर्देश देने के साथ ही बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किए एक वर्ष की कालावधि तक इन जिलों की सीमाओं में प्रवेश नहीं करने का आदेश दिया गया है।

# रामपुर पुलिस ने पकड़ी 348 पाव अवैध शराब

### धारा 34-2 के तहत अपराध दर्ज, आरोपी गिरफ्तार



**जागरण सतना।** शराब की अवैध रूप से तस्करी करने वाले आरोपियों के विरूद्ध रामपुर बाघेलान टीआई संदीप चतुर्वेदी ने कार्यवाही करते हुये 348 पाव अवैध शराब जप्त करने में सफलता पाई है। पकडी गई शराब की कीमत 41 हजार 760 रूपये बताई गई है। जबकि पुलिस ने 35 हजार रूपये कीमत के 2 नग मोबाईल जप्त किये है आरोपियों के विरूद्ध धारा 34-2 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश, एएसपी प्रेमलाल कुर्वे, एवं डीएसपी मुख्यालय मनोज दीक्षित के मार्गदर्शन में रामपुर पुलिस द्वारा की गई है।

### ये है मामला

बताया जाता है कि पुलिस को ग्राम तपा में अवैध शराब रखे होने की सूचना मिली थी जिस पर कार्यवाही करते हुये 7 कार्टूनो में भरी हुई अलग अलग तरह की 348 पाव अग्रेंजी और देशी शराब जप्त की गई है। आरोपी सूजान सिंह पिता धर्मेन्द्र सिंह पटेल उर्फ छोटू उम्र 22 साल निवासी ग्रम तपा थाना रामपुर और बादल सिंह सिंगरौल पिता रमेश कुमार सिंह उम्र 26 साल निवासी ग्राम जमुना थाना रामपुर बाघेलान के कब्जे से उक्त शराब जप्त कर दोनो को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में रामपुर टीआई ने शराब और मोबाईल फोन मिलाकर कुल 76 हजार 760 रूपये की सामग्री जप्त की है।




# नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के अंतर्गत दिलाई शपथ, सम्मान समारोह भी हुआ



**जागरण सतना।** 30 जुलाई तक प्रदेशव्यापी नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है ज़रूरी का संचालन किया जा रहा है। इस क्रम में सतना पुलिस द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में एएसपी शिवेश सिंह बघेल एवं सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन तथा डॉ लक्ष्मी मोहनानी कंसल्टेंट फिजिशियन गैस्ट्रो एवं लिवर स्पेशलिस्ट के सहयोग से संपन्न हुआ। 23 जुलाई को उमा रेजीडेंसी में नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों स्वयंसेवी संस्थाओं युवाओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने और समाज को भी इसके दुष्परिणामों से अवगत कराने की शपथ ली। डॉ लक्ष्मी मोहनानी कंसल्टेंट फिजिशियन गैस्ट्रो एवं लिवर स्पेशलिस्ट आयोजक डॉ राकेश अग्रवाल अध्यक्ष सतना डॉ संगीता जैन मनोचिकित्सक श्रीमती नमामि मिसेज कलेक्टर सतना, श्रीमती राखी होतचंदानी स्वयंसेविका निरीक्षक सुदीप सोनी थाना प्रभारी कोलगावां निरीक्षक पंकज शुक्ला थाना प्रभारी यातायात एवं निरीक्षक श्वेता मौर्या महिला थाना प्रभारी सतना एवं स्टाफ महिला आरक्षक निधि सिंह, मनीषा तिवारी चालक प्रधान आरक्षक जुगल किशोर त्रिपाठी यह आयोजन सतना जिले को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।










## प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी

**जागरण सतना।** तहसील रामनगर अंतर्गत ग्राम खारा पोस्ट बडा इटमा के आवेदक वृन्दावन मिश्रा द्वारा जनसुनवाई में शिकायत की गई है कि हल्का खारा में प्रतिवेदित शासकीय आराजी नम्बर 390 के अंशभाग पर प्राचार्य राजू साकेत द्वारा अवैध मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है। अपर कलेक्टर मैहर शैलेन्द्र सिंह ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडा इटमा न्यू रामनगर के प्राचार्य राजू साकेत को नोटिस जारी करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाकर अपनी रिपोर्ट 3 दिवस में कार्यालय में समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com